नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 62 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



ब्रिटेन में 16 साल की उम्र में युवा दे सकेंगे वोट

संक्षिप्त समाचार

दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची में नशा कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की सतर्कता और पूर्व तस्करों की काउंसलिंग का सीधा लाभ मिलते हुए, तुपुदाना इलाके से दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से करीब दो किलो अफीम बरामद हुआ है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तुपुदाना ओपी क्षेत्र स्थित वास्तु विहार के पास दो व्यक्ति अफीम की बिक्री की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम को कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। टीम जब वास्तु विहार कैंपस पहुंची तो मुख्य गेट से लगभग 100 मीटर अंदर दो युवक बाइक पर बैठे दिखे। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से अफीम बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कैलाश मुंडा और सुगना मुंडा के रूप में हुई है, दोनों खूंटी जिले के निवासी हैं।

सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

कोडरमा/नबिटा ब्यूरो। रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी के नौवां माइल स्थित बंदरचुआं के पास गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल है। हादसा उस वक्त हुआ जब कोडरमा प्रखंड के मेघातरी गांव के चार लोग ताराघाटी की ओर जा रहे थे। इनमें से दो पैदल थे जबकि दो बाइक पर सवार थे। इसी दौरान बिहार की ओर जा रहा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर सभी को रौंदता हुआ निकल गया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कंटेनर का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ऑस्ट्रेलिया से देवघर पहुंचे चार भक्त

देवघर/नबिटा ब्यूरो। देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम, सावन माह में सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। यहां ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर से चार भक्त बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने विधिवत जलाभिषेक कर बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। ये सभी श्रद्धालु ऋषिकेश स्थित सत्यम वैदिक योग स्कूल के संचालक योगाचार्य सोमदत्त अमोली के सान्निध्य में भारत भ्रमण पर निकले हैं। उनके साथ स्टेफनी ऑगस्टीन, डेनियल ऑगस्टीन, एलिसा डालजैक और मार्कस ऑगस्टीन ने भी बाबा बैद्यनाथ के दर्शन किए।

गुंडाबिहार-चांडिल रेल बायपास और फ्लाईओवर को मिली मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। झारखंड के रेल यात्रियों और माल परिवहन के लिए राहतभरी खबर है। रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत गुंडाबिहार एंड से चांडिल तक नई बायपास रेल लाइन और रेल फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की कुल लंबाई 10.6 किलोमीटर होगी और इसके निर्माण पर लगभग 343.97 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह बायपास लाइन चांडिल स्टेशन पर बन रहे रेल फ्लाईओवर के जरिए गुंडाबिहार से आने वाली ट्रेनों को सीधे आगे बढ़ने की सुविधा देगी। वर्तमान में चांडिल स्टेशन पर ट्रेनों को सतह क्रॉसिंग के कारण रुकना पड़ता है, जिससे आद्रा और रांची की दिशा में ट्रेनों के संचालन में बाधा आती है। प्रस्तावित फ्लाईओवर और बायपास लाइन से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, परियोजना के पूर्ण होने के बाद पहले से संतृप्त चक्रधरपुर-चांडिल-आद्रा मार्ग की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे माल और यात्री ट्रेनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित होगी। अनुमान है कि अगले एक दशक में इस खंड पर यातायात में भारी वृद्धि होगी, जिसे देखते हुए यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह बायपास रेल परियोजना चक्रधरपुर-आद्रा और चक्रधरपुर-रांची रेल गलियारों के बीच निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। इसके साथ ही, यह पहले से स्वीकृत तृतीय एवं चतुर्थ लाइन परियोजनाओं से भी जुड़ी रहेगी, जिससे सम्पूर्ण रेल नेटवर्क की क्षमता, दक्षता और सुरक्षा में व्यापक सुधार होगा। रेलवे का कहना है कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास की गति भी तेज होगी। माल ढुलाई की निर्बाध सुविधा से औद्योगिक क्षेत्रों को भी लाभ पहुंचेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि यह परियोजना हमारे नेटवर्क के दीर्घकालिक विकास और रणनीतिक विस्तार का हिस्सा है। इससे रेल संचालन की समयबद्धता, सुरक्षा और क्षमता तीनों में सुधार होगा।''

फुटबॉलर दिव्यानी को मिलेगा पक्का घर, डीसी ने दी स्वीकृति

रांची/नबिटा ब्यूरो। अंतरराष्ट्रीय महिला फुटबॉलर दिव्यानी लिंडा के जर्जर घर की स्थिति पर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए दिव्यानी को बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना के तहत पक्का मकान आवंटित करने की मंजूरी दे दी है। फिलहाल दिव्यानी बेंगलुरु में भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के कैंप में शामिल हैं और देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वे सैफ कप समेत कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी भारत के लिए खेल चुकी हैं। दिव्यानी का परिवार अब तक मिट्टी व लकड़ी के बने एक जर्जर मकान में रह रहा था, जिसकी दीवारें बारिश में गिरने लगती थीं और छत टिन व प्लास्टिक की चादरों से ढकी हुई थी। पिता की मृत्यु के बाद मां प्रतिमा देवी दिहाड़ी मजदूरी कर बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। बीमार भाई और दो बहनों के साथ यह परिवार बेहद कठिन परिस्थितियों में जी रहा था। पीएम आवास और अबुआ आवास योजना में कई बार आवेदन के बावजूद मदद नहीं मिली थी। अब दिव्यानी को मैदान के साथ-साथ ज़िंदगी की जंग में भी बड़ी राहत मिली है।

पंचायत विकास में लोहरदगा अव्वल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी पंचायत उन्नति सूचकांक में झारखंड के लोहरदगा जिले ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले को 59.37 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। दूसरे स्थान पर खूंटी (59.27%), तीसरे पर पश्चिम सिंहभूम (56.48%), चौथे पर धनबाद (54.15%) और पांचवें स्थान पर जामताड़ा (53.91%) रहा। वहीं, राज्य का सबसे खराब प्रदर्शन सरायकेला-खरसावां जिले का रहा, जिसे केवल 42.36 प्रतिशत स्कोर मिला। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड की स्थिति संतोषजनक नहीं रही। राज्य की 4297 ग्राम पंचायतों में से 4281 ने अपना डाटा सूचकांक में शामिल किया, जिसमें से 375 पंचायतों को उ ग्रेड, 3229 को ए ग्रेड और 677 को कग्रेड प्राप्त हुआ। ए प्लस श्रेणी में देश के किसी पंचायत को स्थान नहीं मिला। ए ग्रेड में गुजरात के 346 और तेलंगाना के 270 पंचायत शामिल हुए हैं।

पंचायत उन्नति सूचकांक में नौ प्रमुख क्षेत्रों–गरीबी मुक्त आजीविका, स्वास्थ्य, बाल कल्याण, जल व्यवस्था, स्वच्छता, बुनियादी ढांचा, सामाजिक न्याय, सुशासन और महिला सशक्तिकरण–पर पंचायतों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। राज्य में पंचायत विकास में बेहतर कार्य करने वाले मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों को बुधवार को आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी ने पंचायत प्रतिनिधियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगली बार पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में झारखंड की भागीदारी और बेहतर हो, इसके लिए डाटा अद्यतन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।



बिहार को आज कई योजनाओं की सौगात देंगे पीएम मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जुलाई को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। वह सुबह 11:30 बजे मोतिहारी जिले में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वह पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और दोपहर 3 बजे दुर्गापुर में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सम्पर्क और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें समस्तीपुर-बछवाड़ा रेल लाइन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग शामिल है, जिससे इस खंड पर कुशल रेल संचालन संभव होगा। दरभंगा-थलवाड़ा और समस्तीपुर-रामभद्रपुर रेल लाइनों का दोहरीकरण, 580 करोड़ रुपये से अधिक की दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण परियोजना का हिस्सा है और इससे रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी और देरी में कमी आएगी। प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। रेल परियोजनाओं में पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव हेतु बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। भटनी-छपरा ग्रामीण रेल लाइन पर स्वचालित सिग्नलिंग से सुव्यवस्थित रेल संचालन संभव होगा। 4,080 करोड़ रुपये की लागत वाली दरभंगा-नरकटियागंज रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना से रेल लाइन की क्षमता बढ़ेगी। अधिक यात्री और मालगाड़ियों का संचालन संभव होगा और उत्तर बिहार और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क मज़बूत होगा। क्षेत्र में सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री एनएच-319 पर 4-लेन के आरा बाइपास की आधारशिला रखेंगे जो आरा-मोहनिया एनएच-319 और पटना-बक्सर एनएच-922 को जोड़ेगा, जिससे निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री 820 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले एनएच-319 के परारिया से मोहनिया तक 4-लेन वाले खंड का भी उद्घाटन करेंगे। यह एनएच-319 का वह हिस्सा है जो आरा शहर को एनएच-02 से जोड़ता है। इससे माल और यात्री यातायात में सुधार होगा। इसके अलावा, एनएच-333सी पर सरवन से चकाई तक पक्की सड़क के साथ 2-लेन का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे माल और लोगों की आवाजाही सुगम होगी और बिहार और झारखंड के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगा। प्रधानमंत्री दरभंगा में नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया और पटना में एसटीपीआई की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधा का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बिहार में मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र को मज़बूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मंजूर मत्स्य विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला का उद्घाटन करेंगे। भविष्य के लिए तैयार रेलवे नेटवर्क की अपनी कल्पना के अनुरूप, प्रधानमंत्री राजेन्द्र नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली, दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर) और मालदा टाउन से लखनऊ के बीच भागलपुर के रास्ते चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। प्रधानमंत्री दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहार में लगभग 61,500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ भी जारी करेंगे। महिला-नेतृत्व वाले विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री 12 हजार लाभार्थियों के गृह प्रवेश के तहत कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपेंगे और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 40 हजार लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करेंगे।

अवैध खनन -परिवहन के मार्गों पर रखें विशेष निगरानी : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मेदिनीनगर (पलामू)। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डीसी ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन व खनन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली। डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जून महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कूल 15 वाहनों को जब्त किया गया। साथ ही 9 लाख 62 हज़ार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया। वहीं कूल आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। इसी तरह वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े चार वाद दायर किया गया है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 18 वाहनों को जब्त कर 7 लाख 89 हज़ार रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावे अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गयी कार्रवाई में 30 वाहन ज़ब्त किये गए। इसमें सबसे अधिक पाटन नवाजयपुर में 6 वाहन ज़ब्त किये गये हैं। इसी क्रम में डीएमओ ने बताया कि विभिन्न अंचलो में अवैध बालू उठाव को रोकने को लेकर 17 स्थानों पर ट्रेंच कटिंग की कार्रवाई की गयी है। वहीं 24 चौकीदारों की नियुक्ति की गयी है। इसके अलावे पत्थर खनिज से जुड़े 55 लाइसेंस को रद्द किया गया है। पत्थर खनिज के रद्द किये गये खनन पट्टों की संख्या 9 है। बैठक में जिन अंचलों से संयुक्त कार्रवाई का प्रतिवेदन नहीं भेजा गया है। उन अंचलाधिकारियों से हर माह ससमय रिपोर्ट भेजने की का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैध खनन स्थलों को चिन्हित कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैध खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी, एएसपी, अपर समाहर्ता, छत्तरपुर एसडीएओ, हुसैनाबाद एसडीओ सहित सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

बिहार :125 यूनिट मुफ्त बिजली का तोहफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजनीति में इन दिनों बिजली की तरह गर्मी बढ़ गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी रण में उतरने से पहले प्रदेश की 14 करोड़ जनता को एक बड़ी सौगात देकर सियासी बिसात पर नया पासा फेंका है। उन्होंने ऐलान किया है कि 1 अगस्त 2025 से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। यह योजना जुलाई के बिल से ही प्रभावी होगी और इससे करीब 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को सीधा लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि हम शुरू से ही सस्ती दरों पर बिजली दे रहे हैं। अब तय किया गया है कि 1 अगस्त से 125 यूनिट तक की बिजली मुफ्त होगी। लोगों को इसका असर जुलाई बिल में ही दिखने लगेगा।

हर घर बिजली, अब सोलर भी

नीतीश कुमार ने यह भी ऐलान किया कि अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की सहमति से उनके घरों की छतों या आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए इसकी पूरी लागत राज्य सरकार वहन करेगी। शेष उपभोक्ताओं को भी सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2028 तक राज्य में 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता विकसित की जाए, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आएगी और प्रदूषण भी घटेगा।

चुनाव से पहले बड़ा मास्टरस्ट्रोक

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला नीतीश सरकार का चुनावी 'गेमचेंजर' साबित हो सकता है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के करोड़ों मतदाताओं पर सीधा असर होगा।

दुमका के बेदिया गांव में दस दिनों में चार मौतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



दुमका। जिले के जरमुंडी प्रखंड स्थित बेदिया गांव में दस दिनों के भीतर चार ग्रामीणों की मौत से हड़कंप मच गया है। मृतकों में बबलू किस्कू, संगीता मरांडी, अरविंद सोरेन और सोना बास्की शामिल हैं। इस मामले की सूचना ग्रामीणों ने पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को दी, जिन्होंने इसे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी तक पहुंचाया। स्वास्थ्य मंत्री ने तुरंत दुमका उपायुक्त को निर्देशित किया कि मामले की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट सौंपें। उपायुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में मेडिकल कैंप लगाया और लोगों की व्यापक जांच की। जांच के बाद सिविल सर्जन डॉ. कमलेश्वर प्रसाद ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति में डायरिया के लक्षण नहीं पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि गांव का दौरा करने के बाद स्वास्थ्य टीम ने पाया कि मौजूदा मौतें डायरिया से जुड़ी नहीं हैं। फिलहाल, मामले की जांच जारी है और स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है। गांव में एहतियातन मेडिकल कैंप जारी रहेगा।

अस्पताल में इलाजरत कैदी की गोली मार कर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। राजधानी पटना में एक बड़े निजी अस्पताल में सोमवार सुबह उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब पांच की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने वहां इलाजरत कैदी चंदन मिश्रा पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में चंदन की मौके पर ही मौत हो गई। चंदन मिश्रा बक्सर का रहने वाला था और उस पर हत्या सहित कई संगीन अपराधों के 10 से अधिक मामले दर्ज थे। वह 2024 से पटना के बेऊर जेल में बंद था। तबीयत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए पैरोल पर छोड़ा गया था। इलाज के दौरान वह पारस अस्पताल के कमरा नंबर 209 में भर्ती था। घटना की सूचना मिलते ही शास्त्री नगर थाना की पुलिस, पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा और पटना रेंज के आईजी जितेंद्र राणा मौके पर पहुंचे। अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि चंदन मिश्रा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। कई राउंड फायरिंग हुई है। गैंगवार की आशंका है। सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान की जा रही है। उनकी तस्वीरें सभी थानों को भेजी गई हैं। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने एनटीपीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। वे 1 अगस्त 2025 से अपने सेवानिवृत्त होने की तिथि के बाद भी 31 जुलाई 2026 तक अनुबंध के आधार पर पद पर बने रहेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने इस संबंध में बिजली मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नियुक्ति का कार्यकाल या तो एक वर्ष तक रहेगा, या फिर नियमित नियुक्ति होने तक, अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, नियुक्ति की शर्तें बिजली मंत्रालय और सार्वजनिक उद्यम विभाग के बीच परामर्श के बाद तय की जाएगी। गुरदीप सिंह एनटीपीसी में बीते कई वर्षों से शीर्ष पद पर हैं और उनके नेतृत्व में कंपनी ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी कई नए कदम उठाए हैं। उनके कार्यकाल विस्तार को ऊर्जा क्षेत्र में अनुभव और नेतृत्व की निरंतरता से जोड़कर देखा जा रहा है।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

भागलपुर, एजेंसी। वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अवर न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में बैंकरों की बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल के सभी राष्ट्रीयकृत बैंक के सभी शाखा प्रबंधक व बीएसएनएल के पदाधिकारी मौजूद रहे। अवर न्यायाधीश ने निर्देश देते कहा की बैंक लोन सहित अन्य वादों का विवाद पूर्व निपटारा होगा। पंचायत स्तर पर हाट बाजर में ई रिक्शा से प्रचार हेतु बैंकर्स को निर्देश दिया गया।

बैंकर्स ने बताया कि लोगों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क खोला गया है। अब तक 200 से ज्यादा नोटिस का तामीला किया जा चुका है। प्राधिकार के अध्यक्ष सह अवर न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार, अवर न्यायाधीश तृतीय तस्नीम कौशर और मुंसिफ सह सचिव प्रज्ञा मिश्रा ने बैंकरों से मामले के निष्पादन में लचीला रुख अपनाते हुए अधिक से अधिक मामलों को लाने का निर्देश दिया।

अध्यक्ष आखिलेश कुमार ने पोस्ट लिटिगेशन और न्यायालय में लंबित मनी सूट के निपटारे के लिए विशेष निर्देश दिया और कहा कि बैंकर प्री सिटिंग करते हुए निपटारे का प्रयास करें। अवर न्यायाधीश तृतीय तस्नीम कौशार ने कहा कि हर बार की भांति इस बार भी बेहतर काम करने वाले बैंकरों को जन सेवा का कार्य को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन प्राधिकार के मनीष पांडे ने किया।

गया जी में जून 2027 तक तैयार होगा धर्मशाला

गया, एजेंसी। गया जी में जून 2027 तक बनकर तैयार होगा धर्मशाला डीएम ने बुधवार को धर्मशाला और रोप-वे का किया निरीक्षण चार एकड़ से अधिक में बन रहे धर्मशाला में 1080 लोगों के ठहरने की होगी व्यवस्था - निरीक्षण गया, प्रधान संवाददाता गया जी में चांद चौरा के पास बन रहा भव्य धर्मशाला जून 2027 तक बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। बुधवार डीएम शशांक शुभंकर ने यहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया।

यह धर्मशाला 4.38 एकड़ में 1080 श्रद्धालुओं को ठहरने की क्षमता वाला है। इसके अलावा यहां 230 छोटे और 18 बड़े वाहन पार्क किए जा सकेंगे। डीएम ने बताया कि यहां श्रद्धालुओं के लिए भोजन कक्ष, लिफ्ट आदि की सुविधाएं रहेंगी। कर्मचारी और चालकों के ठहरने के लिए भी कमरे बनाए जा रहे हैं। डीएम ने काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है जिससे समय से इसे पूरा किया जा सके। रोप वे निर्माण का किया निरीक्षण डीएम ने ब्रह्मयोनि पहाड़ के पास बन रहे रोप-वे का निरीक्षण किया। यहां पर्वत पर पहुंचने के लिए 424 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।

इस पर्वत श्रृंखला में तीन पर्वत शिखर है। मध्य पर्वत शिखर बौद्ध सर्किट से संबंधित है। पर्यटक यहां सुविधा से पहुंच सके, इसके लिए पर्यटन विभाग यहां रोपवे का निर्माण करवा रहे हैं। बताया गया कि लोवर टर्मिनल पॉइंट में 18 कॉलम में से 16 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। दो कॉलम का कार्य बचा है।

गंगा में डूबने से आपदा मित्र की हुई मौत के बाद परिजनों को मिला चेक

भागलपुर, एजेंसी। नमामि गंगा घाट पर शनिवार को गंगा में डूबने से शाहाबाद निवासी आपदा मित्र अभय राज की मौत के बाद बुधवार को एसडीएम विकास कुमार, बीडीओ संजीव कुमार,नप सभापति राजकुमार गुड्डू इत्यादि ने मृतक की मां किरण देवी को चार लाख रुपये का चेक दिया।

बीडीओ ने मुख्यमंत्री परिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली 20,000 रुपये दिए जाने का आश्वासन दिया। मौके पर आरओ, सहित पार्षद एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पीके का दावा- हम आए तो शराबबंदी हटेगी, लोग बोले-कभी ना हटे

खान सर ने कहा- शर्म आनी चाहिए, अपने बेटों को शराब पिलाओगे?

पटना, एजेंसी। बिहार चुनाव से पहले शराबबंदी पर एक बार फिर से राजनीतिक बहस छिड़ गई है। चुनावी रणनीतिकार से जन सुराज पार्टी बनाकर नेता बने प्रशांत किशोर प्रदेश की 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं। पीके का दावा है कि उनकी सरकार बनने के एक घंटे बाद ही शराबबंदी कानून को हटा लिया जाएगा। वहीं भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बिहार में शराबबंदी को फेल बताया और कहा कि ये फैसला सही नहीं है। इससे काफी नुकसान हुआ है। इन बयानबाजी के बीच फेमस शिक्षक खान सर ने शराबबंदी हटाने वाले बयान को 'बेशर्मी वाली बात' बताई है।

पीके पर खान सर ने इशारों में किया तंज - खान सर ने बिना प्रशांत किशोर का नाम लिए कहा कि, जो भी लोग ऐसा कह रहे हैं, वो बहुत ही उटपटांग बोल रहे हैं। एक मुख्यमंत्री एक राज्य का गार्जियन होता है। उनकी बातों को आप कैसे काट सकते हैं। अब आप लोग ही सोचिए, अगर मैं पढ़ते समय आपसे यह कहूं कि कल से मैं क्लास में शराब बांट दूंगा, तो क्या यह सही होगा? मेरा जो दायित्व अपने क्लास और स्टूडेंट्स को लेकर है, वही एक मुख्यमंत्री का दायित्व राज्य को लेकर होता है। खान सर ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री का काम होता है राज्य का दिशा-निर्देश तय करना, जैसे शिक्षक का काम होता है अपनी क्लास का दिशा-निर्देश तय करना। उन्होंने कहा कि, अगर इतनी ही शराबबंदी पर लगाम हटाने की जल्दी है तो अपने बेटा को शराब पिलाओ।

सरकार बनी तो 1 घंटे में खत्म होगी शराबबंदी – दरअसल, बिहार में पदयात्रा के बाद जन सुराज पार्टी की बनाने वाले प्रशांत किशोर लगातार शराबबंदी पर सवाल उठा रहे हैं। प्रशांत किशोर आए दिन अपने भाषण में यह कहते नजर आते हैं कि, अगर जन सुराज की सरकार बनी तो एक घंटे के अंदर शराबबंदी कानून को वापस ले लिया जाएगा। शराबबंदी हटाने को लेकर प्रशांत किशोर का अपना तर्क भी है। उनका कहना है कि, बिहार में शराबबंदी केवल नाम की है। शराब की होम डिलीवरी हो रही है। वो उदाहरण देकर बताते हैं कि, जिस शराब की कीमत 100 रुपए है वो बिहार में



होम डिलीवरी के बाद 300 में मिलती है। शराबबंदी के नाम पर एक बड़ा नेटवर्क खड़ा हो गया। प्रशांत किशोर शराबबंदी को बढ़ते क्राइम ग्राफ से भी जोड़ते हैं।

पवन सिंह को भी शराबबंदी पसंद नहीं – प्रशांत किशोर के बाद भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने भी बिहार में शराबबंदी को गलत बताया है। पवन सिंह ने हाल में एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि, पूरी तरह शराबबंदी करना ठीक नहीं है। इसकी एक सीमा तय करनी चाहिए थी। अगर कोई लिमिट पार करता है तो उसके लिए सख्त कानून बनाना चाहिए था। तेजस्वी ने ताड़ी पर से बैन हटाने का वादा किया वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी शराबबंदी कानून को 'मिसयूज' और 'अप्रभावी' करार दिया था। उनका कहना था कि इस कानून का उपयोग अब पुलिस और भ्रष्ट ताकतें वसूली के लिए कर रही हैं। तेजस्वी ने कहा था कि उनकी सरकार बनी तो ताड़ी को बैन से बाहर रखा जाएगा, लेकिन शराबबंदी बनी रहेगी। तेजस्वी यादव ने ताड़ी को गरीबों की पारंपरिक आजीविका का हिस्सा बताते हुए कहा था कि इसे बैन करने का कोई औचित्य नहीं है।

मांझी भी कह चुके हैं – थोड़ी-थोड़ी पिया करो हम पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी भी एनडीए में रहते हुए कई बार शराबबंदी को लेकर सवाल उठा चुके हैं। कई मौके पर वो ये कह चुके हैं कि थोड़ी-थोड़ी पिया करो। मांझी ने यहां तक कहा था कि, शराबबंदी में केवल निचले तबके के लोग पकड़े जाते हैं। बिहार के बड़े अधिकारी या नेता रात में 10 बजे के बाद पीते ही हैं। गृहिणी पुष्पा देवी ने कहा, शराबबंदी जैसे अभी है, वैसे ही रहनी चाहिए। इससे घर-परिवार में शांति है। अच्छा लगता है कि घर में कोई शराब नहीं पीता है। टीचर राज कुमार सिंह ने कहा, प्रशांत किशोर का यह कहना बिल्कुल सही नहीं है। शराबबंदी के बाद बिहार में काफी सुधार हुआ। अगर फिर से शराब चालू हो जाएगी तो लोग सड़कों पर शराब पी-पीकर गिरने लगेंगे। बिजनेसमैन आनंद कुमार बोले, प्रशांत किशोर की सरकार बनेगी ही नहीं तो वो शराबबंदी कैसे हटाएंगे। यह तो दिन को रात कहने वाली बात हो गई। लोअर क्लास और मिडिल क्लास को इससे बहुत फायदा हुआ है।

2016 में बिहार में लागू हुई शराबबंदी – नीतीश सरकार ने बिहार में 2016 में शराबबंदी कानून को लागू किया। 2024 में सरकार की तरफ से जो आंकड़े जारी किए गए थे। उसके मुताबिक बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद 8 साल में 12 लाख 79 हजार लोग गिरफ्तार हुए। अब तक इस कानून के तहत 8 लाख 43 हजार से ज्यादा एफआईआरदर्ज की की गई हैं। इतना ही नहीं शराबबंदी वाले राज्य में 8 साल में 3 करोड़ की 46 लाख लीटर शराब भी बरामद हुई है। इसके साथ जहरीली शराब से 266 लोगों की मौत की बात सामने आई, लेकिन जांच में 156 की पुष्टि हुई है। ये आंकड़े मद्य निषेध विभाग की तरफ से जारी किए गए थे।

नवादा में महादलित युवती से गैंगरेप, 4 आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ से इलाज करा कर लौटी थी, ई-रिक्शा ड्राइवर ने दोस्तों के साथ मिलकर की दरिंदगी

नवादा, एजेंसी। नवादा में मंगलवार को एक महादलित युवती के साथ गैंगरेप किया गया है। जानकारी के अनुसार घटना तब हुई जब वह लखनऊ से इलाज कराकर ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। जहां अपराधियों ने उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही, पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 18 घंटे के अंदर सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार,युवती लखनऊ में अपना इलाज करवा रही थी।

वहां से लौटने के बाद वह गयाजी में अपने रिश्तेदार के घर रुकी थी। अगले दिन सुबह उसके परिवार वालों ने उसे नवादा जाने वाली बस में बैठा दिया। सुबह करीब 8:30 बजे वह नवादा के



सद्भावना चौक पर पहुंची। वहां से उसने घर जाने के लिए एक ई-रिक्शा लिया। ई-रिक्शा चालक ने रास्ते में अपने दो और साथियों को बुला लिया।

फिर वे सब मिलकर युवती को रसूलनगर के एक सुनसान घर में ले गए। वहां एक और आदमी पहले से मौजूद था। चारों ने मिलकर युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसका मोबाइल छीनकर उसे वहां से भगा दिया। सभी आरोपी गिरफ्तार नवादा के सदर एसडीपीए-1 हुलास कुमार ने इस घटना के बारे में कहा कि एक युवती को झांसा देकर चार युवकों ने नवादा में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

पकड़े गए लोगों में मुमताज मंसूरी, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अरमान और मोहम्मद साबिर शामिल हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपी नवादा के नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बताया कि सभी साक्ष्यों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपियों को स्पीड ट्रायल के तहत सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल युवती पुलिस की सुरक्षा में है और सभी आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

कटिहार में कहा-9वीं पास बेटे को राजा बनाना चाहते हैं लालू यादव

मंदिर-जाति के लिए नहीं, शिक्षा-रोजगार पर करें मतदान: प्रशांत किशोर

कटिहार, एजेंसी। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कटिहार के प्राणपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने अब तक मंदिर और जाति के लिए वोट दिया, लेकिन बच्चों के भविष्य के लिए नहीं।प्रशांत किशोर ने कहा कि मंदिर के लिए वोट दिया तो वो बन गया। जाति के नाम पर वोट दिया तो नीतीश कुमार ने जाति गणना करवा दी। लेकिन बच्चों के लिए वोट नहीं दिया, इसलिए वे गुजरात की फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं।

उन्होंने तीन सालों में हजारों गांवों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि आज भी कई बच्चों के पास पहनने के लिए कपड़े और चप्पल नहीं हैं। लालू यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे अपने 9वीं पास बेटे को राजा बनाना चाहते हैं। जबकि आम लोगों के डिग्रीधारी बच्चे बेरोजगार हैं। सीमांचल के विकास पर सवाल



उठाते हुए उन्होंने कहा कि लोग मुफ्त अनाज और बिजली की बात कर रहे हैं। लेकिन युवाओं के पास रोजगार नहीं है। बिहार में भ्रष्टाचार व्याप्त है और बदलाव की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन पर सैकड़ों करोड़ खर्च होते हैं। लेकिन न रोजगार मिलता है, न चीनी मिल चालू होती है और न ही शिक्षा में सुधार होता है।

केस हटाने के बदले रिश्वत लेने पर रक्सौल एसडीपीओ निलंबित

चंपारण डीआईजी ने की कार्रवाई, व्यवसायी से पैसे लेकर केस हटाने का था आरोप



रक्सौल, मोतिहारी, एजेंसी। बिहार सरकार ने रक्सौल के एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उन पर भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप सिद्ध हुए हैं। चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने जांच में पाया कि धीरेंद्र कुमार ने एक कपड़ा व्यवसायी टुन्ना प्रसाद के मामले में दलाल के जरिए रिश्वत ली। व्यवसायी के खिलाफ दर्ज मामले से नाम हटाने के लिए यह रिश्वत ली गई। जांच में यह भी सामने आया कि एसडीपीओ ने कई मामलों में बिना उचित जांच-पड़ताल के पर्यवेक्षण आदेश जारी किए। यह पुलिस नियमों का उल्लंघन था। इन आरोपों के बाद पहले उन्हें रक्सौल से हटाकर मुख्यालय भेज दिया गया था। नीतीश सरकार की यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख दिखाती है। पुलिस विभाग में यह संदेश गया है कि पद की परवाह किए बिना नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी।

बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री, चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने दी एक और राहत

पटना, एजेंसी। बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दे दी है। बिहार में 125 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान किया गया है। सीएम नीतीश ने खुद एक्स पर इस बात की जानाकरी दी है। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, हमलोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन



वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।

शिक्षक भर्ती परीक्षा कराने का आदेश – आपको बता दें कि इससे पहले बुधवार को भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अहम निर्देश दिया था। सीएम नीतीश कुमार के इस निर्देश से बिहार में सरकारी टीचर बनने की आस में बैठे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली थी। सीएम नीतीश कुमार ने इसकी भी जानकारी एक्स पर दी थी। सीएम ने बताया था, 'हमने शिक्षा विभाग को कहा है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना तुरंत कर ली जाए और इस पर नियुक्ति के लिए TRE 4 की परीक्षा शीघ्र लेने की कार्रवाई की जाए। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा।'

भागलपुर में गंगा का कटाव बढ़ा:एक कट्ठा जमीन नदी में समाई

- बांस के पेड़ और मिट्टी भरकर ग्रामीण खुद रोक रहे पानी

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर के टपुआ गांव में गंगा नदी का कटाव लगातार बढ़ रहा है। बुधवार रात गांव की करीब एक कट्ठा उपजाऊ भूमि कटकर गंगा में समा गई, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालात यह हैं कि अब कटाव से गांव की बस्ती को भी खतरा है। गांव के लोगों ने बुधवार को स्वयं ही रस्सी, बांस और अन्य सामग्री से कटाव रोकने की कोशिश की। लेकिन गंगा की तेज धारा के आगे ये उपाय



बेअसर साबित हुए। ग्रामीण प्रकाश यादव ने बताया कि जब समय था तब सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। अब खानापूर्ति की जा रही है, पर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। कटाव से हम परेशान है। जमीन कट जाता है तो खाने के लिए नहीं मिलता है। सरकार से हम मांग करते है कि स्थिति को ठीक किया जाए। कटाव का काम हो। ग्रामीणों का आरोप है कि कटावग्रस्त क्षेत्र में न तो कोई स्थायी और न ही अस्थायी सुरक्षा काम किया गया। इसका नतीजा है कि कटाव ने तेजी पकड़ ली है।

फसलें बर्बाद हो गई हैं और पशुओं के लिए चारा व लोगों के लिए शुद्ध पानी की भारी किल्लत हो गई है। ग्रामीण का कहना है कि प्रशासन ने कोई काम नहीं किया है। मुआवजे और राहत कार्य की मांग ग्रामीणों ने मांग की है कि कटावरोधी काम तुरंत शुरू किया जाए और जिन किसानों की जमीन गंगा में समा गई है।

उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। लोगों का कहना है कि अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर आया है और न ही कोई राहत काम शुरू हुआ है। इससे लोगों की आजीविका पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। अंचलाधिकारी मनोहर कुमार ने बताया कि जांच के लिए गए हुए थे, कटाव को रोकने के लिए बालू भरकर बोरिया दिया जा रहा है।

मोतिहारी में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

खेलते समय गहरे पानी में गिरे, सीओ ने मुआवजे का दिया आश्वासन

मोतिहारी, एजेंसी। मोतिहारी में केसरिया थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बुधवार की शाम पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे घर के पास तालाब के किनारे खेल रहे थे। खेलते समय वे फिसलकर गहरे पानी में चले गए। इससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी राकेश राय के बेटे आलोक कुमार(5) और बेटी अन्या कुमारी(4) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, तीन भाई-बहनों में ये दोनों सबसे छोटे थे। घटना की सूचना पर केसरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शवों को तालाब से निकाला गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव के सभी सार्वजनिक तालाबों की घेराबंदी की मांग की है।

उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। जांच में जुटी पुलिस थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित परिवार को मिलेगा मुआवजा अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी नियम के अनुसार मृतक बच्चों के परिवार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

श्री विद्या त्रिकोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ में दी गई 8 करोड़ आहुतियां

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। शहर के कन्हौली स्थित खादी भंडार सभागार में स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण में श्री विद्या त्रिकोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ शुरू हो गया। महायज्ञ में बुधवार तक महिलाओं और श्रद्धालुओं ने करीब आठ करोड़ आहुतियां दी। बिहार के विकास, देश की प्रगति, विश्व शांति और लोक कल्याण के उद्देश्य से आयोजित महायज्ञ में प्रतिदिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। महायज्ञ में बुधवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शामिल हुए। उन्होंने बिहार और भारत की तरक्की के लिए मां ललिता से कामना की।

कहा कि पूरे देश में स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी और युवा चेतना के संयोजक रोहित कुमार सिंह सनातन धर्म के विस्तार का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि ललिता मां जागृत देवी हैं, इनका अनुसरण सबको करना चाहिए। सनातन धर्म हमारी शक्ति है। कहा की सिंदूर महायज्ञ में सामाजिक न्याय का भाव देखकर अच्छा लगता है। मौके पर स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ बोलने का अधिकार किसी को नहीं है। कहा कि मां ललिता का महायज्ञ देश के हर जिले में होगा। कहा कि भारत माता को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।

राज्यपाल समेत कई मंत्री व गणमान्य लोग हुए शामिल महायज्ञ में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी निषाद, पर्यटन मंत्री राजू सिंह, पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, कुलपति डॉ. दिनेशचन्द्र राय, बिहार राज्य व्यवसायिक आयोग के सदस्य रोहित चंद्रा, प्रकाश रंजन शाही, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बेबी कुमारी, भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, देवांशु किशोर, पूर्व विधान पार्षद डॉ. गीता कुमारी, विजय सिंह, चुन्नू, रंगीश ठाकुर, प्रो. ममता रानी, प्रो. मधु सिंह, राशि खत्री, मनीष चौधरी आदि थे।

राजपुर-मुरहन-शिवायडीह सड़क की ढलाई हुई जर्जर

वर्ष 2021 ईस्वी में 4 करोड़ के अधिक लागत से सड़क का हुआ था निर्माण

भागलपुर, एजेंसी। प्रखंड क्षेत्र के राजपुर-मुरहन-शिवायडीह सड़क की ढलाई पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। दो किलोमीटर तक पीसीसी ढलाई में बीचों-बीच लंबी-लंबी दरार आ गई है और कहीं सड़क टूट भी गई है। इसके अलावा अलकतरा पीचिंग पर गडडा बनकर पूरी तरह उबड़-खाबड़ सड़क बन गई है। जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

वहीं आए दिन दुर्घटना भी हो रही है। प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र लैलख, परघड़ी और बैजलपुर पंचायत के लगभग एक दर्जन गांव के लोगों को जाने आने के लिए एकमात्र इसी सड़क मार्ग का साधन है। इसके अलावा पांच प्रखंड क्षेत्र कहलगांव, सन्हौला, गोराडीह और बांका जिला के रजौन और धोरैया प्रखंड के कुछ हिस्सों के लोग इसी मार्ग से आवागमण कर प्रखंड और शहर की ओर आते जाते हैं।हालांकि कुछ लोग झारखंड गोड्डा जाने के लिए इसी सड़क मार्ग से होकर आना-जाना करते हैं।

दिन में तो लोग किसी तरह लोग सड़क पर आवागमन कर लेते हैं लेकिन रात्रि के समय इस सड़क पर खतरों से भरा सफर होता है। सबौर प्रखंड के पैक्स अध्यक्ष नितुन सिंह, बैजलपुर पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर प्रसाद, लैलख के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत कुमार झा ने बताया कि यह सड़क पर चार वर्ष पूर्व 4 करोड़ से अधिक लागत की राशि से पीसीसी ढलाई के अलावा अलकतरा का कार्य किया गया था। तब से लेकर अब तक किसी प्रकार का इस पर मेंटेनेंस कार्य नहीं किया गया है। हर साल बाढ़ का पानी सड़क पर एक फीट तक हो जाता है। पानी हटने के बाद सड़क की स्थिति बदतर हो गई है।

इसको लेकर कई बार प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर शिकायत भी कई की गई। लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य नहीं किया गया। इस संबंध में सबौर बीडीओ प्रभात रंजन ने कहा कि जर्जर सड़क की समस्या को लेकर जानकारी मिलने के बाद जिला स्तर पर समस्या बताई गई है।

प्रखंडों में पौधरोपण कार्य में लाएं तेजी

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक संजय कुमार ने बुधवार को जिले के सभी मनरेगा बीपीओ के साथ ऑनलाइन बैठक की। इसमें उन्होंने सभी बीपीओ को पौधरोपण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। निदेशक ने कहा कि पिछले दो दिनों में जिले में पर्याप्त मानसूनी बारिश हो चुकी है। यह समय पौधरोपण शुरू के लिए अनुकूल है। इसलिए एक साथ सभी प्रखंडों में पौधरोपण शुरू होना चाहिए। हर हाल में जिले के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करे। इसके किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पंचायत रोजगार सेवकों को स्पष्ट दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सही तरीके से मस्टर रोल भरें। वहीं, समय सीमा के भीतर निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं करनेवाले पीआरएस और बीपीओ के विरुद्ध विभागीय नियमानुसर कार्रवाई की चेतावनी दी। गौरतलब है कि पिछले साल आठ लाख से अधिक पौधे लगाए गये थे। इसमें से करीब 78 प्रतिशत को सुरक्षित बचा लिया गया था। इससे उत्साहित होकर मुख्यालय ने इस साल 8.96 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

सहायक आचार्य परीक्षानॉर्मलाइजेशन के विरुद्ध याचिका पर हाईकोर्ट ने प्रार्थियों का मांगा विवरण

रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट में सहायक आचार्य परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन फार्मूला लागू किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि याचिका में कुल 103 प्रार्थियों में से केवल दो का ही पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस पर अदालत ने सभी याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 17 जुलाई तक अपना पूरा विवरण दाखिल करें। यह याचिका गिरिधर राउत, रश्मि कुमारी समेत 101 अन्य की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह दलील दी गई कि जेएसएससी द्वारा सहायक आचार्य परीक्षा में लागू किया गया नॉर्मलाइजेशन फार्मूला गलत है और यह नियमों के विरुद्ध है। इसलिए परिणाम को रद्द कर पुनः जारी किया जाए। वहीं आयोग की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचिका में अधिकतर प्रार्थियों का विवरण ही नहीं दिया गया है, इसलिए सुनवाई योग्य नहीं है। कहा कि नॉर्मलाइजेशन फार्मूला की जानकारी पहले से ही विज्ञापन में दी गई थी और सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया है। ऐसे में प्रक्रिया पर रोक लगाना अदालत की अवमानना के दायरे में आएगा।

स्कूल की छत बना बच्चों के लिए खेल का मैदान, डीएसई ने कहा- दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

खूंटी, एजेंसी। जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर खूंटी ब्लॉक के घाघरा गांव के एक प्राथमिक विद्यालय में बिना सुरक्षा के एक छत से दूसरे छत पर बच्चे कूदते नजर आए। साफ देखा जा सकता है कि छोटे-छोटे बच्चे किस तरह स्कूल की छत पर खेल रहे हैं। स्कूल की हालत ऐसी है कि छत पर जाने के लिए सीढ़ी तक नहीं है। स्कूल की दीवार पर लगे एक बांस की सीढ़ी के जरिए बच्चे छत पर चढ़ते और उतरते हैं। इसके साथ ही स्कूल की छत से सटे एक कटहल के पेड़ पर भी बच्चे चढ़कर कटहल तोड़ते नजर आए। ऐसे में बच्चों के साथ अगर कोई अनहोनी हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होगा, एक बड़ा सवाल है। स्कूल में 35 से अधिक बच्चे नामांकित हैं, जबकि रोजाना लगभग 25 से अधिक बच्चे आते हैं। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल के लिए एक शिक्षक तो हैं, लेकिन स्कूल खोलकर वे चले जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षक बच्चों की हाजिरी बनाकर चले जाते हैं और बच्चे दिन भर खेलते रहते हैं। बच्चों ने पूछने पर बताया कि स्कूल में हिंदी, गणित और पर्यावरण की पढ़ाई होती है। स्कूल में मौजूद एक ग्रामीण ने बताया कि स्कूल में कभी-कभी पढ़ाई होती है। इस मामले में डीएसई अभय कुमार सील ने बताया कि पहली बार मामले को लाया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित एचएम और अधिकारी से मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल की छत पर खेलने के मामले की जांच की जाएगी और जांच के बाद दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

झारखंड में लाखों लोगों के भोजन के अधिकार से वंचित होने की आशंका

रांची, एजेंसी। भोजन का अधिकार अभियान ने संभावना जतायी है कि झारखंड में बड़े पैमाने पर राशन कार्ड का डिलिशन हो सकता है। इसपर गहरी चिंता जताते हुए संस्था ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राशन कार्ड के डिलिशन पर रोक लगाने की मांग की है। संस्था की दलील है कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभ ले रहे सभी कार्डधारियों के लिए 30 जून 2025 तक ईकेवाईसी पूरा करने की अंतिम तारीख निर्धारित की थी। जन वितरण प्रणाली के आहार पोर्टल के आंकड़ों के आधार पर 14 जुलाई तक राष्ट्रीय और राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 74.6 लाख लोगों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है। इसमें 8.24 लाख राशन कार्ड में एक भी सदस्य का ईकेवायसी नहीं है। ऐसे में लाखों गरीब राशन कार्ड धारियों को तकनीकी और व्यवस्थागत समस्याओं के कारण राशन के हक से वंचित किया जा सकता है। यह जानकारी भोजन का अधिकार अभियान के संयोजक अशर्फी नंद प्रसाद की ओर से दी गयी है।भोजना का अधिकार अभियान संस्था का कहना है कि झारखंड में साल 2017 और 2018 में राशन की कमी से 17 लोगों की मौत हो गई थी। लिहाजा, इतने बड़े पैमाने पर कार्डधारियों का डिलिशन बड़ी संख्या में गरीबों को भूख और कुपोषण की ओर धकेल सकता है। अभियान का मानना है कि इसका असर खासतौर पर वृद्ध, दिव्यांग, प्रवासी मजदूर, बच्चों और दूरदराज के इलाकों में रहने वालों पर पड़ेगा।

नामकुम ग्रिड सब स्टेशन के परिचालक ने सुनाई आपबीती

अचानक चड्डी-बनियान पहनकर घुसे दो दर्जन लोग और लूट ली 16 लाख की सामग्री



रांची।, एजेंसी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के नामकुम ग्रिड सब स्टेशन में हुए लूटपाट की घटना से पूरा शहर हिल गया है। पहली बार किसी सबस्टेशन में 16 लाख रुपये की समाग्री लूट ली गई है। जिससे राज्य में मौजूद सब स्टेशन के कर्मी दहशत में है। जानकारी के अनुसार घटना को चड्डी-बनियान गैंग द्वारा अंजाम दिया गया है। यह बातें खुद नामकुम के ग्रिड सब स्टेशन के परिचालक अयोध्या प्रसाद ने कहीं। उन्होंने रात में मंगलवार की रात हुई लूटपाट की घटना की आपबीती के बारे में खुलकर बताया।

उन्होंने कहा कि मैं कुछ महीनों में रिटायर होने वाला हूं, लेकिन आज तक पूरे सर्विस में इस प्रकार की घटना कभी नहीं हुई थी, अचानक दो दर्जन से अधिक लोग चड्डी-बनियान पहनकर हथियार के साथ सब स्टेशन में पहुंचे और पूरा सब स्टेशन हाईजैक कर लिया।सब स्टेशन में मौजूद सभी कर्मियों को बंधक बना लिया। यह सब ग्रिड सब स्टेशन के टूटे हुए दीवार के कारण हो सका है। अगर दीवार नहीं टूटी होती तो यह घटना नहीं होता।

महीनों से ग्रिड सब स्टेशन की दीवार टूटी हुई है, दीवार की मरम्मत के लिए कई बार पत्र लिखने के बाद भी अबतक दीवार नहीं बन पाया है। उन्होंने कहा कि ग्रिड सब स्टेशन में होमगार्ड की जवान है, लेकिन उन्हें लाठ्ठी तक नहीं दी गई है। सीसीटीवी कैमरा महीनों से खराब है। पूरी व्यवस्था चौपट है।

नामकुम ग्रिड सब स्टेशन में हुई लूटपाट की घटना से सब स्टेशन में बंधक बनें कर्मी दहशत में है। कोई कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। हर कोई भगवान का शुक्रगुजार होने की बात कह रहा है। कर्मियों ने बताया कि यह पूरी घटना को सोची-समझी साजिश के तहत अंमाज दिया गया है।

बड़े पैमाने पर भारी-भरकम समाग्री लुटेरे लेकर गए है और उसे खपाना काफी मुश्किल है। चोरी किए गए समाग्री में कॉपर, टर्मिनल कनेक्टर, बुसिंग कनेक्टर, डिफरेंट टाइप टर्मिनल कनेक्टर, कॉपर केबल आदि कई महत्वपूर्ण समाग्री शामिल है।

कर्मियों ने बताया कि पूरी घटना की जांच पुलिस कर रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी अबतक कोई ठोस कदम लेने को तैयार नहीं है। सब मौन धारण किए हुए है।नामकुम के ग्रिड सब स्टेशन में लूटपाट की घटना के अंजाम देने वाले दो दर्जन से अधिक अपराधी घटना को अंजाम देने के दौरान स्थानीय भाषा, भोजपुरी और हिंदी भाषा में एक दूसरे से बात कर रहें थे। ग्रिड सब स्टेशन के कर्मियों ने बताया कि नामकुम ग्रिड को हाईजैक कर लिया गया, लेकिन इस दौरान अगर कोई बड़ी चूक होती तो, पूरे शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा जाती।ग्रिड सब स्टेशन नामकुम से राजधानी के आधे हिस्से में बिजली पहुंचती है। जिस दौरान लूटपाट हुई उस दौरान पूरे शहर की लोड पीक आवर में थी, ट्रांसमिशन की 33केवी लाइन से निकलने वाले 140 से 150 मेगवाट बिजली आपूर्ति बाधित होती। वहीं, बुधवार के दिनभर ग्रिड सब स्टेशन में बिजली विभाग के कई अधिकारी पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

टंडवा में हिरण के बच्चे को कुत्तों ने घेरा

जंगल से भटककर गांव में आया हिरण, ग्रामीणों ने बचाई जान, सुरक्षित छोड़ा गया

चतरा, एजेंसी। चतरा जिले के टंडवा वन क्षेत्र के खैरका गांव में ग्रामीणों की जागरूकता और वन विभाग की मुस्तैदी से एक हिरण के बच्चे की जान बच गई। जंगल से भटककर गांव में आए हिरण के इस मासूम बच्चे को कुत्तों के झुंड ने घेर लिया था। लेकिन समय रहते ग्रामीणों के एक्टिव रहने की वजह से उसकी जान बच गई।

जानकारी के अनुसार, सीमावर्ती जंगल से भटककर एक नन्हा हिरण खैरका गांव में आ गया। गांव में प्रवेश करते ही उसे कुत्तों के झुंड ने घेर लिया और हमला कर दिया। मासूम जानवर अपनी जान बचाने की कोशिश कर ही रहा था कि ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी।

ग्रामीणों की तत्परता ने बचाई जान

गांव वालों ने बिना समय गंवाए तुरंत हस्तक्षेप किया और कुत्तों से हिरण के बच्चे को बचाकर उसे सुरक्षित किया। इसके बाद उन्होंने फौरन वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों की इस संवेदनशीलता ने एक नन्हे वन्यजीव की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में वनपाल सुनील उरांव, वनरक्षी महेश कुमार, मनोज कुमार और इंद्रदेव आर्य शामिल थे। वनकर्मियों ने हिरण के बच्चे की प्राथमिक जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसे कोई गंभीर चोट तो नहीं आई है। सौभाग्य से उसे केवल मामूली खरोंचें आई थीं और वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया।

जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया हिरण का बच्चा

स्वास्थ्य जांच के बाद वन विभाग की टीम ने हिरण के बच्चे को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। टीम ने ग्रामीणों की भूमिका की सराहना की और वन्यजीवों के संरक्षण में ऐसे सहयोग को जरूरी बताया। इसे लेकर वनरक्षी टंडवा वनक्षेत्र महेश कुमार ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की जागरूकता और सहयोग सराहनीय है। ऐसी भागीदारी से ही वन्यजीवों का संरक्षण संभव है।

जोनल आईजी ने बरवाडीह एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण, नक्सलियों की संपत्ति जांच के दिए निर्देश



पलामू, एजेंसी। जोनल आईजी सुनील भास्कर ने मंगलवार को लातेहार के बरवाडीह के एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। दरअसल बरवाडीह झारखंड के अति नक्सल प्रभावित पुलिस अनुमंडल में से एक माना जाता है। बरवाडीह पुलिस अनुमंडल से ही बूढ़ा पहाड़ समेत कई इलाकों में नक्सल अभियान की मॉनिटरिंग की जाती है। बरवाडीह पुलिस अनुमंडल के अंतर्गत भी पलामू टाइगर रिजर्व का इलाका भी आता है।

पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर मंगलवार को बरवाडीह एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी से आईजी ने कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी। आईजी ने नक्सल विरोधी अभियान की जानकारी ली और उसकी समीक्षा भी की। टॉप नक्सल कमांडरों को टारगेट कर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है साथ ही साथ आत्मसमर्पण के लिए परिजनों से बातचीत करने का भी निर्देश दिया गया।

आईजी ने टॉप नक्सल कमांडरों के संपत्ति जांच के भी निर्देश दिए। जोनल आईजी सुनील भास्कर ने सभी पुलिस अधिकारियों को आम जनता के साथ संवाद स्थापित कर सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाने को कहा। पुलिस एवं आम लोगों के बीच बेहतर समन्वय एवं समाधान को लेकर पहल करने को कहा गया है। थानों में तैनात सभी पुलिस पदाधिकारी खुफिया सूचनाओं को इकट्ठा करेंगे और इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों के साथ साझा करेंगे। आईजी ने लंबित वारंट और मुकदमों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

राजमहल कोल परियोजना की सड़कें बनीं जानलेवा

गोड्डा, एजेंसी। गोड्डा में ईसीएल की राजमहल कोल परियोजना अंतर्गत ललमटिया क्षेत्र की सड़कें इन दिनों बुरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। परियोजना क्षेत्र के भीतर और आसपास की सड़कें अब खतरनाक बन गई हैं, जिससे आवागमन एक बड़ी चुनौती बन गया है।

परियोजना के मेन रोड से लेकर ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाली सड़कों की हालत इतनी खराब है कि आम लोगों के साथ-साथ मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भी अस्पताल पहुंचने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बांसडीहा से भेरंडा के बीच लगभग दो किलोमीटर सड़क इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि एंबुलेंस तक यहां नहीं चल पा रही है।

यह सड़क न केवल स्थानीय लोगों के लिए अहम है, बल्कि गोड्डा को साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों से जोड़ता है। इसके बावजूद ईसीएल की उदासीनता साफ नजर आती है। इन सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी ईसीएल की है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। खनन क्षेत्र के पास की सड़कें, जैसे गंगा सागर मार्ग, जो एरिया ऑफिस को जोड़ती है, पूरी तरह टूट चुकी हैं। गड्ढों में पानी जमा रहता है, जिससे न केवल दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है, बल्कि छोटी



गाड़ियां भी फंस जाती हैं। ललमटिया से सीमड़ा और फिर सीमड़ा से मोहनपुर तक की सड़कें भी बदहाल हैं। इन मार्गों पर कोयला ढोने वाले भारी वाहनों से गिरने वाली मिट्टी और कोयले की धूल से सड़कें और भी फिसलन भरी हो गई हैं। आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।

एम्बुलेंस चालक नवीन कुमार बताते हैं कि भेरंडा मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं। मरीजों को समय पर अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है, खासकर डिलीवरी केस में स्थिति गंभीर हो जाती है। कई बार गाड़ियां फंस जाती हैं और मदद के लिए इंतजार करना पड़ता है।

ईसीएल के कई कर्मचारी भी इस स्थिति से परेशान हैं। कर्मचारी संपत का कहना है कि एरिया ऑफिस जाने वाली सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाता है और रास्ता और खतरनाक हो जाता है। स्थानीय लोग अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिन्होंने परियोजना के लिए अपनी जमीन दी थी, वे अब मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं।

ईसीएल के एरिया इंजीनियर शिवम गौरव ने बताया कि क्षेत्र की सड़कों को लेकर जितना लोगो को परेशानी हो रही है। उतना चिंतित हम भी है। जल्द ही सड़कों का काम करवाया जाएगा।

झारखंड सरकार की बड़ी कार्रवाई, राजगंज थाना प्रभारी का जाति प्रमाण पत्र रद्द



धनबाद, एजेंसी। झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने धनबाद जिले के राजगंज थाना प्रभारी अलीशा कुमारी का जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई बोकारो के कालिकापुर निवासी प्रदीप कुमार रे की शिकायत के आलोक में की गई है।

शिकायतकर्ता ने अलीशा कुमारी द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे आरक्षण का लाभ लेने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर प्रदीप कुमार रे ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले को जाति छानबीन समिति को भेजने का निर्देश दिया था। विवादित प्रमाण पत्र संख्या जेएचसीसी/2017/229784 अलीशा कुमारी को तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी द्वारा निर्गत किया गया था। इसमें उन्हें बनिया (पिछड़ा वर्ग-2) के रूप में दर्शाया गया था।

जबकि जांच में सामने आया कि अलीशा का परिवार जामताड़ा पंचायत, डुमरी, गिरिडीह का स्थायी निवासी नहीं है। जांच के दौरान यह भी तथ्य सामने आया कि अलीशा के पिता ने वर्ष 1986 में जामताड़ा क्षेत्र में जमीन खरीदी थी, जिस पर दस वर्ष पूर्व मकान बना और उसे किराए पर दे दिया गया।

हालांकि परिवार खुद उस स्थान पर कभी स्थायी रूप से निवास नहीं किया। जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने के लिए अलीशा द्वारा स्वयं-घोषित शपथ-पत्र और पुराने दस्तावेजों का सहारा लिया गया था, जिन्हें सत्यापित करने के बाद समिति ने प्रमाण पत्र को अमान्य पाया।

समिति की ओर से अलीशा कुमारी को 10 फरवरी और 25 अप्रैल 2025 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए पत्र भेजा गया था। 25 अप्रैल को अलीशा कुमारी और शिकायतकर्ता प्रदीप रे, दोनों अपने अधिवक्ताओं के साथ समिति के समक्ष उपस्थित हुए और पक्ष रखा। पर्याप्त साक्ष्यों एवं स्थायी निवास प्रमाण के अभाव में झारखंड राज्य की जाति छानबीन समिति ने अलीशा कुमारी को राज्य की स्थानीय निवासी मानने से इनकार करते हुए उनका जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया। अलीशा कुमारी 2018 बैच की सब इंस्पेक्टर है और धनबाद के राजगंज थाना में थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं।

मनोकामना पूरी होने पर हाथ के बल चलकर पहुंचा बाबा धाम

देवघर, एजेंसी। बाबा अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते हैं। सच्चे मन और समर्पण भरी आस्था से मांगी मुराद पूरा कर ही देते हैं। मुजफ्फरपुर के मिथिलेश कुमार को अपने आराध्य पर अटूट विश्वास है। घर में मिथिलेश सहित कुल चार भाई को संतान के रूप में पुत्र तो है लेकिन पुत्री नहीं। मिथिलेश ने बाबा से अपने छोटे भाई के लिए एक पुत्री का वरदान मांगा।बाबा उनके भाई की झोली पुत्री रत्न से भर देंगे तो वह अपनी भतीजी (भाई की बेटी) के साथ लकड़ी से बनाई छोटी-सी डोलीनुमा गाड़ी को खुद से खींचकर लाएंगे।

बाबा से यह भी कहा कि मन्नत पूरी होते ही दोनों हाथों के



बल जमीन पर चलते हुए गाड़ी खींचेंगे और माता गंगा का जल अर्पित करेंगे। बाबा ने सुन ली और घर में बेटी की किलकारी गूंजी।

अब समय आ गया बाबा से किया वादा पूरा करने का लेकिन आ गई एक अड़चन। भाई ने अगले साल सावन में बेटी को लेकर कांवर यात्रा पर जाने की बात कही पर मिथिलेश मानने वाला कहां था, उसने भतीजी के स्थान पर उसकी तस्वीर उस गाड़ी में लगा दी।

अपने भतीजे को गाड़ी में बैठाकर हाथों से गाड़ी खींचते हुए बाबा धाम पहुंच गए। मिथिलेश ने कहा कि बेटी नहीं होगी तो बहु कहां से लाएंगे, बाबा की भक्ति के साथ उसने पूरे देश में एक बड़ा संदेश भी दे डाला।

15 दिन में आएगा 8200 शिक्षकों का रिजल्ट, एक शिक्षक वाले स्कूलों में होगी पोस्टिंग

रांची, एजेंसी। झारखंड में सरकारी स्कूलों को जल्दी ही 8200 शिक्षक मिलेंगे। इनमें पहली से पांचवीं तक के 5600 और छठी से आठवीं तक के 2600 विज्ञान शिक्षक होंगे। इनका रिजल्ट 15 दिन के अंदर जारी हो जाएगा। ज्यादातर प्राथमिक शिक्षकों की पोस्टिंग एक शिक्षक वाले स्कूलों में की जाएगी। वहां बच्चों की संख्या के अनुसार एक या दो शिक्षक भेजे जाएंगे। इनकी पोस्टिंग जिला स्तर पर होगी।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह को यह जानकारी दी। जेएसएससी के मुताबिक 2600 विज्ञान शिक्षकों का रिजल्ट अगले सप्ताह और 5600 प्राथमिक शिक्षकों का रिजल्ट इसके 10 दिन के भीतर जारी होगा। रिजल्ट जारी होने के एक माह के भीतर सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन और पदस्थापन की कार्रवाई करनी होगी। किस जिले में कितने शिक्षकों की नियुक्ति होगी, जेएसएससी यह जानकारी भी शिक्षा विभाग को देगा।

नियुक्ति परीक्षा में लेटलतीफी झारखंड की नियति बन गई है। घोषणाएं होती हैं, परीक्षा भी ली जाती है, लेकिन किसी न किसी कारण से रिजल्ट अटक जाता है। राज्य में दो संस्थाएं जेपीएससी और जेएसएसस मुख्य रूप से नियुक्ति परीक्षाएं आयोजित करती हैं। लेकिन दोनों एजेंसियों का यही हाल है। अभी भी तीन नियुक्ति परीक्षाएं ऐसी हैं, जिनकी परीक्षा करीब एक साल पहले हो चुकी है। लेकिन अब तक फाइनल रिजल्ट घोषित नहीं हुआ। जबकि इसमें कोई विवाद भी नहीं है। यही नहीं, कुछ परीक्षाओं का इंटरव्यू हो चुका है तो कुछ में सफल अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तक हो चुका है। लेकिन अभ्यर्थी अब तक रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। परीक्षा कैलेंडर का अनुपालन न किए जाने के कारण ऐसे हालात बन रहे हैं। अगर ये रिजल्ट जारी हो जाए तो झारखंड को 830 अधिकारी मिल जाए। अभ्यर्थी रिजल्ट पर टकटकी लगाए हुए हैं, लेकिन कब जारी होगा, बताने वाला कोई नहीं।



जेएसएससी : 444 पदों पर लेडी सुपरवाइजर नियुक्ति परीक्षा

444 पदों पर नियुक्ति के लिए सितंबर 2024 में परीक्षा हुई थी। शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों की पहली सूची 27 मई 2025 को जारी की गई, जिसमें 521 अभ्यर्थी थे। इनका डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 4 जून 2025 को किया गया। फिर अनुपस्थित अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 11 जून को हुआ। दूसरी सूची 7 जून 2025 को जारी हुई। 14 जून तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ, पर रिजल्ट अटका है।

जेपीएससी : 11वीं से 13वीं सिविल सेवा नियुक्ति परीक्षा

दो साल पहले 342 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्रारंभिक परीक्षा 22 अप्रैल 2024 को हुई, जिसमें 7011 अभ्यर्थी सफल हुए। मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून 2024 तक ली गई। इसमें 864 अभ्यर्थी सफल हुए। 10 जून से 23 जून 2025 तक इनका डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ। इंटरव्यू भी 10 जून से शुरू हुआ था, जो पूरा कर लिया गया है। लेकिन फाइनल रिजल्ट अब तक नहीं आया है।

जेपीएससी : एसडीपीओ के 44 पदों के लिए परीक्षा

झारखंड में विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) के 44 पदों पर नियुक्ति के लिए दो साल पहले जेपीएससी ने वैकेंसी जारी की थी। इसकी प्रारंभिक परीक्षा 10 जून 2024 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 15 जुलाई 2024 को घोषित कर दिया गया है। इसके बाद मुख्य परीक्षा 2 से 4 अगस्त 2024 तक राज्य में विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गई। लेकिन अभी तक इसका रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 17-07-2025 21:51 Page 1

उपायुक्त ने की नगर पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में नगर पंचायत की विभिन्न योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए।



बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में चल रही योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। इनमें पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राजस्व संग्रहण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु शामिल थे।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में लगे सभी स्ट्रीट लाइट को शत-प्रतिशत क्रियाशील बनाया जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों का निर्माण पूर्ण कराया जाए। साथ ही, योजना के अंतर्गत समय पर किस्त राशि का भुगतान किया जाए। नगर पंचायत द्वारा निर्मित पार्क आदि के बेहतर रख रखाव को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने रेवेन्यू कलेक्शन की स्थिति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शहर को स्वच्छ रखने की दृष्टिकोण से उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत एवं जिला खाद्य संरक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि नगर पंचायत क्षेत्र के दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन यानी कूड़ादान रखवाना सुनिश्चित करें, लोगों को जागरूक करें, सभी दुकानदारों को निर्देशित करने को कहा गया कि वह अपने-अपने दुकानों के बाहर कूड़ादान रखे, जिससे शहर को स्वच्छ रखा जा सके। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न स्थानों पर कूड़ादान की व्यवस्था करने हेतु नगर पंचायत को निर्देश दिया गया। जिला खाद्य संरक्षा पदाधिकारी को दुकानों की नियमित रूप से जांच करने, लाइसेंस निर्गत करने समेत अन्य को लेकर निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण हों ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

बुद्धू बिरहोर की हुई पेंशन स्वीकृत

मालती बिरहोरिन शिविर में ही पदाधिकारियों को दिखायी आईना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सतबहिया। बिरहोर कॉलोनी के 70 वर्षीय बुद्धू बिरहोर उर्फ मल्हार बिरहोर को वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की खबर छपने के पश्चात 6 घंटे के अंदर त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने बुद्धू बिरहोर उर्फ मल्हार बिरहोर का पेंशन स्वीकृत कर दी है। इस बाबत बीडीओ सतबहिया गांव बिरहोर कॉलोनी में शिविर लगाकर मल्हार बिरहोर को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया। इस दौरान बीडीओ ने आदिम जनजाति बिरहोर लोगों की समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया एवं उपस्थित सभी बिरहोर लोगों से एक-एक कर समस्या से अवगत हुए और बिरहोरों की कई, समस्याएं शिविर में ही निष्पादन भी किया गया। 15 नए आवास योजना का सर्वे कार्य पूरा किया गया। इस दौरान बीडीओ ने बिरहोर लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि बिरहोर परिवार के महिला सदस्य को जिसकी उम्र 18 वर्ष हो गई हो, उन सबों को पेंशन दिया जाता है। आवास के सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। आवंटन के आधार पर आवास स्वीकृत जाएगा । मौके पर बीडीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो, मुझे तुरंत सूचना दें ताकि आपकी समस्याओं का समाधान हो सके। एक नए आंगनबाड़ी केंद्र आवंटित किया गया है, जिसमें सेविका और सहायिका का भी चुनाव हो चुका है। अब यहां के बिरहोर के बच्चे को पढ़ने में भी आसानी होगी। वहीं कृषि एवं कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार ने बिरहोर परिवारों के बीच मक्का एवं मूंगफली बीज का वितरण बीडीओ के हाथों से कराया। बीज वितरण के दौरान मालती बिरहोरिन ने कहा कि मुझे विभाग के द्वारा धान का बीज नहीं मिला, 12 किलो धान बाजार से 4000 में खरीदना पड़ा तब कहीं जाकर बिहन लगा सके। अभी मक्का और मूंगफली का बीज मिल रहा है अब यह नहीं लगाया जा सकता।

कॉलोनी के एक युवक विनोद बिरहोर ने सतबहिया बिरहोर कॉलोनी में पीसीसी निर्माण की मांग की है । उसने बताया कि लगभग 20-25 वर्ष पूर्व पीसीसी का निर्माण हुआ था जो खराब हो गई है। सतबहिया बिरहोर कॉलोनी में कुल 50 परिवार रहते हैं जिसकी कुछ जनसंख्या लगभग 150 है। जिसमें बिरहोर लोगों को 15 नए आवास की मकान की आवश्यकता है। हालांकि कल्याण विभाग से 15 नए आवास निर्माण के लिए सर्वे कार्य किया गया है। मालती बिरहोरीन ने कहा कि हमारा मकान से पानी चु रहा है मुझे नया मकान चाहिए। मौके पर शिविर में शामिल लोगों में मुख्य रूप से बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, कृषि सह कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार, कांडतरी मुखिया प्रभारी राजदेव महतो, पंचायत सेवक अरविंद कुमार, प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, सविता कुमारी ,शिविका रिंकी बिरहोर ,पांडे बिरहोर, सुलेढ़ा बिरहोर ,बिरसा बिरहोर, महावीर बिरहोर, शैलेंद्र बिरहोर के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

दुष्कर्म पीड़िता की जांच नहीं करना पड़ा भारी

महिला चिकित्सक की दो वेतन वृद्धि पर लगी रोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सदर अस्पताल के मातृ-शिशु सदन व माडल अस्पताल में मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिलने की शिकायत अब मुख्यालय तक पहुंच रही है। राज्य मुख्यालय मरीजों की शिकायतों व चिकित्सकों के रोस्टर की आनलाइन निगरानी कर रहा है।

इसी कड़ी में दुष्कर्म पीड़िता की समय पर चिकित्सीय जांच नहीं करने के मामले में मातृ-शिशु अस्पताल की महिला चिकित्सक सुषमा आलोक की दो वेतनवृद्धियों पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में सरकार के अवर सचिव उपेंद्र राम ने सिविल सर्जन सहित अन्य वरीय अधिकारियों को जानकारी दी है। विभागीय रिपोर्ट के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप है।

मिठनपुरा थाने की अवर निरीक्षक रीतु कुमारी एक दुष्कर्म पीड़िता को लेकर दोपहर 01:57 बजे सदर अस्पताल पहुंचीं। वहां डा.सुषमा आलोक को पीड़िता प्रस्तुत किया। इस पर उन्होंने कहा कि तीन मिनट बाद अगली पाली में डा.मोनिका जायसवाल जांच करेंगी और वहां से चली गईं। डा.मोनिका ने भी जांच करने से इन्कार कर दिया। इस दौरान पुलिस की टीम पीड़िता को लेकर अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटकती रही। शिकायत वरीय अधिकारियों तक पहुंचने के बाद संध्या पाली में डा.सुषमा को बुलाया गया और शाम 07:30 बजे उन्होंने पीड़िता की शारीरिक जांच की। इस दौरान काफी विलंब हो गया, जिससे चिकित्सीय साक्ष्य प्रभावित होने की आशंका बनी रही।

सरकार के अवर सचिव ने पत्र में लिखा है कि डा.सुषमा ने विभाग को दिए जवाब में बताया कि 23 अप्रैल 2024 को उनकी ड्यूटी संध्या पाली में मेटरनिटी वार्ड में थी। सुबह की ड्यूटी पर तैनात डा.रश्मि रेखा अस्वस्थ थीं। अतः उनकी सहमति से सुबह की पाली का कार्यभार भी संभाला। सुबह 09:17 बजे पहले मरीज और 01:38 बजे 125वें मरीज को देखा। इस बीच एक आपरेशन से प्रसव भी कराया और भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज किया। 01:57 बजे आरक्षी अवर निरीक्षक पीड़िता को लेकर पहुंचीं, तो शारीरिक जांच नहीं की गई।

अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि डा.सुषमा ने बाह्य कक्ष में मरीजों का इलाज किया और अंतःवासी कक्ष में प्रसव कराए। उन्हें दुष्कर्म पीड़िता की जांच के लिए प्राथमिकता देनी चाहिए थी, जो नहीं किया। यह घटना 19 अप्रैल 2024 को हुई थी। जांच में देरी से चिकित्सीय साक्ष्य प्रभावित होने की संभावना थी, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पांच चरणों का चलाया आंदोलन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता


गिरिडीह। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन के बैनर तले जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में जिला की टीम ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश में अपनी प्रमुख मांगों को पूरा करने के लिए हजारों कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन गांडेय विधानसभा की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को स्थानीय परिषद भवन में सौंपा। उल्लेखनीय है उन तीन मांगों में प्रथम अन्य राज्य कर्मियों की तरह शिक्षकों को भी मैक का लाभ देना दूसरा राज्य के सभी कर्मियों की सेवा निवृत्ति की उम्र 62 साल करना और तीसरा केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मचारियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता देना

है। ज्ञात हो कर्मचारियों ने 11 ज्वलंत मांगों को लेकर झारोटफ झारखंड के बैनर के लिए पांच चरणों का आंदोलन चलाया है जिसके प्रथम चरण में हस्ताक्षर अभियान जिसमें कई हजार कर्मचारियों ने हस्ताक्षर करते हुए अपनी मांगों को पूरा करने का आग्रह किया था,जबकि दूसरे चरणों में सभी प्रखंड मुख्यालय में ध्यान आकर्षण रैली के माध्यम से इन न्यायोचित मांगों के तरफ सरकार का ध्यान आकर्षण किया गया ।

10 घंटे की लगातार बारिश ने शहर को कर दिया पानी-पानी

गंदे पानी में डूबी सड़कें, खुली सफाई की पोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सासाराम। पिछले दस घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने सासाराम शहर को पूरी तरह पानी-पानी कर दिया है। शहर की सड़कों, गलियों से लेकर सरकारी दफ्तरों तक हर ओर सिर्फ जलजमाव ही दिखाई दे रहा है। जहां एक ओर इस बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर शहरवासियों को जलभराव की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। खासकर बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल हो रहे सैकड़ों अभ्यर्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण शहर की पुरानी जीटी रोड, बौलिया रोड, धर्मशाला रोड, संत पॉल रोड, प्रभाकर रोड, नूरनगंज और चौखंडी पथ जैसे प्रमुख मार्ग जलजमाव से पूरी तरह प्रभावित हो गए। दुकानों और घरों में पानी घुस गया, जिससे व्यापारी मोटर के सहारे पानी निकालते नजर आए। गांधी नीम, गौरक्षणी, गोला रोड, शेरगंज, नवरतन बाजार जैसे रिहायशी इलाके भी कीचड़ और गंदे पानी में डूबे रहे। इससे स्थानीय नागरिकों का सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। सिर्फ रिहायशी और बाजार ही नहीं, बल्कि जिला समाहरणालय, सदर अस्पताल, नगर निगम, बिजली विभाग, अनुमंडल कार्यालय और पोस्ट ऑफिस जैसे प्रमुख सरकारी परिसरों में भी जलभराव की स्थिति बनी रही। कई जगह अधिकारियों और कर्मियों की गाड़ियां एक से डेढ़ फुट पानी में डूबी रहीं। यह नजारा यह स्पष्ट करता है कि जब सरकारी परिसरों की यह हालत है, तो आम नागरिकों की दुर्दशा कितनी गंभीर होगी। बारिश और जलजमाव का सबसे बुरा असर उन अभ्यर्थियों पर पड़ा जो सिपाही भर्ती परीक्षा देने शहर आए थे। जलजमाव के कारण कई परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना ही मुश्किल हो गया। ऑटो, बाइक और कारें नालों में फंसती रहीं, कई अभ्यर्थी फिसलते और भीगते हुए केंद्रों तक पहुंचे। कुछ को देर हो जाने से परीक्षा छूटने का भी डर सताता रहा। परीक्षार्थियों के साथ आए अभिभावक भीगते कपड़ों में शरण की तलाश में भटकते रहे, जबकि नगर प्रशासन के इंतजाम नदारद नजर आए।सदर एसडीएम ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण परीक्षार्थियों को दिक्कतें जरूर हुईं, लेकिन इसके बावजूद परीक्षा शांतिपूर्वक और निष्पक्ष ढंग से चलती रही।

पूर्व मेयर, विधायक, सांसद के विकास का फल है जलजमाव : रूचिर तिवारी

ठेकेदारों के साथ मिलकर जनप्रतिनिधियों ने मचायी लूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू सांसद बीडी राम का घर जलमग्न हो गया है। मेदिनीनगर चैनपुर इलाके में पानी निकास का रास्ता ही बंद कर दिया गया है। पानी बहने का बड़ा-बड़ा नाला को बंद कर दिया गया। रेड़मा समदा आहर का गहरीकरण व सुंदरीकरण तो हो गया। लेकिन अगर बरसात का पानी जमा होगा तो उसका निकास का रास्ता ही बंद कर दिया। इसके चलते रेड़मा समदा अहरा, झरना टोला अहरा भगवती अस्पताल के सामने कई घर डूब गए हैं। पानी निकास के रास्ता (पेईन) को ही बंद कर दिया गया। उसमें कई लोगों का घर मकान नाला पर बना दिया गया। वहीं भाजपा के विधायक, सांसद, पूर्व मेयर, पूर्व डिप्टी मेयर विकास का झूठा ढोल पीटते रह गए कि निगम में सफाई करवाया। पार्क बना दिया। लेकिन इन्होंने यह कभी नहीं कहा कि हमने बड़े-बड़े तालाबों व जल स्रोतों के पानी निकास का मार्ग ही बंद कर दिया। खूद भाजपा के पूर्व मेयर अरुणा शंकर बड़ा तालाब के जमीन को अतिक्रमण करके बैठी हुई हैं। उसका पानी निकास के रास्ता को भी वह बंद कर रही थी। लेकिन मछुआरों ने आंदोलन किया तो वह नहीं बंद कर पाए। वही स्थिति चैनपुर इलाका का है जहां तालाब को भर दिया गया। पनेरी बांध के तालाब में भी घर बन गया। गुरुसूती नदी का यही हाल है। नदी को ही अतिक्रमण कर लिया गया। टेड़वा नदी को भी अतिक्रमण कर लिया गया। पूरे निगम क्षेत्र के अंदर पानी निकास के मार्ग को बंद कर उसमें गैर कानूनी तरीके से बिल्डिंग बना दिया गया। इसके संरक्षक पूर्व मेंयर अरूणा शंकर, भाजपा विधायक आलोक चौरसिया व सांसद बीडी राम हैं। वर्तमान समय में हेमंत सरकार मूकदर्शक बनकर देख रही है। कांग्रेस, जेएमएम के नेताओं व अफसरों ने कभी इन सब बातों का विरोध नहीं किया। न ठेकेदारों पर कार्रवाई किया। आज नतीजा पूरा शहर भुगत रहा है। जिस पर सबक लेने की आवश्यकता है।

सड़क मरमत की गुहार

गिरिडीह। आज ग्रामीणों ने विधायक को पीसीसी रोड का घटिया निर्माण का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि यहाँ पानी आये दिन जमा हो जाता है। पुरानी जीटी रोड के बना नाला किसी भी काम का नहीं है। रोड फिर से बनने के कारण सड़क नीचे हो गई है जिसके कारण गंदे पानी का जमाव होता है। जिससे ग्राम वासियों को पानी से होकर जाना पड़ता है। इसी गली में एक आंगनबाड़ी भी चलती हैं जिसके संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूजा-पाठ के समय लोगों को और अधिक परेशानी होती है।

तरुण गुप्ता ने समर्थकों के साथ थामा भाजपा का दामन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जामताड़ा जिले से विधानसभा चुनाव लड़ चुके सह वर्तमान बीस सूत्री उपाध्यक्ष तरुण गुप्ता ने पुनः अपने कई समर्थक के साथ भाजपा का दामन थाम लिया । गिरिडीह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी के बरगंडा पावर हॉउस स्थित आवास में श्री मराण्डी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर जामताड़ा के जिलाध्यक्ष सुमित शरण भी उपस्थित रहे।

श्री मरांडी ने कहा कि तरुण गुप्ता पार्टी में शामिल होने के बाद न सिर्फ संथाल के क्षेत्र बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को एक अलग मजबूती मिलेगी, क्योंकि तरुण गुप्ता लगातार गरीबों के मदद के लिए आवाज उठाते रहे हैं और यह काफी कर्मठ और जुझारू व्यक्ति हैं।वंही पार्टी में शामिल होने के बाद तरुण गुप्ता ने कहा कि नीति और सिद्धांतों से प्रेरित होकर उन्होंने आज प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष पार्टी की सदस्यता ली है और वे जामताडा जिले के साथ-साथ संथाल के क्षेत्र में भी पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष महादेव दुबे,भाजपा नेता अशोक उपाध्याय,महेंद्र वर्मा,सुभाष सिन्हा, नवीन सिन्हा,मनोज संघई, रंजीत रॉय,कुमार गौरव कामेश्वर पासवान सुभाष सिन्हा विनय सिंह समेत कई भाजपाई गण मौजूद थे।

छात्रों ने लहराया परचम

गिरिडीह। बी बी ए-बी सी ए चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2022-25 का परीक्षा फल घोषित प्रत्येक वर्ष की भाँति सुभाष इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सत्र 2022-25 के द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी अपना परचम लहराया। सत्र 2022-25 में कुल 46 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे,जिसमें 13 बीबीए में और 33 विद्यार्थी बीसीए के थे, जिसका शत-प्रतिशत परिणाम घोषित हुआ। इस उपलक्ष्य पर संस्थान के निदेशक डॉ बिजय सिंह ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य ही कड़ी मेहनत और रोजगार दिलाकर विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाना। बी सी ए विभाग में कुल 33 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 4 ने 8 , 12 ने 7 एस जी पी ए मार्क्स हासिल किया और 17 विद्यार्थियों ने 6 एस जी पी ए मार्क्स हासिल किया। बी बी ए विभाग की तसबीह परवीन ने 8.30 एस जी पी ए (471 अंक) लाकर ब्रान्च टॉपर का खिताब हासिल किया। आदित्य राज विश्वकर्मा ने 8.30 एस जी ली ए (467 अंक) लाकर द्वितीय तथा तनीषा गुप्ता ने 8.17 एसजीपी ए(467 अंक) लाकर तृतीय स्थान हासिल किया। बी बी ए विभाग में कुल 13 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। 01 विद्यार्थी ने 9 एस जी पी ए हासिल अंक प्राप्त की।

लगातार हो रही बारिश से दर्जनों कच्चे घर गिरे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। नगर परिषद शेरघाटी के पलकिया फतेहपुर और शेरपुर जाने वाली सड़क पर पलकिया पाइप फैक्ट्री के पास अंग्रेज जमाने का बना पुल मंगलवार की रात्रि बह गया। उल्लेखनीय हो कि तीन गांवों को जोड़ने वाली सड़क के बीच बना यह पुल रात भर हुई बारिश के बाद बह गया। वहीं दूसरी ओर शेरघाटी के बुढ़िया नदी के किनारे बसे दर्जनों लोगों के घरों में पानी भर गया है।

नदी के किनारे बसे दलित लोगों ने बताया कि हम लोगों के पास ना जगह है ना जमीन है। किसी प्रकार बुढ़िया नदी के किनारे मिट्टी का मकान बनाकर रह रहे थे। मंगलवार को रुक-रुककर दिन भर हुई बारिश के बाद नदी में जलस्तर बढ़ गया। रात्रि में बढ़ते जलस्तर को देखकर घर बार छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। लेकिन अब वे कहां रहेंगे। इस बात की चिंता है।

नदी किनारे बसे करीब 30 घर में पानी भर गया। जिसके कारण लोग घर से बेघर हो गए हैं।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। **ई-निविदा सं.: 103_2025-26, दिनांक 15.07.2025, कार्य का विवरण:** एईएन/बर्द्धमान के क्षेत्राधिकार में एलएचएस नं.: 2 एवं 10 में पम्प रूम का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य तथा वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा की शाखा के अधीन विभिन्न कार्यालय यूनिटों में शौचालय सुविधाओं के साथ नए लेडीज ड्रेस चेंजिंग रूम का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 2,26,18,517.16, **बयाना राशि:** रु. 2,63,100/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधि:** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 06.08.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-198/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विष्णुगढ़। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से विष्णुगढ़ प्रखंड में हर घर नल, हर घर जल जल नल से जोड़ना था और शुद्ध पानी पहुंचाना था, लेकिन पानी तो पहुंचना दूर नल तक नही पहुंचा। इसकी जीती जागती मिसाल जल जीवन की मीनारे हैं, जो प्रखंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। करीब दो वर्षों से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में हर घर नल, हर घर जल की थीम पर जल जीवन मिशन को अंजाम देना था, पर ये जल मीनारे सिर्फ शोभा की वस्तु बन गई है। ग्रामीणों एवं आम-जन इस योजना से कभी लाभान्वित नही हो सके, पदाधिकारियो एवं जन प्रतिनिधियों ने इसकी सुधि कभी नही ली, ठेकेदार जैसे-तैसे जल मीनार खड़ा कर चल निकले।

ग्रामीणों ने भेलवारा पंचायत के भुताही मुरगावो एवं कुसुम्भा पंचायत के जरिया महतोइयाँ में लगी जलमीनार से पानी नही मिलने की शिकायत शोशल मीडिया पर की। प्रखंड के भुताही मुरगांवो गांव में दो साल बाद भी अधूरी 'हर घर जल' योजना, ग्रामीणों को मीनार से भरना पड़ रहा पानी। वही हाल प्रखंड के कुसुंभा पंचायत की है, जिसमे 32 ऐसे जलमीनार है जिसमें बोरिंग तक नही किया गया, कही तो सिर्फ इन दो वर्षों में स्ट्रेक्चर को अधूरे खड़ा का दिया गया, जिससे ग्रामीणों को आज तक एक बूंद पानी नसीब हुआ। परन्तु यह समस्या यहीं नही रुकती ये हाल पूरे प्रखण्ड का है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदारों के द्वारा तय मानक में बोरिंग एवं कम बोरिंग करने का मामला भी प्रकाश में आया है। पाइप की गुणवत्ता एवं सभी ग्रामीणों को जल मिले, इसपर भी सवाल उठे है। इस योजना की अगर गहनता से जाँच हो तो इसमें करोड़ो के घोटाले को उजागर किया जा सकता है।

संगठन को मजबूत करने को ले प्रशिक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। संगठन सृजन 2025 को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि धनबाद ,गिरीडीह और बोकारो जिला का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम धनबाद में 22 जुलाई से शुरू होगी जो दो पाली में होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक, मंडल अध्यक्ष जिले के प्रवेक्षक और जिले के प्रशिक्षण प्रभारी भाग लेंगे जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया कि सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है आगामी 22 जुलाई को अपने प्रखंड के मंडल अध्यक्षों के साथ कार्यक्रम स्थल धनबाद में समय पर पहुंच जाएं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के सह प्रभारी बेला प्रसाद एवं प्रदेश के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित रहेंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में गिरिडीह अव्वल

गिरिडीह। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान ग्रामीण 2025 में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं गिरिडीहवासी राज्य में अव्वल रहा। मौसम की परवाह किए बिना, ग्रामीण महिलाएं आगे बढ़कर न केवल सर्वेक्षण में अपना योगदान दे रही हैं। सिटीजन फीडबैक ऐप के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण में भाग लेकर अपने-अपने गांव की स्वच्छता हेतु सक्रिय भूमिका निभाने में योगदान दे रही हैं। जिसका फीडबैक सभी सरकारी गैर सरकारी कर्मियों को दिया गया है। पेयजल स्वछता विभाग से जलसहियाओं ने युद्व स्तर पर ग्रामीणों के घर घर जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का फीडबैक दिलवाने का काम की है। बुजुर्ग और दिव्यांग दंपति ने भी स्वछता पर अपनी राय देकर गिरिडीह को पूरे झारखंड में अव्वल लाने का काम किया है।

देवघर के लिए दर्जनों युवा हुए रवाना



चौपारण। प्रखंड अंतर्गत पंचायत चोरदाहा के दनुआ से दर्जनों युवकों ने देवघर के लिए रवाना हुए। युवाओं ने देवघर रवाना से पहले गाँव मे स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया। मौके पर मौजूद पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सुखेदव पासवान ने कहा देवघर श्रवण मास में पूरे भारत के लिए जाना जाता है। अलग अलग राज्यो से कावड़ियां जल लेकर देवघर बाबा बोले पर जलाभिषेक करते है। वही सौभाग्य की बात है हमारे पंचायत से युवा बाबा नगरी देवघर में जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि सुल्तानगंज से जल उठाकर बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करेंगे। कांवरिया जत्थे में सुरेंद्र केशरी, ब्रजेश गुप्ता, सौरभ विश्वकर्मा, दिलीप यादव, राजेश गुप्ता, सन्नी गुप्ता, मुन्ना सिंह, सोनू केशरी, अन्य युवा श्रद्धालु शामिल है।

धरना दे रहे युवाओं ने कंपनी के वाहन को किया बाधित

बड़कागांव। कट ऑफ डेट को लेकर युवा विस्थापित संघर्ष समिति का बड़कागांव 13 माइल के पास चल रहे महाधरना के 38 वें दिन युवाओं ने एनटीपीसी के ट्रांसपोर्टिंग वाहनों एवं अधिकारियों के गाड़ियों को रोक कर विरोध प्रदर्शन किए। इस दौरान पुलिस - प्रशासन से त्रिपक्षीय वार्ता कराने की मांग करने लगे। विदित हो कि कट ऑफ डेट को लेकर युवाओं के द्वारा 10 जून से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन और एनटीपीसी के द्वारा सुनवाई नहीं होने पर युवाओं ने कंपनी के गाड़ियों को रोका। इससे पूर्व युवाओं ने डीसी एवं एसी को कई बार लिखित सूचना दे चुके हैं। इसके अलावा झारखंड सरकार के भू राजस्व मंत्री दीपक बिरवा को भी सूचना दी गई है। इस महाधरना की खास बात यह है कि युवाओं का धरना प्रदर्शन पर बैठे 38 दिन हो गए है और प्रत्येक दिन एनटीपीसी को 38 लेटर देकर इसकी सूचना दिया गया है। कट ऑफ डेट नीति के विरोध कर रहे युवाओं ने कंपनी के गाड़ियों को रोका। मौके पर पूर्व विधायक एवं एनटीपीसी की अधिकारियों की उपस्थिति में बीडीओ को युवाओं ने हजारीबाग डीसी को संबोधित करते हुए त्रिपक्षीय वार्ता करने की मांग पत्र को सौंपा।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी कैटलॉग सं.एमएसएस-एएसएन-एसटीजीईएन-3, क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एएसएन-एएसएन-एसटीजीईएन-49-25-1, कार्य का विवरण:** 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल में स्टाफ कैंटीन के परिचालन एवं रखरखाव का प्रावधान। **ई-नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 29.07.2025 को 12.30 बजे।

ASN-124/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

स्वच्छता में पटना की बड़ी छलांग

▶ पटना देश भर के 21 शहरों में शामिल ▶ गंगा टाउन में चार नंबर पर पहुंचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कभी स्वच्छता की दौड़ में पीछे माना जाने वाला शहर आज देशभर के हजारों शहरों के बीच अपनी एक स्वच्छ पहचान के साथ एक अलग छवि प्रस्तुत कर रहा है। पटना नगर निगम को स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन हेतु दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मान प्राप्त हुआ।



स्वच्छता की राह पर तेजी से बढ़ता पटना

नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि पटना ने स्वच्छता के क्षेत्र में बीते वर्षों में असाधारण प्रगति की है और यह सम्मान कर्मियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। आमजनों को सुविधा देने वाला पिंक टॉयलेट, लू कैफे एवं निगम नीर एवं मेवहॉल एम्बुलेंस की गाड़ियां पटना नगर निगम की वेस्ट गाड़ियों से तैयार कर सफल पूर्वक इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत सिटीजन फीडबैक कैटेगरी में पटना 4था स्थान मिला। यह स्थान केवल सरकारी प्रयासों का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें शहरवासियों की जागरूकता और भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई है। नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए फीडबैक जुटाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए।

जनजागरूकता से बदली छवि- पटना नगर निगम द्वारा मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया पोस्ट, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैलियां और स्कूलों-कॉलेजों में प्रतियोगिताएं आयोजित कर आम लोगों को इस मुहिम से जोड़ा गया। नगर निगम की टीम ने घर-घर जाकर लोगों से फीडबैक फॉर्म भरवाए जिससे न केवल सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ी बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों की सक्रियता और समझ भी गहरी हुई। यह प्रयास पटना के समग्र प्रदर्शन में एक मजबूत आधार साबित हुआ। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर उन्हें स्वच्छ स्थल के रूप में विकसित किया गया। इन स्थलों पर सफाई कर्मियों के साथ मिलकर पिकनिक आयोजित की गई ताकि न केवल स्वच्छता का संदेश दिया जा सके बल्कि कर्मियों का मनोबल भी बढ़ाया जाए।

जन जागरूकता – सड़क पर कचरा फेंकने 'सड़क शत्रु': इसके साथ ही शहर में 'नो लिटरिंग जोन', 'स्वच्छता एप्लिकेशन' और 'स्वच्छ गार्डन' जैसी योजनाएं लागू की गई जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। सड़क पर कचरा फेंकने वालों को 'सड़क शत्रु' के रूप में चिह्नित किया गया और उन्हें न केवल जागरूक किया गया बल्कि सार्वजनिक रूप से शहर को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई।

स्वच्छता का राष्ट्रीय सम्मान, हर पटनावासी का सम्मान

सब मिलकर आदतें सुधारें तो और बड़ी बनेगी पहचान : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में पटना नगर निगम को मिले सम्मान से हर्षित पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने सभी पटनावासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी के लिए तथा बिहार में सबसे बेहतर स्वच्छता के लिए पटना नगर को मिला सम्मान पटना के हर व्यक्ति का सम्मान है। स्वच्छता के क्षेत्र में सभी ने मिलकर काम किया है जिससे पटना की रैंकिंग में सुधार आया है। फिर भी हमें बहुत काम करना बाकी है। हम सबको संयुक्त रूप से अपनी आदतों में सुधार लाना होगा। घर पर ही गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग करना होगा ताकि उनका आसानी से डिस्पोजल हो सके। इसी तरह इधर-उधर थूकने और मलमूत्र त्यागने की आदत बंद करनी होगी। समेकित प्रयासों से ही शहर स्वच्छ और सुंदर होगा।



एसबीआई में राजभाषा की समीक्षा बैठक आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक के. वि. बंगारराजु ने की। बैठक का आरंभ मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल के स्वागत भाषण तथा उद्देश्य व्याख्या से हुआ। उक्त बैठक में बैंक के राजभाषा विभाग द्वारा तैयार की गई गृह-पत्रिका का विमोचन किया गया। पत्रिका का विमोचन करते हुए करते हुए पटना नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं सफाई कर्मचारी सुलेखा एवं मानती और नगर निगम की टीम उपस्थित रही। सम्मान समारोह कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी कुमारी सशक्त स्थाई समिति के सदस्यगण, मंडल के नव मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने कहा कि पत्रिका हमारी संस्थागत गतिविधियों का आईना ही नहीं बल्कि एक ऐसा मंच है जो बैंक स्टाफ सदस्यों की रचना धर्मिता को प्रोत्साहन देती है। महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं आर. नटराजन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि व्यवसाय में हिंदी के प्रयोग से हमें प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। अतः हिंदी का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व होने के साथ-साथ हमारी व्यावसायिक जरूरत भी है। वक्ताओं ने हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने वाले स्टाफ सदस्यों एवं हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बैठक में सभी उप महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। डॉ संजय कुमार सिंह सहायक महाप्रबंधक राजभाषा ने बैठक का संचालन किया तथा देवेश कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक राजभाषा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पारस अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या पर गरमायी सियासत

पप्पू यादव ने बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना के पारस अस्पताल के आईसीयू में घुस कर गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोली मार कर हत्या की घटना पर सियासत भी शुरू हो गई है। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव घटनास्थल पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें अस्पताल के अंदर जाने से रोक दिया जिस पर सांसद पप्पू यादव भड़क गए और पुलिस-प्रशासन के साथ-साथ एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। मीडिया से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। यहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। इसके बाद पप्पू यादव ने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। राज्यपाल से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं, बल्कि भाजपा शासन चला रही है। राज्य का पूरा सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। अब सिर्फ राष्ट्रपति शासन ही विकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने गोपाल खेमका हत्याकांड और बालू व्यवसायी रमाकांत यादव हत्याकांड की सीबीआई जांच की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार पुलिस जाति देखकर कार्रवाई करती है और हर बड़े मामले को दबाने में लगी रहती है। उन्होंने कहा हर जगह अपराधी बेखौफ हैं, पुलिस सिर्फ दिखावा कर रही है। इसलिए हम राज्यपाल से मिले हैं और स्पष्ट मांग की है कि बिहार में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। वहीं ललन सिंह के मटन पार्टी आयोजन को लेकर पप्पू यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब राज्य में लोग सुरक्षित नहीं हैं तो कौन क्या पार्टी करेगा? मटन पार्टी करें या कुछ और क्या फर्क पड़ता है? जब आदमी ही नहीं बचेगा तो पार्टी कौन खाएगा? वहीं प्रशांत किशोर और ललन सिंह को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी अपनी राजनीति है और हमारी राजनीति बिहार की 14 करोड़ जनता की सुरक्षा को लेकर है। उधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अपराधियों ने अस्पताल में भर्ती मरीज को आईसीयू में घुसकर मारी गोली। बिहार में कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं। 2005 से पहले ऐसे होता था क्या। वहीं कांग्रेस ने कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि बिहार देश का क्राइम कैपिटल है। एक कैदी को अस्पताल के वार्ड में गोली मारी जाती है। इससे यह साफ है कि बिहार में पुलिस का इकबाल खत्म हो चुका है। नीतीश कुमार आपके राज में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। इस बीच तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि भतीजा, याद है न आपके डैडी और मम्मी ही साक्षात बिराजमान हैं 10 नंबर में। 2005 के पहले आपके दल के नेता बृज बिहारी प्रसाद को सरेआम गोलियों से भून डाला गया था। पुलिस अभिरक्षा में थे वे। उस समय आपके पिता जी को राजनैतिक कोरोना हो गया था। नीतीश कुमार के राज में अपराधी के खिलाफ मुकम्मल कार्रवाई होता है। ये बिहार की जनता जानती है। नीरज कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल में जो विभिन्न मामलों के आरोपी पर गोली चलाने की घटना हुई वो निजी अस्पताल का मैटर है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड है।

आज कैबिनेट की दूसरी बैठक

बड़े फैसलों को दी जा सकती है मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीन दिनों के अंदर शुक्रवार को फिर कैबिनेट की बैठक बुलाई है। मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में शाम पांच बजे से यह बैठक शुरू होगी। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा सभी विभागों के मंत्री मौजूद रहेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि चुनावी साल में मुख्यमंत्री राज्य के लोगों को बड़ी सौगात दे सकते हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है। चुनाव से पहले सरकार जनता से अब तक किए गए सभी वादे पूरे कर लेना चाहती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कई बार इस बात को कह चुके हैं कि चुनाव से पहले सभी काम को पूरा कर लेना है। सभी काम को पूरा करने के बाद ही जनता के सामने वोट मांगने के लिए जाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव से पहले जो भी कैबिनेट की बैठक होगी, वह काफी अहम होगा। कैबिनेट की बैठक में सरकार उन प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाएगी जो काफी अहम हैं। बिहार में अब तक लाखों लोगों को नौकरी मिल चुकी है और सरकार लगातार इस पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बिहार के युवाओं से एक करोड़ नौकरी और रोजगार का वादा किया था जिसे वह हर हाल में पूरा कर लेना चाहते हैं। शुक्रवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में मुफ्त बिजली को लेकर प्रस्ताव आ सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सुबह ही अपने सोशल मीडिया एकाउंट से 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने इसी माह से इस घोषणा को लागू करने की बात भी कही है। ऐसे में माना जा रहा है कि कैबिनेट में इसको लेकर प्रस्ताव आ सकता है। चुनावी साल में सरकार और भी कई सौगात राज्य के लोगों को दे सकती है।

रेलवे बोर्ड के सतीश कुमार ने राजेन्द्रनगर-राजेन्द्रपुल-कर्पूरीग्राम-बापूधाम मोतिहारी रेलखंड का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा राजेन्द्रनगर टर्मिनल-राजेन्द्रपुल-कर्पूरीग्राम-बापूधाम मोतिहारी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार द्वारा सर्वप्रथम पटना जं. के समीप हार्डिंग पार्क में निर्माणाधीन 5 टर्मिनल प्लेटफॉर्म का जायजा लिया।

टी सी एच एडुसर्व में नया बैच शुरू



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा 4.O, सी-टेट, एस टी ई टी, की तैयारी हेतु बिहार की अग्रिम शिक्षण संस्थान टी सी एच एडुसर्व में नया बैच मंगलवार से शुरू होगी। एस एस सी एवं बैंकिंग की बैच 15 जुलाई से शुरू हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बैच में टेस्ट सीरीज बिल्कुल मुफ्त दी जाएगी एवं प्रतिदिन 3 घंटे की क्लास चलेगी। संस्थान ने पिछले 5 वर्षों में 10,000 से अधिक विद्यार्थियो के सफलता में भूमिका निभाई है। संस्थान के निदेशक सौरव झा ने बताया कि अभी सभी तरह के कोर्स पर छूट दी जा रही है एवं एस एस सी, रेलवे, बैंकिंग के बैच में नामांकन पर विद्यार्थियों के अंक के आधार पर छूट दी जा रही है।

विधान सभा के दलीय नेताओं की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। 21 जुलाई से प्रारंभ हो रहे बिहार विधान मंडल के आगामी सत्र के सफल संचालन हेतु बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय कक्ष में 5 बजे अपराह्न में बिहार विधान सभा के दलीय नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि इस सत्र के सफल और शांतिपूर्ण संचालन हेतु यह महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। यह 17वीं विधान सभा का अंतिम सत्र है जिसमें आप सभी का सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। मेरा मानना है कि यदि सत्र सुचारू रूप से चले तो इस सत्र में अधिकाधिक कार्यों को निष्पादित किया जा सकेगा। मुझे विश्वास है कि आगामी सत्र में इस सदन में जनहित के विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श होगा एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष परस्पर सहयोग से जन समस्याओं का समाधान करेंगे। इस सत्र के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु मेरा यह प्रयास रहेगा कि स्थापित परंपराओं, नियमों एवं बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के प्रावधानों के तहत आप सभी के सहयोग से सदन में सकारात्मक माहौल में चर्चा हो। व्यवस्थित ढंग से सदन चलाने में सभी दलों से सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा, ऐसी मेरी अपेक्षा है। प्रश्नोत्तर काल बाधित न हो, इसका ध्यान सभी को रखना है। बैठक में पक्ष एव विपक्ष के सभी नेताओं ने प्रश्न काल सहित सदन के सभी बिजनेस को गंभीरता से चलाने में अध्यक्ष को सकारात्मक सहयोग देने पर अपनी सहमति दी। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सदस्य जनक सिंह, अख्तरुल इमाम, अजय कुमार, राजेश कुमार, अख्तरुल ईस्लाम शाहीन, अनिल कुमार तथा बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह एवं सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।



वर्षों से लंबित प्रोन्नति के मामलों का होगा निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार के आदेशानुसार, कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने गुरुवार शाम बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर नवीन कुमार अग्रवाल से विकास भवन, पटना स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुंगेर विश्वविद्यालय हेतु भूमि अधिग्रहण एवं स्नातकोत्तर विभाग की मान्यता के संबंध में बताया गया कि आगामी विधानसभा सत्र, जो 22 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक आयोजित हो रहा है, में अनुमति प्राप्त कर ली जाएगी। तत्पश्चात राज्यपाल सह कुलाधिपति के अनुमोदन के पश्चात इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। भूमि अधिग्रहण हेतु प्राक्कलन जिलाधिकारी द्वारा तैयार कर भेजा जाएगा जिसके पश्चात प्राक्कलित राशि जारी की जाएगी। स्नातकोत्तर विभाग में कुछ नए पाठ्यक्रमों की मान्यता की जानकारी प्राप्त हुई है जो अन्य को प्राप्त नहीं हुई होगी। रेशनलाइजेशन से संबंधित पत्र प्राप्त किया गया जो तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय का है। अब मुंगेर विश्वविद्यालय को अपने स्तर से ही युक्तिकरण, रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। मुंगेर विश्वविद्यालय के दो सेवानिवृत्त प्राध्यपकों की प्रोन्नति से संबंधित मामले को कुलाधिपति के समक्ष पांच सप्ताह में निष्पादित करने का आश्वासन दिया गया।



चुनाव आयोग पूरी तरह भाजपा के इशारे पर काम कर रहा : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को चुनाव आयोग पर जम कर हमला बोला। राजद के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि अब कोई संदेह नहीं बचा है चुनाव आयोग पूरी तरह से भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। तेजस्वी ने एसआईआर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के गहन परीक्षण के नाम पर दलित और वंचित तबके के लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने खासकर यादव बहुल क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की आशंका जताई है। तेजस्वी ने इस मुद्दे पर जल्द ही ठोस कार्रवाई का ऐलान किया है। तेजस्वी ने कहा कि तीन दिन पहले 35 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की खबर आई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह काम अभी शुरू ही होना है तो यह जानकारी कैसे सामने आई।

इनर ह्वील क्लब आशियाना पटना की अध्यक्ष बनीं सुजाता शर्मा

सावन उत्सव के साथ नए सत्र की भव्य शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। इनर ह्वील क्लब आशियाना पटना ने अपने नए कार्यकाल 2025-26 की शुरुआत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के इंस्टॉलेशन समारोह के साथ की। इस अवसर पर सुजाता शर्मा ने क्लब की अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। उनके साथ उपाध्यक्ष भारती सिंह, पूजा वर्मा, अंजली प्रसाद, निशा गुप्ता तथा पूर्णिमा ने भी अपने-अपने दायित्व ग्रहण किए। इंस्टॉलेशन समारोह के उपरांत क्लब की सभी सदस्यों ने मिलकर पारंपरिक उल्लास के साथ सावन फेस्टिवल का आयोजन किया। हरियाली और उत्साह से सजे इस कार्यक्रम में गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सामाजिक समर्पण की झलक देखने को मिली। अध्यक्ष बनने के बाद अपने संबोधन में सुजाता शर्मा ने कहा इनर ह्वील क्लब आशियाना सदैव समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य करता रहा है और आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित रहेगा। हमारा उद्देश्य सेवा को संस्कार में बदलना है। इस अवसर पर क्लब की पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहीं और नए कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एकता, सेवा और नारी शक्ति की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली।



ऑटिज्म पर विशेष कार्य करेगी रोटरी पटना सिटी : डॉ. बी.एम. प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बैठक में रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी का 35वां इंस्टॉलेशन समारोह सह डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. बी. एम. प्रसाद, सचिव रोटेरियन विष्णु झुनझुनवाला एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन रव्यांशु प्रीत ने 2025-26 सत्र के लिए अपने दायित्वों का विधिवत रूप से ग्रहण किया। समारोह में रोटरी मंडल 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो नम्रता नाथ, असिस्टेंट गवर्नर उमेश कुमार सहित अनेक गणमान्य सदस्य, पूर्व अध्यक्षगण और समाजसेवी शामिल हुए। वहीं अध्यक्ष डॉ. बी. एम. प्रसाद ने बताया कि सत्र 2025-26 में रोटरी पटना सिटी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के साथ-साथ ऑटिज्म के क्षेत्र में विशेष कार्य किया जाएगा। बैठक में आइपीएस विकास वैभव, पूर्व मंत्री श्याम रजक सहित कई गणमान्य सामाजिक व्यक्तियों ने रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की सदस्यता ग्रहण की।



अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त चार नये अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त 04 नये अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। 18 जुलाई 2025 को इन 04 नये अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन 18.07.2025 को गाड़ी सं. 03261 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली उद्घाटन स्पेशल के रूप में राजेन्द्रनगर से किया जाएगा। यह स्पेशल राजेन्द्रनगर से 11.45 बजे खुलकर पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, डीडीयू, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी एवं गाजियाबाद रूकते हुए अगले दिन 04.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन 18.07.2025 को गाड़ी सं. 05561 दरभंगा-गोमतीनगर उद्घाटन स्पेशल के रूप में दरभंगा से किया जाएगा।

बासा भवन में सावन मिलन का सांस्कृतिक उल्लास, पारंपरिक गीत-नृत्य से सजी शाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सावन के सौंदर्य और भारतीय परंपराओं की सरसता को समर्पित सावन मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार को बिहार प्रशासनिक सेवा वाइफ्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी स्थित बासा भवन, इनकम टैक्स, पटना में बड़े ही पारंपरिक और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष नीलू कुमारी ने की जबकि आयोजन की समग्र रूपरेखा सचिव राखी माधुर एवं कोषाध्यक्ष छाया दर्द के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां, रैंप वाक, पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियां, गीत, झूला एवं सावन क्वीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बिहार प्रशासनिक सेवा वाइफ्स एसोसिएशन की सदस्याओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सावन के लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर 'नमो नमो हे संकरा', 'आया सावन झूम के', 'चूड़ी मजा न देगी', 'सावन में मोरनी बन कर छम छम नाचूं', जैसे सावनी गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। प्रीति, अर्चना, निहारिका, अनीता, राखी, छाया, सुनीता और कविता ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया। वहीं कार्यक्रम में श्वेताम्बरी, पूनम, स्वीटी, राधा, मोनिका, नीलिमा, सुषमा समेत अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं और पूरे आयोजन को उल्लास और आत्मीयता से भर दिया।



संपादकीय

यौन उत्पीड़न -प्रशासन और शासन की लापरवाही

किसी भी आपराधिक घटना में न्याय मिलने में जरूरत से ज्यादा विलंब या न्याय मिलते नहीं दिखना, पीड़ित व उसके परिवार की पीड़ा को कई गुना बढ़ा देता है। कई बार तो पीड़ित व्यक्ति इतना आहत हो जाता है कि उसके जीने की इच्छा तक दम तोड़ देती है। ओड़ीशा में बालासोर के एक कालेज की छात्रा के साथ भी संभवत- यही हुआ। इस छात्रा ने अपने एक शिक्षक के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता आत्मदाह जैसा चरम कदम उठाने पर मजबूर हो गई और अब उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सवाल है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कालेज प्रशासन ने इस मामले में तत्काल गंभीरता और संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई? पीड़िता को ऐसा क्यों महसूस हुआ कि उसे न्याय नहीं मिल पाएगा? गौरतलब है कि पीड़ित छात्रा ने संबंधित कालेज की आंतरिक अनुपालन समिति में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। खबरों के मुताबिक, न सिर्फ उस पर तत्काल जांच जैसी कोई कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि मामले को दबाने के लिए दबाव भी बनाया गया। इससे आहत होकर पीड़िता ने खुद को आग लगा ली। अब वह अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है। इस घटना के बाद कालेज के प्राचार्य और विभागाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है और मामले में मुख्य आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही सरकार ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित की है। सवाल है कि अगर कालेज प्रशासन की ओर से ऐसी सक्रियता पहले दिखाई गई होती, तो क्या छात्रा को खुद को आग लगाने की हद तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता था? अक्सर देखा गया है कि जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है, तो उसके बाद ही शासन और प्रशासनिक अमला हरकत में आकर चुस्ती दिखाने लगता है। जबकि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जाती है। सरकार को इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आरोप और घटना की गहन जांच हो, सच्चाई सामने आए, दोषी को सजा मिले और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो। तभी न्याय की उम्मीद की जा सकती है।

मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा - निर्देश : अनुकूल कम

अजय टम्टा

पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालाँकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।

इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत ÷मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2020÷ जारी किये थे। इन दिशानिर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढाँचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 पेश किया है। ÷यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है÷।

मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशानिर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

दिशानिर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रूपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे।

इसके अलावा, नए दिशानिर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20त्न तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहाँ यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।

यात्रियों के लिए भी ये दिशानिर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी।

एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इन ऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएँ होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं। राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24×7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए।

यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है। दिशानिर्देशों में स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित की गई हैं- राज्य की नीति के आधार पर किराए में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च माँग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म को किराए का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं।

महत्वपूर्ण रूप से, दिशानिर्देश उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का भी ध्यान रखते हैं। एग्रीगेटर्स को भारत-स्थित सर्वरों पर उपयोगकर्ता डेटा का संग्रह करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम सहित डेटा सुरक्षा रूपरेखा का पालन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि डेटा का दुरुपयोग या लीक न होना सुनिश्चित हो सके और भारत की संप्रभु डेटा नीतियों के अनुसार इसे सुरक्षित रखा जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के विजन, जो समावेशी और सतत विकास पर जोर देता है तथा दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, दिशानिर्देश में इस बात को अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर बेड़े का एक हिस्सा दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाएं और कार्यबल में ड्राइवरों के रूप में दिव्यांगजनों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। ऐसे वाहनों की संख्या राज्यों द्वारा स्थानीय जरूरतों और आवश्यकताओं के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

स्थायित्व के लिए एक बड़े प्रयास के तहत, एग्रीगेटर्स को अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वैकल्पिक ईंधन या शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को शामिल करने की आवश्यकता है। संबंधित वायु नियामक निकाय वाहन-परिचालन प्लेटफार्मों के लिए राज्यवार ईवी लक्ष्य निर्धारित करेंगे, तथा यह भारत के जलवायु और स्वच्छ वायु लक्ष्यों के अनुरूप है। दिल्ली की 'देवी' (डीईवीआई) बसें जैसी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियाँ ईवी एकीकरण के उदाहरण हैं, जो पहले से ही मौजूद हैं।

ये दिशानिर्देश राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों, विशेष रूप से अनुच्छेद 39 के अनुरूप हैं, जो राज्य को निर्देश देता है कि गिग श्रमिकों सहित नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, की न्यायालयों द्वारा की गयी व्याख्या में सुरक्षित कार्य वातावरण के अधिकार और सम्मान के साथ आवागमन के अधिकार को शामिल किया गया है।

कई न्यायिक निर्णयों ने यात्रा वाहन परिचालन क्षेत्र में उचित नियमन की आवश्यकता पर बल दिया है। पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ (1982) और ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे नगर निगम (1985) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 2 के एक अभिन्न अंग के रूप में आजीविका के अधिकार पर जोर दिया। उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम भारत संघ (2020) के मामले में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एग्रीगेटर के मूल्य निर्धारण और लाइसेंस प्रक्रिया को विनियमित करने के राज्य सरकारों के अधिकार को बरकरार रखा, जहाँ यह कहा गया कि उपभोक्ता हितों को पूरी तरह से बाजार-संचालित मूल्य निर्धारण मॉडल के ऊपर रखा जाना चाहिए।

ये फैसले 2025 के दिशानिर्देशों के तहत गिग श्रमिकों को दी गई कई सुरक्षाओं के कानूनी आधार हैं। दिशानिर्देश मोटर वाहन एग्रीगेटर्स के लाभ और यात्रियों के हितों के बीच संतुलन बनाने का एक प्रयास है, साथ ही यह अक्सर उपेक्षित गिग श्रमिकों के अधिकारों को प्राथमिकता देता है।

माननीय प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के दृष्टिकोण के अनुरूप, नए दिशानिर्देश एक सरल नियामक प्रणाली प्रदान करते हैं। अब एग्रीगेटर 60 दिनों के भीतर सभी राज्यों में लागू सभी प्रकार के मोटर वाहनों के लिए एकल लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। इससे यात्री वाहन परिचालन कंपनियों के लिए ड्राइविंग टेस्ट सुविधा की व्यवस्था करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसके बजाय, अब उन्हें मंत्रालय की वाहन परिचालन प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर), क्षेत्रीय वाहन परिचालन प्रशिक्षण केंद्र (आरडीटीसी) और वाहन परिचालन प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित इन केंद्रों का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक प्रशिक्षण को सुलभ बनाना है, जिसमें जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति के आधार पर आईडीटीआर के लिए 17.25 करोड़ रुपये, आरडीटीसी के लिए 5.5 करोड़ रुपये और डीटीसी के लिए 2.5 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जाता है।

ये संस्थान न केवल व्यक्तियों को उच्च-गुणवत्ता वाले वाहन परिचालन कौशल प्रदान कर रहे हैं, बल्कि देश भर में पेशेवर रूप से प्रशिक्षित ड्राइवरों का एक समूह बनाने में भी योगदान दे रहे हैं। इस पहल से सड़क सुरक्षा बढ़ाने और भारतीय सड़कों पर यातायात दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है। सरकार ने वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को 50त्न तक कम करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, यह स्वीकार करते हुए कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में अनुमानित 3त्न का आर्थिक नुकसान होता है।

इन दिशानिर्देशों का जारी होना भारत के मज़बूत संघीय ढाँचे और संवैधानिक प्रावधानों को प्रतिबिंबित करता है। भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार परिवहन समवर्ती सूची का विषय है, जो राज्यों को एग्रीगेटर्स के लाइसेंस और संचालन के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। अधिनियम की धारा 93 विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केंद्र सरकार को इस उद्देश्य के लिए ऐसे दिशानिर्देश या लाइसेंस प्रक्रिया जारी करने में सक्षम बनाती है।

यद्यपि केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए, मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025 का राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा स्थानीय अनुकूलन सुनिश्चित करते हुए पालन किया जा सकता है। लेकिन, राज्यों को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित अधिकार दिए गए हैं। एग्रीगेटर्स को लाइसेंस जारी करना, किराया संरचना और उच्च मांग की अवधि में किराया वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) की निगरानी करना, चालक प्रशिक्षण और सत्यापन लागू करना, अनुपालन का उल्लंघन करने वाले प्लेटफार्मों को दंडित करना, साझा गतिशीलता मॉडल के तहत यात्रियों के लिए गैर-परिवहन मोटरसाइकिलों के उपयोग को अधिकृत करना, एग्रीगेटर बेड़े के लिए इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य निर्धारित करना और उन्हें लागू करना।

ज़िम्मेदारियों का यह विभाजन भारत के सहकारी संघवाद के मॉडल को प्रतिबिंबित करता है, जहाँ नीति निर्माण केंद्रीकृत है, लेकिन कार्यान्वयन संदर्भ-संवेदनशील और राज्य-विशिष्ट है।

मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में सुधार की दिशा में एक प्रगतिशील और समय-अनुकूल कदम है। इस पहल की सफलता प्रभावी कार्यान्वयन, जन जागरूकता और प्लेटफ़ॉर्म अनुपालन पर निर्भर करेगी। यदि राज्य इसका पालन करते हैं, तो इसमें यात्री वाहन परिचालन सेवाओं को शहरी परिवहन के एक सुरक्षित, अधिक जवाबदेह और अधिक समावेशी साधन में बदलने की क्षमता है, जो पूरे देश में ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा।

ऐसे देश में जहाँ अनौपचारिक श्रमिकों का नीति-निर्माण में अक्सर प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता है, ये दिशानिर्देश एक महत्वपूर्ण बदलाव के प्रतीक हैं। ये दिशानिर्देश ऐप-आधारित ड्राइवर को न केवल एक सेवा प्रदाता के रूप में बल्कि अधिकारों, सम्मान और आकांक्षाओं वाले एक श्रमिक के रूप में देखते हैं। ये दिशानिर्देश यात्री को केवल एक उपभोक्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे नागरिक के रूप में मान्यता देते हैं जो सुरक्षित, सस्ती और पारदर्शी सेवाओं का हकदार है।

मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 भारत में डिजिटल मोबिलिटी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एग्रीगेटर्स के लिए स्पष्ट मानक और ज़िम्मेदारियाँ निर्धारित करके, ये दिशानिर्देश ड्राइवरों के लिए उचित आय और सामाजिक सुरक्षा, यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा और सुविधा तथा पर्यावरण की दृष्टि से सतत प्रथाओं पर ज़ोर देते हैं। यह संतुलित और समावेशी फ्रेमवर्क न केवल भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की नींव को मज़बूत करता है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के भी अनुरूप है।

(लेखक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, भारत सरकार हैं।)

एससीओ बैठक में जयशंकर और इशाक डार के भाषणों के विश्लेषण से कई बड़ी बातें सामने आईं

(नीरज कुमार दुबे)

- जयशंकर का फोकस भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की नीति और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो।
- चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण ने एक बार फिर यह साफ कर दिया कि दोनों देशों के बीच भले ही मंच साझा हो, लेकिन उनके दृष्टिकोण, प्राथमिकताएं और वैश्विक भूमिका को लेकर सोच में गहरी खाई कायम है। जहां भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का वक्तव्य एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और वैश्विक दृष्टिकोण से परिपूर्ण था, वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण पुरानी शिकायतों, पाकिस्तान की विक्टिम कार्ड वाली छवि और कश्मीर के घिसे-पिटे मुद्दों के इर्द-गिर्द ही सिमटा रहा।
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने भाषण में एससीओ की प्रासंगिकता, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ साझा जिम्मेदारियों पर जोर दिया। उन्होंने न सिर्फ भारत की उभरती हुई वैश्विक भूमिका को रेखांकित किया, बल्कि इस मंच के माध्यम से पाकिस्तान सहित सभी पड़ोसी देशों को स्पष्ट संदेश भी दिया कि आतंकवाद और सीमा-पार हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए जयशंकर ने एससीओ को आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने के अपने स्थापना उद्देश्य से नहीं भटकने की सलाह भी दी। साथ ही जयशंकर का फोकस भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की नीति और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, कनेक्टिविटी और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भारत के रुख ने एक जिम्मेदार और परिपक्व वैश्विक शक्ति की छवि भी पेश की।
- दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण कहीं न कहीं भारत के विरुद्ध पूर्व निर्धारित एजेंडे और पुराने दावों का ही विस्तार प्रतीत हुआ। इशाक डार ने अप्रत्यक्ष रूप से कश्मीर का मुद्दा उठाकर इसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर घसीटने की कोशिश की, जबकि एससीओ का मापदंड है कि यह मंच द्विपक्षीय विवादों के लिए नहीं, बल्कि साझा क्षेत्रीय हितों के लिए है। डार के भाषण में पहलगाम हमले से पल्ला झाड़ने, भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने और भारत के साथ संवाद की आवश्यकता भी जताने जैसी बातें मुख्य बिंदू रहीं। इशाक डार ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दक्षिण एशिया में ''बेहद परेशान करने वाली घटनाएं'' हुईं। इशाक डार ने कहा, ''पाकिस्तान संघर्ष-विराम और स्थिर क्षेत्रीय संतुलन कायम करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। हालांकि, हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि बल का मनमाना प्रयोग सामान्य हो जाए।'' देखा जाये तो पाकिस्तान एक ओर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करता रहा, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय स्थिरता और विकास की बातें करता रहा, जो उसकी नीति में अंतर्विरोध को ही उजागर करता है।
- भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण पर गौर करेंगे तो एससीओ मंच पर दोनों देशों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का फर्क दिखाई देगा। जहां भारत आर्थिक विकास, आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता और क्षेत्रीय स्थिरता की बात कर रहा था, वहीं पाकिस्तान अब भी कश्मीर राग और भारत-विरोधी विमर्श में उलझा हुआ दिखा। भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तो पाकिस्तान अब भी अपनी पहचान और अस्तित्व की राजनीति में उलझा है। इस बैठक से स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तान अपने पुराने एजेंडे से बाहर आने को तैयार नहीं है जबकि भारत हर वैश्विक मंच पर रचनात्मक, समाधानपरक और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है।
- हम आपको यह भी बता दें कि एससीओ के शीर्ष नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की संभावना है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बताया है कि 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन एवं संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। एससीओ तियानजिन शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और एससीओ सदस्य देशों के अन्य नेताओं के इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में जाते हैं तो सबकी निगाहें खासतौर पर भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के भाषण पर लगी रहेंगी। बहरहाल, एससीओ जैसे मंच पर भारत और पाकिस्तान के दृष्टिकोण में दिखा अंतर महज भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों की व्यापक विदेश नीति और भविष्य के कूटनीतिक रास्तों का संकेतक भी है। भारत जहां अपने आत्मविश्वास, आर्थिक मजबूती और वैश्विक भूमिका के आधार पर भविष्य गढ़ रहा है, वहीं पाकिस्तान अब भी अतीत के नारों में फंसा है।

अमर्यादित नहीं हो सकती है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

नागरिकों को भी समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की एक मर्यादा है, उसे लांघना किसी के भी हित में नहीं है। उचित होगा कि नागरिक समाज इस दिशा में गंभीरता से चिंतन करे। सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल समाज में नफरत और विघटन को जन्म दे सकता है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वे जिम्मेदारी से बोलें, संयम रखें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। हमारे यहाँ तो महापुरुषों ने भी कहा है कि जो व्यवहार हम अपने लिए अपेक्षित करते हैं, वही व्यवहार हमें सामने वाले के साथ करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के सामने आया वजाहत खान का मामला ऐसा ही है।

(लोकेन्द्र सिंह राजपूत)

सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल समाज में नफरत और विघटन को जन्म दे सकता है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वे जिम्मेदारी से बोलें, संयम रखें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। जब हम विरोध, आलोचना और असहमति के वास्तविक स्वरूप को भूलते हैं तब हमारी अभिव्यक्ति घृणा और नफरत में बदल जाती है। मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय विचार के संगठनों एवं कार्यकर्ताओं पर टिप्पणी का स्वर ऐसा ही दिखायी पड़ रहा है, जो अमर्यादित है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी ही अमर्यादित अभिव्यक्ति के मामलों की सुनवाई के दौरान बहुत महत्वपूर्ण बातें कहीं है, जिन पर हमें गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। इस पर किसी प्रकार के बाहरी प्रतिबंध लगाना उचित नहीं होगा। लेकिन यदि इसी प्रकार अमर्यादित लिखा-पढ़ी, बयानबाजी और कार्टूनबाजी जारी रही तब समाज में वैमनस्य और सांप्रदायिक तनाव को फैलने से रोकने के लिए कुछ न कुछ युक्तियुक्त प्रबंध करने ही पड़ेंगे। सोशल मीडिया के इस दौर में किसी को भी अमर्यादित और असीमित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती है। नागरिकों को भी समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की एक मर्यादा है, उसे लांघना किसी के भी हित में नहीं है। उचित होगा कि नागरिक समाज इस दिशा में गंभीरता से चिंतन करे। सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल समाज में नफरत और विघटन को जन्म दे सकता है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वे जिम्मेदारी से बोलें, संयम रखें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। हमारे यहाँ तो महापुरुषों ने भी कहा है कि जो व्यवहार हम अपने लिए अपेक्षित करते हैं, वही व्यवहार हमें सामने वाले के साथ करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के सामने आया वजाहत खान का मामला ऐसा ही है, जिसमें हिन्दू देवी पर तो आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा है लेकिन इस्लाम के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध शिकायत दर्ज करा है। जब पलटकर किसी ने हिन्दू धर्म का अपमान करने के आरोप में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी, तो वह न्यायालय में पहुँच गया है। याद हो कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली ने ऑपरेशन सिंदूर के समय भावावेश में आकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हालांकि जब उसे अपनी गलती का अहसास हुआ तो उसने बिना शर्त माफी भी माँग ली और अपना वह वीडियो भी हटा लिया था। लेकिन इसके बावजूद वजाहत खान ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी। हालांकि ऐसा करते समय वजाहत खान ने अपने गिरेबां में



झांककर नहीं देखा कि वह क्या कर रहा है? जब आप अपनी आस्था पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी सुनना पसंद नहीं करते तब आपको दूसरों के देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणियां करने का अधिकार किसने दे दिया है? अच्छा ही हुआ कि वजाहत खान जैसों को आईना दिखाने के लिए हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने पर उनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज करा दिया गया है। अब उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मोल समझ आएगा। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा है कि लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए।

इसी प्रकार, सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय के बेहद आपत्तिजनक कार्टून को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सख्त टिप्पणी की है। न्यायालय ने कार्टूनिस्ट की मानसिकता पर प्रश्न उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर बनाए गए इस आपत्तिजनक कार्टून को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आजकल कार्टूनिस्ट और स्टैंडअप कॉमेडियन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं। क्या ये लोग कुछ भी बनाने और बोलने से पहले सोचते नहीं है? न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस प्रकार के घृणित व्यंग्य चित्रों को संरक्षण नहीं दिया जा सकता है। हेमंत मालवीय के कार्टून में कोई परिपक्वता नहीं है। ये वास्तव में भड़काऊ है। याद हो कि इस कार्टूनिस्ट के मामले में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय भी फटकार लगा चुका है। उच्च न्यायालय ने जब कार्टूनिस्ट की जमानत याचिका खारिज की तो उसने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था लेकिन यहाँ भी उनके कृत्य पर कोई राहत नहीं मिली है। हेमंत मालवीय के कार्टून में कोई कलात्मक अभिव्यक्ति भी नहीं है। अपनी वैचारिक और राजनीतिक खुन्नस निकालने के लिए इस प्रकार के लोग कला को भी बदनाम करते हैं, जो अभिव्यक्ति की सशक्त माध्यम हैं। मजेदार तथ्य यह कि हेमंत मालवीय का बचाव कर रहे उनका भी वकील यह मानता है कि हाँ, ये घटिया कार्टून है। लेकिन क्या ये अपराध है? नहीं, यह अपराध नहीं हो सकता। यह आपत्तिजनक हो सकता है लेकिन अपराध नहीं। अब यह अपराध है या नहीं, यह तो न्यायालय तय करेगा लेकिन मालवीय का वकील कम से कम यह तो स्वीकार ही कर रहा है कि कार्टून घटिया है। आरोप यह हैं कि उनका कार्टून प्रधानमंत्री और एक राष्ट्रीय संगठन का अपमान ही नहीं करता है अपितु सांप्रदायिकता को भी भड़काता है। हेमंत मालवीय की शिकायत दर्ज करानेवाले सामाजिक कार्यकर्ता विनय जोशी आरोप लगाए हैं कि मालवीय

संक्षिप्त समाचार

यदुनन्दन पासवान बनें जदयू अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष

कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत के पनसगवा गांव निवासी यदुनन्दन पासवान को जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देवनन्दन मांझी ने पत्र जारी कर इसकी मनोनयन की सूचना जिला उपाध्यक्ष को दिया है। यदुनन्दन पासवान को जिला उपाध्यक्ष बनने पर जदयू प्रखण्ड सह 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,ईश्वरी महतो,शिवालक प्रसाद आदि ने बधाई दिया है।

कौआकोल में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में वज्रपात से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी लगभग 45 वर्षीय राजेश साव उर्फ राजो साव,पिता-स्व० शिवनन्दन साव अपने खेत में काम कर रहे थे। अचानक गुरुवार को तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में उनकी मौत हो गई। आनन फानन में स्वजनों द्वारा इसकी सूचना 102 को दी गई। जिसके बाद सरकारी एम्बुलेंस से शव को कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

आश्रितों को दिया गया 4 लाख रुपए का चेक

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रहुई थाना क्षेत्र के चंदुआरा गांव में बुधवार को ठनका गिरने से एक व्यक्ति राम विलास यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मराज कुमार ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपए की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया।

लूट के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पुलिस ने दो सड़क लुटेरे को गिरफ्तार किया। उसके पास से लुट का मोबाइल मिला। घटना नालंदा थाना क्षेत्र के नालंदा सैनिक स्कूल पथ की है। थाना प्रभारी निशि कुमार ने बताया कि 17 मई को हिसार की रहने वाली महिला ई रिक्शा से सैनिक बेटी को लाने जा रही थी। महिला के पति फौज में हैं। तभी कुल भदारी गांव के पास ईंट भट्ठे के समिप बाइक सवार लुटेरे पर्स छीनकर फरार हो गया था। श्याम नगर के अनिल यादव का पुत्र धर्मेंद्र कुमार उर्फ मल्ली एवं मिथिलेश सिंह का पुत्र अभिषेक कुमार को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया। अभिषेक के पास से मोबाइल बरामद हुआ। दोनों को न्यायालय के सुपूर्त कर दिया गया।

जेवर दुकान का शटर तोड़ पांच लाख के जेवरात चोरी

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने शटर तोड़कर उसमें रखे जेवरात ले भागे। घटना नालंदा खंडहर के समिप सारिलचक मोड़ के पास की है। दुकानदार अजित वर्मा ने बताया कि गुरु वार को सुबह स्थानिय लोगों ने शटर टुटे होने की खबर दी। हमने बैंक तथा महाजन से कर्ज लेकर दुकान खोला था। लुटेरे दुकान में रखे करीब पांच लाख के जेवरात ले गये। थाना प्रभारी निशि कुमार ने बताया कि दुकानदार ने घटना की सूचना नहीं दी। सूचना मिलते हीं हमलोग घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दिया है। लेकिन घटना के 12 घंटे बाद भी दुकानदार ने आवेदन नहीं दिया है। हर स्तर पर जांच की जा रही है।

पानी में डूबने से एक की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिंद थाना क्षेत्र के मदनचक गांव में पानी में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मदनचक गांव निवासी रामचरण यादव के 51 वर्षीय पुत्र मनोज यादव के रूप में की गई है। जानकारीनुसार मनोज यादव गुरुवार को सुबह चचेरे भाई के दशकर्म के बाद गांव के ही पुल के पास भैंस को बांधने गए थे। जहां पुल के पास पैर फिसलने से वह पानी भरे गहरे खाई में चले गए और पानी में डूबकर मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जहां सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया।

अलग-अलग घटना में दो की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चंडी थाना क्षेत्र के जैतीपुर से हरनौत जाने बाली सड़क एनएच 431 पर शेखपुरा मोड़ के करीब अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बदरवाली से पैदल नरसंडा बाजार जाने के दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बदरवाली निवासी 40 वर्षीय संजय कुमार के रूप में हुई है। घटना के सबन्ध में मृतक के पत्नी ज्योति देवी ने कही की गुरुवार को सुबह 9 बजे बदरवाली से पैदल बाजार नरसंडा जा रहे थे। तभी शेखपुरा मोड़ से 100 मीटर आगे बढ़े थे कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गया। मौत की खबर सुनते ही पत्नी समेत परिवार के लोग चीत्कार मार कर रोने लगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया, थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी।

व्रजपात से किसान की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सारे थाना क्षेत्र के ओंदा गांव के खंधा में ठनका गिरने से भैंस चरा रहें किसान की मौत हो गई तथा घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि ओंदा गांव के कामत खंधा में भैंस चरा रहे बदुरी यादव के लगभग 76 वर्षीय नंदे यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पास के खेत में काम कर रहे अरविंद यादव की पत्नी सुशीला देवी व स्व संजय यादव की पुत्री नीलम कुमारी घायल हो गई।

बिंद में टूटे तटबंधों का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिंद प्रखंड के जिराइन नदी का जलस्तर बढ़ने से गोबिंदपुर खंधा समेत तीन पंचायतों में तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम काजले वैभव नितिन व अंचलाधिकारी रामायण कुमार तटबंध पर पहुंचकर तटबंध का निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त तटबंध पर मरम्मती का काम शुरू करवाया। अंचलाधिकारी रामायण कुमार ने बताया कि बिंद प्रखंड के तीन पंचायतों में लोदीपुर पंचायत के महदीपुर, जमसारी पंचायत के गोबिंदपुर और ताजनीपुर पंचायत के रसलपुर गांव में तटबंध क्षतिग्रस्त का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि तटबंध को लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जगह जगह पर ईसी बैग और बोरी में बालू भरकर रख दिया गया है।



बिहार के स्वीकृत 12 केंद्रीय विद्यालयों में से दो नवादा में खुलेंगे : विवेक ठाकुर





नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सौजन्य से बिहार को वर्तमान समय में 12 केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति मिली है । जिसमें दो केंद्रीय विद्यालयों का तोहफा नवादा संसदीय क्षेत्र को ही मिलेगा। जो अपने आप में नवादा वासियो की एक चिरप्रतीक्षित मांगे पूरी होगी । वे केंद्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों के साथ नवादा संसदीय क्षेत्र के शेखोपुरसराय तथा नवादा के कृषि फार्म में अधिकृत किए गए भूमि के सर्वेक्षण के बाद नवादा परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, लोजपा के अध्यक्ष मनोज कुमार , वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, मुकेश दिनकर, महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, गोपाल कुमार आदि उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि आज बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन है । जहां एनडीए सरकार ने नागरिकों के लिए 125 यूनिट बिजली फ्री की है। जिससे बेहतर असर नवादा तथा शेखपुरा जिले पर पड़ेगी ।उन्होंने कहा कि पुल -पुलिया योजना के तहत नवादा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में आज साढ़े चार सौ परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। जिसकी निविदा भी पहले आमंत्रित किये जा चुके हैं। साढ़े चार सौ पुल पुलिया के माध्यम से जिले के सभी गांव सड़कों से जुड़ जाएगी ।उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के सौजन्य से शुक्रवार से शुरू होने वाले बिहार में अमृत भारत एक्सप्रेस नवादा से होकर गुजरेगी। जिसका ठहराव तिलैया, नवादा तथा शेखपुरा में होगी। इस ट्रेन के माध्यम से काशी, अयोध्या तथा लखनऊ की यात्रा की जा सकेगी। लखनऊ इलाज कराने जाने वाले मरीजों के लिए भी इस ट्रेन को एक बड़ा उपादान माना जा रहा है ।उन्होंने कहा कि 35 हजार करोड़ की लागत की योजनाएं पारित की है ।जिसके तहत ही पुल- पुलिया का निर्माण कराया जाएगा ।उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की पढ़ाई जल्द ही नवादा के कन्हाई लाल साहू महाविद्यालय में शुरू करा दी जाएगी। जिसका प्रशासनिक भवन भी बनने की तैयारी शुरू हो गई है। कृषि फार्म में केंद्रीय विद्यालय भूमि निरीक्षण के दौरान नवादा जिले के प्रसिद्ध व्यवसाई राजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ो नागरिकों ने सांसद का स्वागत करते हुए केंद्रीय विद्यालय स्वीकृति के लिए उन्हें बधाई दी है । उन्होंने कहा कि इससे नवादा के नौनिहालों की शैक्षणिक विकास बेहतर हो पाएगी।

125 यूनिट तक मुफ्त बिजली के नीतीश सरकार के ऐतिहासिक फैसले का भाजपाइयों ने किया स्वागत

रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार की डबल इंजन एनडीए सरकार ने राज्य के आम जनता और गरीब बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 1 अगस्त 2025 से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा की है।बिहार की एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस जन-कल्याणकारी फैसले का भाजपा कार्यकताओं ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में रंजीत कुमार सिंह, कुमार मनीष देव, रितेश कुमार कौशल, संतोष कुमार, पवन सिंह, संतोष कुमार सिंह नुनु, राजन कुमार, कृष्ण मुरारी कुमार, युवा नेता बबलू कुमार राम, मुन्ना सिंह, शिव शंकर कुमार, सकलदेव राजवंशी, प्रमोद कुमार यादव, कन्हैया साव, मनोज कुमार निराला, अरविंद कुमार सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घोषित इस योजना से राज्य के 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा नेताओं ने इस फैसले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में जन-कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। भाजपा नेता रंजय कुमार ने कहा कि यह निर्णय बिहार की जनता को जुलाई माह के बिजली बिल से ही राहत देना शुरू कर देगा, यानी 1 अगस्त से उपभोग की गई 125 यूनिट तक बिजली का कोई शुल्क नहीं लगेगा।

सौर ऊर्जा को बढ़ावा और 'लालटेन मुक्त बिहार' का लक्ष्यः-

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत, बिहार सरकार ने अगले तीन वर्षों में सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घरों की छतों पर या नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का भी लक्ष्य रखा है। रंजय कुमार ने बताया कि कुटीर ज्योति योजना के तहत अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

अतिपिछड़ा राज्य आयोग के अध्यक्ष ने नवादा में की बैठक





नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय कपूरी सभागार नवादा में 237 नवादा विधानसभा के प्रखंड अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता नवादा प्रखंड अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अति पिछड़ा राज्य आयोग अध्यक्ष नवीन कुमार आर्य, जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, विधानसभा प्रभारी मोहम्मद महमूद बखो जी उपस्थित हुए। 237 नवादा विधानसभा के प्रखंड अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों को संबोधित करते हुए अति पिछड़ा राज्य आयोग अध्यक्ष नवीन कुमार आर्य जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी की जा रही है। अक्टूबर- नवंबर में अगामी विधानसभा चुनाव 2025 होना संभावित है। सभी बुथ केंद्रों पर पार्टी के द्वारा बी एल ए 2 स्थापित करना है। निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है । पार्टी ने तय किया है कि वास्तविक मतदाता कोई छूटे नहीं और फर्जी मतदाता का नाम जुड़े नहीं । निर्वाचन आयोग के द्वारा बी एल ए 2 स्थापित करने के लिए फॉर्मेट जारी किया है। पार्टी के द्वारा स्थापित बुथ लेवल एजेंट अपने-अपने मतदान केंद्र पर कोई भी मतदाता छूटे नहीं इसका पूरा-पूरा ख्याल रखना है और खास कर दलित, अति पिछड़ा वर्गों के टोलों पर विशेष निगरानी कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का काम करेंगे। पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिना भेदभाव किए सत्य और न्याय के रास्ते बिहार को प्रगति के पथ पर लाने का काम किया है । मुझे गर्व है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। बिना भेदभाव किये सभी वर्ग धर्म के लोगों लिए काम किया गया है। वृद्धि जन ,दिव्यांगजन एवं विधवाओं के पेंशन राशि को 400 से ₹1100 बढ़ाकर जून माह से दिया जा रहा है ।माननीय मुख्यमंत्री जी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए ऐतिहासिक फैसला लिया है की 1 जुलाई से 125 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा की गई है। जिसके लिए मुख्यमंत्री जी को नवादा जिला संगठन की ओर से धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आभार प्रकट करता हूं। मुख्यमंत्री को जितना भी बधाई दी जाए वह कम है।संगठन जिला नवादा में निर्वाचन आयोग के पूर्व निदेर्शानुसार बी एल ए 2 स्थापित कर लिया गया था। इसे जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा भी कर दिया गया था । परंतु निर्वाचन आयोग के द्वारा फॉर्मेट में बी एल ए 2 का फोटो एवं तीन हस्ताक्षर के साथ मांगा गया है। जिसे भी दो दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में जयराम प्रसाद कुशवाहा ,शशि कुमार शेष ,अनिल कुमार मंडल, विनय कुमार साव, निरंजन कुमार सिंह, डॉक्टर रियाज खान ,विपिन कुमार चौधरी, अशोक सिंह ,प्रिंस कुमार दांगी ,अशोक चौहान, रामबाबू चौहान ,वीरेंद्र राजवंशी, सुजीत कुमार, कुश चौहान ,मिथुन कुमार ,राम नंदन कुमार, सुनील कुमार,चौठी चौहान के अलावे सभी पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल का डीएम ने किया निरीक्षण





नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान रजौली अनुमंडल अंतर्गत धमनी गांव में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुल टूट जाने के कारण दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने मौके पर ही ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि पुल निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था भी तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।साथ ही विभाग को वहाँ के जल प्रवाह के अनुरूप और लंबे स्पैन के पुल का प्रस्ताव भेजने हेतु कहा गया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अकबरपुर प्रखंड के सभागार में बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से एन्यूमरेशन फॉर्म से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों का भौतिक सत्यापन करेंगे, ताकि एक त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि एन्यूमरेशन फॉर्म को शीघ्रता से पोर्टल पर शत-प्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिक से अधिक फॉर्म की प्रविष्टि वेबसाइट पर कर कार्य को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि एन्यूमरेशन फॉर्म की प्रविष्टि के बाद सभी मतदाताओं से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निदेर्शों के अनुसार उनके कागजात लेना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी नवादा मो. अबु परवेज हैदर हैदरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इसलामपुर हुलासगंज मुख्य सड़क मार्ग पर गोपालगंज गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रक के चपेट मे आने से एक व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए इसलामपुर सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां स्थानीय चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जख्मी व्यक्ति को चिंताजनक स्थिति मे पावापुरी विम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के लिए पावापुरी ले जाने के क्रम रास्ते मे जख्मी वयक्ति की मौत हो गयी। मृतक व्यक्ति इसलामपुर थाना क्षेत्र के अमरूद्विया विगहा गांव निवासी 65 वर्षीय राजेंद्र दास बताया जाता है। आक्रोशीत ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मृतक व्यक्ति के शव को सड़क पर रखकर इसलामपुर हुलासगंज मुख्य सड़क मार्ग को अमरूद्विया बिगहा गांव के समीप सड़क को अवरूद्ध कर करीब एक घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक राजेन्द्र दास गुरूवार को सुबह अपने घर अमरुद्विया बिगहा गांव से पैदल कृषि कार्य के लिए जा रहे थे कि गोपालगंज गांव के नजदीक एक अनियंत्रित ट्रक चालक ने धक्का मार दिया।

भाजपा कार्यालय में मतदाता सत्यापन जागरूकता कार्यशाला आयोजित





नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के द्वारा भाजपा कार्यालय मे मतदाता सत्यापन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने किया। कार्यक्रम की शुरआत पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पं दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सांसद विवेक ठाकुर, डॉ पूनम शर्मा, जिला भाजपा के प्रभारी राजेश कुमार सिंह, लोजपा र के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संदीप पासवान के साथ अन्य उपस्थित हुए।

इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा की हम सभी कार्यकर्त्ता को एकजुट होकर किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटे इसके लिए हमें सजग रहना है । साथ ही उन्होंने कहा की एनडीए सरकार के जनकल्याणकारी योजना को लोगो को लाभ पहुँचाने मे मदद करे। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा एक एक कार्यकर्त्ता लोगो के घर जाइये उन्हें बीएलओ के पास जाकर उनका नाम जुडवाइये हमें 2025 के चुनाव मे फिर से एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार लाने के संकल्प ले। जिला प्रभारी राजेश सिंह ने कहा की आपको जहाँ मेरी जरूरत रहे मुझे साथ ले चले एक भी लोग जो वास्तविक रूप से सही हो उनका नाम नहीं छूटे । इस कार्यक्रम मे राज्य नागरिक परिषद की सदस्य डॉ पूनम शर्मा, निर्वतमान अध्यक्ष संजय मुन्ना, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियरंजन श्रीनिवास, विजय पाण्डेय, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा मुकेश कुमार, नीतू गुप्ता,मंत्री शिव यादव, निशा राजवंशी, मिथलेश पासवान, सुनीता चन्द्रवंशी, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु,मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनीष सिन्हा, चंदन राजवंशी, सोशल मीडिया संयोजक संदीप कुमार, गोविंदपुर विधानसभा संयोजक मुन्ना प्रभाकर, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, राहुल सिन्हा, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अजित शंकर एवं अन्य उपस्थित थे ।

उच्च विद्यालय कारा में पौधारोपण कार्यक्रम



ओबरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उच्च विद्यालय कारा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक नजीबुल्लाह की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान उन्होंने पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की और सभी छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि पौधा प्रकृति का श्रृंगार है और इसे सुरक्षित रखना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। पेड़ हमारे जीवन के लिए जरूरी हैं, ये न केवल तापमान को नियंत्रित करते हैं बल्कि बारिश के मौसम को भी संतुलित बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि जब गांवों में हरियाली बढ़ेगी तो लोग स्वस्थ और निरोग रहेंगे। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि प्रत्येक छात्र कम से कम दो पौधे अवश्य लगाए। पेड़ जहरीली हवा को स्वच्छ बनाते हैं और जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राओं के साथ राजेश कुमार उर्फ मंटू समेत विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

नवादा में केंद्रीय विद्यालय के लिए सांसद व अधिकारियों ने किया स्थल चयन

नवादा वासियों के लिए हो सकती है बड़ी सौगात



नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले को पहला केंद्रीय विद्यालय बहुत जल्द ही मिलने वाला है, और उसको लेकर नवादा जिला प्रशासन के तरफ से कवायद शुरू कर दी गई है। गुरुवार को नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय के चिन्हित स्थल का दौरा किया। नवादा शहर से सटे नवादा हिसुआ पथ पर शोभिया मंदिर के पास केंद्रीय विद्यालय की जमीन कृषि विभाग से दी जा रही है।

इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय के बिहार रीजन के डिप्टी कमिश्नर अनुराग भटनागर भी मौजूद रहे। सांसद सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एडीएम, एसडीएम एवं सीओ ने केंद्रीय विद्यालय को मिलने वाली जमीन का दौरा कराया।जहां लगभग 5 एक-ड़ से अधिक जमीन केंद्रीय विद्यालय को कृषि विभाग के तरफ से आवंटित की गई है और उसी जमीन पर बहुत जल्द केंद्रीय विद्यालय का निर्माण होना है। पिछले 16 साल से केंद्रीय विद्यालय के निर्माण का कार्य अटका हुआ था। मगर इस बार सांसद ने जिले वासियों को आस्वस्त कराया है कि इस बार केंद्रीय विद्यालय नवादा में जरूर बन कर रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह गारंटी है कि जिस योजना का वह शिलान्यास करते हैं , उसका उद्घाटन भी करते हैं। बहुत जल्द एक कार्यक्रम का आयोजन कर देश के 16 केंद्रीय विद्यालय के निर्माण का शिलान्यास पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया जाएगा । जिसमें नवादा जिला का भी एक केंद्रीय विद्यालय होगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, समाजसेवी राजीव कुमार सिन्हा सहित अनेक गण्यमान्य लोग चिन्हित स्थल पर मौजूद रहे ।

सिविल सर्जन ने बाबा मणिराम की समाधि पर चढ़ाया लंगोट

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। लंगोट मेले के अवसर पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बाबा मणिराम अखाड़ा पर लंगोट चढ़ा कर जिलेवासियों की सुख-शांति, सौहार्द व समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबा मणिराम साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक थे। उनकी और बाबा मखदूम साहब की दोस्ती आज भी समाज के लिए एक आदर्श मिसाल है। बाबा से हमने यही प्रार्थना की है कि जिले में अमन-चैन बना रहे, लोग आपसी भाईचारे के साथ रहें और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। ऐसे आयोजन हमें अपनी साझी सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाते हैं। आज जब समाज में विभाजन की प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं, तब बाबा मखदूम और बाबा मणिराम की दोस्ती हम सभी के लिए प्रेरणा बन सकती है।

डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिलाव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का व्यापक और गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने साफ-सफाई, दवा आपूर्ति, चिकित्सकों की उपस्थिति, आपातकालीन सेवाओं और मरीजों की संतुष्टि जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, वार्डों, ओपीडी कक्ष, शौचालय, दवा वितरण केंद्र तथा अस्पताल के अन्य हिस्सों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने हेल्थ मैनेजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण रोगियों के शीघ्र उपचार में सहायक होता है और यह अस्पताल की कार्यप्रणाली का आधारभूत हिस्सा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने जीवनरक्षक दवाओं की सूची की जांच की तथा स्टोर रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिया कि सभी रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट किए जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी जानकारी को तुरंत उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त, प्रशिक्षु समाहर्ता, अपरसमाहर्ता आपदा, अनुमंडलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, डॉक्टर्स , हेल्थ मैनेजर ,एम ओआइसी आदि उपस्थित थे।

राजू इंजीनियर्स लिमिटेड का खुल गया है क्यूआईपी, 21 जुलाई को होगा बंद

मुंबई, एजेंसी। प्लास्टिक एक्सट्रूज़न मशीनरी बनाने वाली गुजरात की कंपनी राजू इंजीनियर्स लिमिटेडक्यूआईपी के ज़रिये 180 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को यह जानकारी दी है। यह कंपनी राजकोट में है।

क्या हुई है घोषणा– शेयर बाजार को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि 15 जुलाई से इक्विटी शेयरों का क्यूआईपीजारी करने की मंजूरी मिल गई है। क्यूआईपी के जरिये दी जाने वाले शेयरों की फ्लोर प्राइस 114.42 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। कंपनी ने फाइलिंग में कहा है कि यह इश्यू 21 जुलाई को बंद हो जाएगा। कंपनी इस इश्यू पर 5 प्रतिशत तक की छूट दे सकती है।

कहां होगा पैसे का इस्तेमाल– कंपनी क्यूआईपीसे मिलने वाले 160 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपने कारोबार को बढ़ाने में करेगी।



यह विस्तार दूसरी कंपनियों को खरीदने के ज़रिये किया जाएगा। बाकी बचे पैसे का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों में होगा।

कितनी है कंपनी की आमदनी– कंपनी ने 2024–25 में 253.65 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया। टैक्स चुकाने के बाद कंपनी का मुनाफा 38.11 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का कहना है कि इस पैसे से कंपनी और भी ज़्यादा तरक्की करेगी।

टेस्ला के आने से भारतीय ईवी कंपनियों पर नहीं पड़ेगा असर, कंपनी भारत में नहीं बनाएगी कार

नईदिल्ली, एजेंसी। एलन मस्क के स्वामित्व वाली टेस्ला के भारतीय बाजार में कदम रखने से इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली घरेलू वाहन कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसकी प्रमुख वजह टेस्ला कारों की अत्यधिक कीमत है। दरअसल, टेस्ला ने भारत में जिस मिड–साइज एसयूवी वाई मॉडल को लॉन्च किया है, उसकी शुरुआती कीमत करीब 60 लाख रुपये है। यह कार भारत में नहीं बनेगी, बल्कि टेस्ला इसे अपने शंघाई विनिर्माण प्लांट से पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयात करेगी।

बड़ी वजह...अत्यधिक कीमत– भारत में 40,000 डॉलर (34.38 लाख रुपये) तक



की कीमत वाली आयातित कारों पर 70 फीसदी और इससे अधिक मूल्य वाली कारों पर 100 फीसदी टैक्स लगता है। यह टैक्स लागत, बीमा और माल ढुलाई (सीआईएफ) पर लगाया जाता है। आयात शुल्क के कारण वाई मॉडल की शुरुआती कीमत टाटा मोटर्स की हैरियर.ईवी और महिंद्रा की एक्सईवी 9ई के टॉप वेरिएंट से काफी अधिक है।

भारत टेस्ला के लिए जरूरी है या मजबूरी विशेषज्ञों का कहना है, दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऑटो मार्केट भारत में ई–वाहन बाजार तेजी रफ्तार से बढ़ रहा है। इसके विपरीत, टेस्ला की वैश्विक ई–वाहन बिक्री जून तिमाही में 13.5 फीसदी घटी है और कंपनी को चीनी कारों से कड़ी चुनौती मिल रही है। ऐसे में टेस्ला के लिए भारत आना जरूरी हो गया था। भारतीय ई–वाहन बाजार के 2030 तक सालाना 22–25 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।


जापानी कंपनियां भारत के कपड़ा क्षेत्र में निवेश करने को इच्छुक

एईपीसी ने जताया अनुमान

नईदिल्ली, एजेंसी। कपड़ा उद्योग में भारत और जापान की कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाने का सुनहरा अवसर मौजूद हैं। टोक्यो की कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने बुधवार को यह बात कही।

दोनों देशों के बीच हुई बैठक– एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान क्षेत्र में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए दोनों देशों की कंपनियों के बीच कई बैठकें हुईं। टोक्यो में इंडिया टेक्स ट्रेंड फेयर (आईटीएफ) में कई घरेलू कंपनियां भाग ले रही हैं।

जापानी गुणवक्ता मानदंडों को पूरा करने के लिए भारत प्रतिबद्ध–उन्होंने कहा कि हमने जापान से सोर्सिंग बढ़ाने और भारत में अधिक निवेश करने को कहा है। यूनिक्लो, एडास्ट्रिया, टोरे, इटोकिन कंपनी, ब्रोक जापान, डाइसो, वाईकेके और पेगासस जैसे प्रमुख ब्रांडों के साथ हमारी सफल बैठकें हुई हैं। भारतीय उद्योग जापानी गुणवत्ता मानदंडों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेखरी ने कहा कि हम अपने सभी जापानी साझेदारों को भारतीय प्रदर्शकों के साथ जुड़ने, सहयोगात्मक संभावनाओं का पता लगाने, पसंदीदा सोर्सिंग गंतव्य के रूप में भारत की ताकत और विश्वसनीयता का प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं।



वस्त्र मंत्री ने किया मेले का उद्घाटन

इस मेले का उद्घाटन वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने टोक्यो में किया। यह एक प्रमुख वस्त्र कार्यक्रम है। इसका आयोजन भारतीय दूतावास, वस्त्र मंत्रालय, एईपीसी और जापान-भारत उद्योग संवर्धन संघ (जेआईआईपीए) के सहयोग से किया जाता है।

डिविडेंड के बाद अब बोनस शेयर का ऐलान, हर 1 पर 2 शेयर फ्री देगी बाबा रामदेव की कंपनी

नईदिल्ली, एजेंसी। पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने गुरुवार, 17 जुलाई को अपनी बोर्ड बैठक के बाद अपने शेयरधारकों के लिए पहली बार बोनस शेयर जारी करने की घोषणा की। कंपनी ने एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया कि वह 2:1 के रेशियो में शेयर जारी करेगी। इसका मतलब है कि अगर किसी शेयरधारक के पास रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के एक शेयर होते हैं, तो उन्हें दो शेयर फ्री में दिए जाएंगे। बता दें कि कंपनी ने बोनस इश्यू की रिकॉर्ड डेट का ऐलान अभी नहीं किया है। कंपनी ने कहा कि वह रिकॉर्ड तिथि की घोषणा समय आने पर करेगी। बता दें कि बोनस शेयर जारी करने का उद्देश्य मौजूदा शेयरधारकों को रिवार्ड्स देना और बाजार में कंपनी के शेयरों की लिक्विडिटी बढ़ाना है।

डिविडेंड दे चुकी है कंपनी– कंपनी बोनस योजना के तहत लगभग 72,50,12,628 नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। बोनस शेयर आवंटित होने के बाद, कंपनी की कुल शेयर पूंजी वर्तमान 145.00 करोड़ (36,06,31,414 शेयरों पर आधारित) से बढ़कर 217.50 करोड़ (108,75,18,842 शेयरों पर आधारित) हो जाएगी।

क्या है डिटेल

पतंजलि फूड्स (जो पहले रुचि सोया के नाम से जानी जाती थी) को पतंजलि आयुर्वेद ने 2019 में दिवाला प्रक्रिया के माध्यम से अधिग्रहित कर लिया था। यह अधिग्रहण कुल 4,350 करोड़ की राशि में किया गया था। साल 2022 में कंपनी ने 4,300 करोड़ जुटाने के लिए रुचि सोया का फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर भी जारी किया था। इस राशि का अधिकांश हिस्सा रुचि सोया के मौजूदा कर्ज को चुकाने में इस्तेमाल किया गया था।

आगामी त्योहारी सीजन में 2.16 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

अच्छी रहेगी बिक्री; 20 प्रतिशत बढ़ेंगे अवसर

नईदिल्ली, एजेंसी। आगामी त्योहारी सीजन को लेकर कंपनियों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान देशभर में 2.16 लाख से अधिक लोगों को अस्थायी रोजगार मिलने की उम्मीद है। रोजगार में यह सालाना आधार पर 15-20 फीसदी की वृद्धि है।

वर्कफोर्स सॉल्यूशंस फर्म एडेको इंडिया ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा, त्योहारी सीजन में खुदरा क्षेत्र, ई-कॉमर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, लॉजिस्टिक, आतिथ्य, यात्रा और एफएमसीजी क्षेत्रों में मांग बढ़ने की उम्मीद है। इस त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए इन क्षेत्रों की कंपनियां भारी संख्या में कर्मचारियों की भर्तियां करेंगी।

एडेको इंडिया के निदेशक एवं जनरल स्टाफिंग के प्रमुख दीपेश गुप्ता का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में मांग को बढ़ावा देने वाले अनुकूल मानसून, उपभोक्ता धारणा में सुधार, चुनाव के बाद के आर्थिक आशावाद और आक्रामक त्योहारी विज्ञापनों के कारण 2024



के मुकाबले इस साल का त्योहारी सीजन मांग एवं बिक्री के लिहाज से विभिन्न क्षेत्रों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है।

भर्तियां करने में महानगरों के साथ वाराणसी जैसे शहर भी पीछे नहीं– रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षाबंधन, दशहरा एवं दिवाली जैसे आने वाले त्योहारों और शादियों के मौसम में बिक्री में तेजी आने की उम्मीद से अस्थायी कामगारों की भर्ती गतिविधियों में तेजी आई है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बंगलूरू, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और पुणे जैसे महानगरों में त्योहारी भर्तियों की मांग सबसे अधिक है। इन शहरों में पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी अधिक अवसर उपलब्ध हैं। लखनऊ, जयपुर, कोयंबटूर, नागपुर, भुवनेश्वर, मैसूरू और वाराणसी जैसे टियर-2 शहरों में मांग में 42 फीसदी की वृद्धि देखी जा रही है।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

लचीली और अल्पकालिक भूमिकाओं के लिए बढ़ती प्राथमिकता के कारण इस वर्ष की मौसमी भर्तियों में महिलाओं की भागीदारी में 23 फीसदी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

उभरते शहरों में अधिक वेतन वृद्धि की उम्मीद

नई भर्तियों के दौरान मिलने वाले वेतन में महानगरों में 12–15 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है।वहीं, उभरते शहरों में वेतन में 18–22 फीसदी तक बढ़ोतरी की संभावना है।

ई-कॉमर्स और खुदरा क्षेत्र में सबसे अधिक काम मिलने की संभावना– कुल मौसमी भर्तियों में ई-कॉमर्स और खुदरा क्षेत्र का सबसे अधिक 35–40 फीसदी योगदान होगा। लॉजिस्टिक एवं आपूर्ति क्षेत्र में भर्तियां 30–35 फीसदी बढ़ने का अनुमान है।

डिजिटल दक्षता को प्राथमिकता

रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियां भर्तियों के दौरान कई भाषाओं में दक्षता, ग्राहक–व्यवहार कौशल और डिजिटल दक्षता को प्राथमिकता दे रही हैं। खासकर इन–स्टोर बिक्री, क्रेडिट कार्ड प्रचार और डिलीवरी पूर्ति जैसी भूमिकाओं के लिए।

खुशखबरी: 70 प्रतिशत कर्मचारियों को मिलेगा 100 प्रतिशत वेरिएबल पे

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने जून महीने तक खत्म हुई तिमाही के लिए अपने करीब 70 प्रतिशत कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेरिएबल पे देने का ऐलान किया है। बाकी बचे कर्मचारियों का वेरिएबल पे उनके बिजनेस यूनिट के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। कंपनी ने पिछले हफ्ते कर्मचारियों को इस बारे में एक ईमेल भी भेजा।

ग्रेड के हिसाब से क्या है नियम– टीसीएस में कर्मचारियों के ग्रेड होते हैं, जैसे शुरुआती स्तर), फिर सी1, सी2, सी3, सी4, सी5 और सबसे ऊपर सीएक्सओ है। कंपनी के मुताबिक, सी2 ग्रेड तक के सभी कर्मचारियों को उनका पूरा तिमाही वेरिएबल अलाउंस मिलेगा। वहीं, सी3 ग्रेड और उससे ऊपर वाले वरिष्ठ कर्मचारियों का वेरिएबल पे उनकी बिजनेस यूनिट के प्रदर्शन के आधार पर तय होगा। टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक टीसीएस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी यानी एचआर हेड मिलिंद लक्कड़ ने यह जानकारी ईमेल में दी।

सालाना वेतन बढ़ोतरी पर अभी मंथन जारी– हालांकि, कंपनी ने तिमाही वेरिएबल पे तो दे दिया है, लेकिन सालाना वेतन वृद्धि (वेज हाइक) पर फैसला अभी नहीं हुआ है। कंपनी का कहना है कि मौजूदा आर्थिक हालात (कमजोर मैक्रो एनवायरनमेंट) के चलते यह फैसला लेना बाकी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सीईओ के कृतिवासन ने पिछले हफ्ते कहा कि ग्राहकों के फैसले लेने और प्रोजेक्ट शुरू करने में देरी हो रही है।

इंक्रीमेंट टला

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने अपने कर्मचारियों के वे इंक्रीमेंट को एक और क्वार्टर के लिए टाल दिया है। एचआर हेड ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हम अभी तक वेतन वृद्धि चक्र पर कोई निर्णय नहीं ले पाए हैं। पहले टीसीस हर साल 1 अप्रैल (वित्तीय वर्ष की शुरुआत) पर वेतन वृद्धि लागू करती थी।

टाटा की कंपनी ने इस फर्म में हासिल किए 3.3 लाख शेयर, 950 के पार जा सकता है भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा समूह की हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने एक बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि उसने पूर्ण स्वामित्व वाली शाखा ईएलईएल होटल एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड में राइट्स इश्यू के जरिए 165 करोड़ रुपये से अधिक के 3.3 लाख इक्विटी शेयर हासिल किए हैं। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि ईएलईएल होटल एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के पास बैंडस्टैंड बांद्रा में भूमि पार्सल के लिए लीजहोल्ड अधिकार हैं, जिसके तहत ताज बैंडस्टैंड को विकसित करने का प्रस्ताव है।

कंपनी ने राइट्स इश्यू के माध्यम से 5,000 रुपये प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर 10 रुपये अंकित मूल्य के 3,30,043 इक्विटी शेयर 4,990 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम पर नकद में खरीदे, जो कुल मिलाकर 165.02 करोड़ रुपये है। बता दें कि इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक 17/07/2025 को निर्धारित है। कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ, 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए नतीजे जारी होने की उम्मीद है।



शेयर का हाल


इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के शेयर बुधवार को 0.77 प्रतिशत बढ़कर 751.25 रुपये पर बंद हुए। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 894.15 रुपये है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का लो 571.15 रुपये है। शेयर के ये दोनों भाव पिछले साल थे। बीते दिनों ब्रोकरेज जेफरीज ने शेयर के लिए टारगेट प्राइस 980 रुपये प्रति शेयर तय किया था।

मार्च तिमाही के नतीजे

इंडियन होटल्स कंपनी का मार्च तिमाही में नेट प्रॉफिट 28.4 प्रतिशत बढ़कर 562.66 करोड़ रुपये हो गया। देश की सबसे बड़ी होटल कंपनी को एक साल पहले की समान अवधि में 438.33 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मार्च तिमाही में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का परिचालन राजस्व एक साल पहले के 1,905.34 करोड़ रुपये से 27.3 प्रतिशत बढ़कर 2,425.14 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, इस अवधि में कंपनी का कुल खर्च एक साल पहले की समान अवधि के 1,416.77 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,764.26 करोड़ रुपये हो गया।

पावर कंपनी से मिला बड़ा ऑर्डर शेयर खरीदने की मची लूट

नईदिल्ली, एजेंसी। पीएनसी इंफ्राटेक के शेयर की कीमत में आज गुरुवार को 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। बीएसई पर स्मॉल–कैप शेयर 6.6 प्रतिशत बढ़कर 331.80 प्रति शेयर पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है।



दरअसल, पीएनसी इंफ्राटेक ने कहा है कि उसे सरकारी हाइड्रोपावर कंपनी एनएचपीसी से ऑर्डर मिला है।

कंपनी ने क्या कहा– पीएनसी इंफ्राटेक ने कहा कि वह भारत में 600 मेगावाट/2400 मेगावाट एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (ईएसएस) के साथ 1200 मेगावाट आईएसटीएस (अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली) से जुड़ी सोलर परियोजनाओं की स्थापना के लिए एनएचपीसी द्वारा जारी निविदा में सबसे कम (एलएलआई) बोलीदाताओं में से एक के रूप में उभरी है। कंपनी ने यह परियोजना टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) और इलेक्ट्रॉनिक (ऑनलाइन) रिवर्स एक्शन मैकेनिज्म के माध्यम से हासिल की है। यह परियोजना 3.13 प्रति किलोवाट घंटा की उद्धृत कीमत पर ग्रीन शू विकल्प के साथ भी उपलब्ध है। सप्लाई की तय शुरुआती तारीख (एससीएसडी) पीपीए (बिजली खरीद समझौते) की प्रभावी तिथि से 24 महीने होगी और पीपीए (संचालन अवधि) एससीएसडी से 25 वर्ष की अवधि के लिए होगी।

एनलिस्ट की राय– लक्ष्मीश्री इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च प्रमुख अंशुल जैन ने कहा कि पीएनसी इंफ्राटेक का शेयर 106 दिनों के तेजी वाले कप एंड हैंडल पैटर्न से बाहर निकलने के कगार पर है, जिसका ब्रेकआउट स्तर 325 है। जैन ने कहा, वॉल्यूम 50–दिवसीय औसत के 451 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो इस कदम का समर्थन करने वाले संस्थागत निवेशकों का एक मजबूत संकेत है। इस ब्रेकआउट को जारी रखने के लिए, पीएनसी इंफ्राटेक के शेयर की कीमत निकट भविष्य में 325 से ऊपर निश्चित रूप से बंद होनी चाहिए।

40,000 करोड़ का डिविडेंड...

अंबानी-अडानी से ज्यादा कमा गए शिव नाडर और अनिल अग्रवाल

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के कुछ सबसे अमीर अरबपति और भी अमीर हो गए हैं। उनकी कमाई स्टॉक मार्केट में तेजी या आईपीओ से नहीं हुई। बल्कि उन्हें सीधे कैश मिला। फाइनेंशियल ईयर 2025 में मुकेश अंबानी, गौतम अडानी और अनिल अग्रवाल जैसे देश के 10 सबसे बड़े कारोबारियों को डिविडेंड के तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम मिली। इससे साफ है कि भारत की कंपनियां खूब पैसा कमा रही हैं। लगभग सभी सेक्टरों में डिविडेंड की इनकम बढ़ी है। इसमें टेक्नोलॉजी, टेलीकॉम, मेटल और फार्मा जैसी कंपनियां शामिल हैं।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज के मालिक और देश के सबसे बड़े दानवीर शिव नाडर को वित्त वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा 9,902 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला। यह जानकारी रेगुलेटरी फाइलिंग और ष्ट्रश्व इक्विटी से मिली है। एचसीएल ने हर शेयर पर 60 रुपये का डिविडेंड दिया। कंपनी ने कुल 16,290 करोड़ रुपये का डिविडेंड



दिया। नाडर परिवार की कंपनी में 60.81 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 80 साल के नाडर 37.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ भारत के तीसरे सबसे अमीर आदमी हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में वह 50वें नंबर पर हैं।

अनिल अग्रवाल दूसरे नंबर पर– सबसे ज्यादा डिविडेंड पाने वाले अमीरों की लिस्ट में वेदांता के अनिल अग्रवाल दूसरे नंबर पर हैं। उनके परिवार को डिविडेंड के तौर पर 9,591 करोड़ रुपये मिले। वेदांता ने एफवाय25 के लिए कुल 17,009 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया। लेकिन, कंपनी पर इतना ज्यादा कैश बांटने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। शॉर्ट-सेलर वाइसराय ने हाल ही में पूछा था कि कंपनी इतना डिविडेंड दे भी पाएगी या नहीं अग्रवाल परिवार की कंपनी में 56.38 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह हिस्सेदारी कई अनलिस्टेड होल्डिंग कंपनियों के जरिए है।

इन्फोसिस ने किया मालामाल

देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस के प्रमोटरों को कुल मिलाकर 2,331 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला। कंपनी के प्रमोटर्स में एन आर नारायण मूर्ति, नंदन नीलेकणि, एस डी शिबुलाल, एस गोपालकृष्णन और के दिनेश शामिल हैं। प्रमोटर समूह की कंपनी में 14.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने एफवाय25 में 43 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 17,854 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया। भारती एयरटेल के मालिक सुनील भारती मित्तल और उनके परिवार को डिविडेंड के तौर पर 2,357 करोड़ रुपये मिले। इस टेलीकॉम कंपनी ने निवेशकों को 16 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड दिया। भारत के पहले फार्मा अरबपति दिलीप सांघवी को सन फार्मा से एफवाय25 में 2,091 करोड़ रुपये मिले। कंपनी ने 3,839 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया और प्रमोटर समूह की 54.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

चौंकाने वाला नाम– गौतम अडानी और उनके परिवार को उनकी ग्रुप कंपनियों से डिविडेंड के तौर पर 1,460 करोड़ रुपये मिले।



सलमान की 'बजरंगी भाईजान 2' को लेकर कबीर खान ने किया बड़ा खुलासा

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की चर्चित फिल्म 'बजरंगी भाईजान' साल 2015 की एक जबरदस्त हिट फिल्म थी। अब इस फिल्म के सीक्वल को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अब बजरंगी भाईजान 2 को लेकर निर्देशक कबीर खान ने अपने विचार प्रकट किए हैं। चलिए जानते हैं उन्होंने फिल्म को लेकर क्या बताया।

क्या बोले कबीर खान?

हाल ही में निर्देशक कबीर खान पिंकविला के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुए। बातचीत के दौरान डायरेक्टर ने बजरंगी भाईजान फिल्म के सीक्वल को लेकर बात की। उन्होंने कहा, हमने (सलमान खान और कबीर खान) बजरंगी भाईजान 2 के बारे में बात की है। आज के वक्त जहां सभी फ्रैंचाइजी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और हम बजरंगी भाईजान 2 को लेकर सावधानी बरत रहे हैं, क्योंकि हम सिर्फ दिखावे के लिए पिछले दो दशकों की सबसे लोकप्रिय फिल्म का सीक्वल नहीं बनाना चाहते हैं।'

फिल्म संग न्याय करना चाहते हैं कबीर खान

आगे बातचीत में कबीर खान ने कहा, 'मैं बजरंगी भाईजान 2 का निर्देशन करना पसंद करूंगा वो भी सही कारणो से। मैं इसे बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों के लिए नहीं, बल्कि बजरंगी भाईजान जैसी कल्ट फिल्म की विरासत के साथ न्याय करने के लिए करना चाहता हूं।'

एक नजर कबीर खान के करियर पर

कबीर खान को कई शानदार फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। कबीर खान ने आखिरी फिल्म चंदू चैंपियन का डायेरक्शन किया था, जिसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन करने में सफल रही थी। वहीं अब दर्शक उनकी आगामी फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इसमें बजरंगी भाईजान 2 का भी नाम शामिल हो सकता है। इसके अलावा आपको बताते चलें कि कबीर खान ने ही बजरंगी भाईजान के पहले भाग का निर्देशन किया था।



बोल्ड सब्जेक्ट पर फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं, लेकिन वेब सीरीज मिर्जापुर की गोलू अब नए रोल में दिखेंगी। मुझे जान न कहो मेरी जान फिल्म के जरिए बतौर निर्माता नई पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। यह फिल्म एक समलैंगिक प्रेम कहानी है। इस फिल्म में अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन संजय नाग करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिरी महीनों में शुरू हो सकती है।

अभिनेत्री ने फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। उन्होंने कहा, यह फिल्म मेरे दिल के करीब सिर्फ इसलिए नहीं है कि मैं इस फिल्म के जरिए प्रोड्यूसर के तौर पर शुरुआत कर रही हूं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि इसकी कहानी से हम दुनिया के सामने समलैंगिक प्रेम कहानियों को ईमानदारी और सुंदरता के साथ पर्दे पर पेश कर सकेंगे।

श्वेता ने अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की तारीफ करते हुए कहा, वह ऐसी कलाकार हैं, जो अपने अभिनय से फिल्म को और भी खास बना देंगी। उन्होंने आगे कहा, वह अद्भुत अभिनेत्री हैं, साथ ही एक ऐसी शख्सियत भी हैं, जिनका मैं दिल से सम्मान करती हूं और उन पर आंख बंद करके भरोसा भी करती हूं। हम काफी समय से साथ में काम करने के बारे में सोच रहे थे और इस बेहतर प्रोजेक्ट से शुरुआत करना वाकई शानदार रहा।

पिछले महीने, अभिनेत्री श्वेता ने ब्रिटिश नाटक काक के मंचन के जरिए बतौर थिएटर निर्माता अपनी शुरुआत की थी। इस नाटक का प्रीमियर 6 जून को दिल्ली और 10 जून को मुंबई के पृथ्वी थिएटर में हुआ था। अभिनेत्री ने इसे अपनी थिएटर प्रोडक्शन कंपनी ऑल माई टी के तहत निर्मित किया था। इसमें रिताशा राठौर, तन्मय धनानिया, साहिर मेहता और हर्ष सिंह ने अभिनय किया था। श्वेता के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने मुंबई के एक पोस्ट-प्रोडक्शन हाउस पिक्सियन ट्रेलर हाउस में काम किया था। इसके बाद उन्होंने 2009 में डिज्नी चैनल के शो क्या मस्त है लाइफ से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन असल पहचान उन्हें फिल्म मसान से मिली, जिसमें उन्होंने अभिनेता विक्की कौशल की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। वह टीवी सीरीज द ट्रिप का हिस्सा रह चुकी हैं। साथ ही उन्होंने श्रवण राजेंद्रन द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म मेहंदी सर्कस में भी काम किया। अभिनेत्री भारत की पहली फीचर-लेंथ फिल्म जू का भी हिस्सा थीं। इस फिल्म को पूरी तरह से आईफोन पर शूट किया गया था। अभिनेत्री को आखिरी बार स्क्रीन पर विपुल मेहता की निर्देशित फिल्म कंजूस मक्खीचूस में देखा गया था। फिल्म में कुणाल खेमू, पीयूष मिश्रा, अलका अमीन, राजीव गुप्ता और राजू श्रीवास्तव थे।





विनीत कुमार सिंह की नई सीरीज रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी

प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली रंगीन नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं। जुलाई 2025 में प्राइम पर नई सीरीज रंगीन आ रही है। प्राइम वीडियो ने पोस्ट में फिल्म मेकर प्रांजल दुआ और कोपल नैथानी को टैग किया है। इसके अलावा पोस्ट में निर्देशक कबीर खान को टैग किया गया है। इससे अंदाजा लग रहा है कि सीरीज के साथ ये लोग भी जुड़े हों। पोस्ट के साथ एक पोस्टर भी शेयर किया गया है। इस पर विनीत कुमार सिंह की तस्वीर बनी है।

अहम किरदार में हैं विनीत कुमार सिंह

इस सीरीज में विनीत कुमार सिंह, राज श्री देशपांडे और मेघना मलिक हैं। विनीत कुमार सिंह को आखिरी बार सनी देओल की फिल्म जाट में देखा गया था। इसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई थी। फिल्म हिट रही थी। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म छावा में नजर आए थे। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



सैयारा में बहुत मासूमियत और पवित्रता है

अपने गायन से कई लोगों का दिल जीतने वाली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायिका श्रेया घोषाल ने फिल्म सैयारा के टाइटल ट्रैक के रीप्राइज्ड वर्जन में अपनी आवाज दी है। उन्होंने इस फिल्म को अपने करियर की सबसे शानदार फिल्मों में से एक बताया। उन्होंने कहा, इस फिल्म और इसके गानों में इतनी सादगी और सच्चाई है कि इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे लिए एक खास अनुभव था। श्रेया ने बताया कि, उन्हें एक ऐसी फिल्म में गाना गाने का मौका मिला, जिसने उनका दिल जीत लिया। उन्होंने कहा, मुझे सैयारा के टाइटल ट्रैक के नए वर्जन पर यश राज फिल्म्स और मोहित सूरी के साथ काम करने पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा, यह गाना इतनी खूबसूरती से लिखा गया है कि आप इसे पूरे दिल से गाने पर मजबूर हो जाएंगे। इसमें इतनी जबरदस्त भावनाएं हैं कि मुझे उम्मीद है कि लोग इससे गहराई से जुड़ेंगे और एक बार फिर प्यार में खो जाएंगे। गायिका ने कहा है कि उन्हें सैयारा गाना सदाबहार लगता है। उन्होंने बताया, सैयारा गाने में कुछ ऐसा है जो आज के हिंदी सिनेमा में बहुत कम देखने को मिलता है। मैं सैयारा की पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं।

आर माधवन ने खुद को बताया प्रियंका चोपड़ा का फैन

बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन इन दिनों अपनी नई फिल्म आप जैसा कोई के प्रमोशन्स में बिजी हैं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म में उनके साथ नजर आ रही हैं फातिमा सना शेख। इस फिल्म में माधवन की एक्टिंग को सराहा जा रहा है। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में आर माधवन ने ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। माधवन ने न सिर्फ प्रियंका की जमकर तारीफ की, बल्कि यह भी बताया कि बॉलीवुड के कई सितारे आज उनकी तरह बनना चाहते हैं।

प्रियंका चोपड़ा यूं ही ग्लोबल आइकन नहीं बनीं

सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में आर माधवन ने प्रियंका के संघर्ष और सफलता की कहानी को बेहद इंस्पायरिंग बताया। उन्होंने कहा कि प्रियंका आज जिस भी मुकाम पर पहुंची हैं वो कोई संयोग नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत का नतीजा है। माधवन ने ये भी कहा कि आज जो कलाकार बॉलीवुड में प्रियंका की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना चाहते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि यह मुकाम किसी शॉर्टकट से नहीं आता। इस दौरान माधवन ने कहा, प्रियंका ने खुद को हर चुनौती के लिए तैयार किया। उन्होंने न सिर्फ भारतीय सिनेमा में अपनी छाप छोड़ी, बल्कि हॉलीवुड में भी दमदार पहचान बनाई। हाल ही में उनकी एक एक्शन फिल्म हेड ऑफ स्टेट आई, जिसमें उन्होंने जो भूमिका निभाई, वो बताता है कि वो कितनी वर्सेटाइल हैं।

मैं खुद प्रियंका चोपड़ा का फैन हूं

माधवन ने ये भी कहा कि वो खुद प्रियंका के फैन हैं। उन्होंने कहा, मैं उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और सफलता से बहुत प्रभावित हूं। जिस तरह वो आगे बढ़ीं, देश का नाम रोशन किया, उस पर मुझे गर्व है। माधवन के इस बयान से साफ है कि फिल्म इंडस्ट्री में प्रियंका को सिर्फ दर्शकों का ही नहीं, बल्कि अपने साथियों का भी भरपूर सपोर्ट और प्यार मिलता है।





मोहित सूरी ने किया संदीप रेड्डी वांगा का समर्थन

निर्देशक मोहित सूरी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सैयारा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब मोहित सूरी ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा का समर्थन किया है। उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की कहानियों की भी तारीफ की और बताया कि वो 'एनिमल' के भी फैन हैं।

फैंस तैयार करते हैं विवाद

फिल्मीज्ञान के साथ बातचीत में मोहित सूरी ने कहा कि संदीप रेड्डी वांगा की फिल्मों को लेकर जो विवाद होते हैं, वो अक्सर फैंस के द्वारा ही पैदा किए जाते हैं। खुद को संदीप रेड्डी वांगा का फैन बताते हुए निर्देशक ने कहा, मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद हैं। हम उन्हें विवादास्पद बनाते हैं। यही कहानी आप किसी गैंगस्टर के साथ दिखाओ। महेश भट्ट ने 'सड़क' में दिखाई है। हम सिनेमा के उसी स्कूल से हैं। राम गोपाल वर्मा ने भी ऐसी फिल्में बनाई हैं। हर किसी को अपनी फिल्म बनाने का हक है। आपको इसे पसंद करने या न करने का हक है।

'एनिमल' के बाद मैंने किया था संदीप को मैसेज

मोहित सूरी ने आगे कहा कि बहुत कम लोग सोचते हैं कि 'अर्जुन रेड्डी' और 'कबीर सिंह' में कोई अंतर नहीं है। मुझे लगता है कि दोनों फिल्मों में बहुत फर्क है। दूसरे भाग में ज्यादा इमोशंस हैं। मुझे 'एनिमल' बहुत पसंद आई। 'एनिमल' के दौरान मैंने उन्हें मैसेज किया था कि मैं संदीप रेड्डी वांगा का प्रशंसक हूं।


18 जुलाई को रिलीज होगी 'सैयारा'

मोहित सूरी इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म से अहान पांडे और अनीत पड्डा बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसमें प्यार, जुनून की कहानी को दिखाया गया है। यह फिल्म 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म के रिलीज होने से पहले इसके गाने लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं।



राजामौली की फिल्म में खुद स्टंट करेंगे महेश बाबू, एक्टर के लिए फिल्म में होगा खास सोलो डांस नंबर

टॉलीवुड सुपरस्टार महेश बाबू की नई फिल्म एसएसएमबी29 का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह एक एडवेंचर फिल्म है, जिसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसमें प्रियंका चोपड़ा जोनस और पृथ्वीराज सुकुमारन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म को लेकर दो और नई अपडेट सामने आई हैं। एक खबर के अनुसार, महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी29 को लेकर दो रोमांचक जानकारी सामने आई है। पहली, वे इस फिल्म में अपने खतरनाक स्टंट खुद करेंगे, जैसा कि वे अपनी फिल्मों में पहले भी कर चुके हैं। दूसरी, राजामौली ने महेश के लिए एक शानदार सोलो डांस नंबर प्लान किया है, जिसमें वे एक नए अवतार में नजर आएंगे। फिल्म एसएसएमबी29 का अगला एक्शन से भरपूर शेड्यूल पहले केन्या में होने वाला था, लेकिन वहां की परिस्थितियों के कारण इसे रद्द कर दिया गया। अब टीम दक्षिण अफ्रीका या फिर तंजानिया में शूटिंग की योजना बना रही है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही एसएसएमबी29 में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 2027 में रिलीज हो सकती है।



बेलिंगहैम ने करवाई कंधे की सर्जरी, ला लीगा के शुरुआती मैच से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी । रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने अपने कंधे की सफल सर्जरी करवाई है। ऐसे में अब बेलिंगहैम को कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रहना होगा। वह ला लीगा के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल सकेंगे। बेलिंगहैम को नवंबर 2023 से कंधे में तकलीफ थी। ला लीगा मैच के दौरान उनका कंधा खिसक गया था। तभी से बेलिंगहैम अपनी जर्सी के नीचे सपोर्ट ब्रेस पहनकर खेलते रहे।

बेलिंगहैम ने क्लब वर्ल्ड कप के बाद ही सर्जरी कराने का फैसला किया था, ताकि रियल मैड्रिड के लिए उस टूर्नामेंट में खेल सकें। हालांकि, उनकी टीम सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से हारकर बाहर हो गई थी।

रियल मैड्रिड ने अपने बयान में कहा, बार-बार होने वाले खिसकाव की समस्या के इलाज के लिए जूड बेलिंगहैम के कंधे की सर्जरी हुई। यह ऑपरेशन डॉक्टर मैनुएल लेयेस और एंड्रयू वालेस ने रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज की निगरानी में किया। अब बेलिंगहैम रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे, जिसके बाद ट्रेनिंग शुरू कर सकेंगे। स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड अब नए मैनेजर शाबी अलोंसो के नेतृत्व में है। टीम 19 अगस्त को ओसासुना के खिलाफ घरेलू मैच से ला लीगा सीजन की शुरुआत करेगी।

बेलिंगहैम न सिर्फ शुरुआती लीग मुकाबलों से बाहर रहेंगे, बल्कि कुछ चैंपियंस लीग मुकाबले और



सितंबर में इंग्लैंड के अंडोरा और सर्बिया के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स भी मिस कर सकते हैं।

जूड बेलिंगहैम ने बोरुसिया डॉर्टमंड से रियल मैड्रिड आने के बाद अब तक सभी प्रतियोगिताओं में क्लब के लिए 100 मुकाबले खेले हैं।

प्रज्ञानंद ने कार्लसन को हराया

फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में संयुक्त बढ़त बनाई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन पर शानदार जीत दर्ज की। 19 वर्षीय प्रज्ञानंद ने पांच बार के विश्व चैंपियन को मात्र 39 चालों में मात दी। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन, जो हाल ही में भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश से लगातार हार चुके हैं, उन्हें एक और हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन को 19 साल के आर प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हरा दिया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकंड अतिरिक्त मिलते हैं। प्रज्ञानंद अब आठ खिलाड़ियों वाले ग्रुप व्हाइट में 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट की शुरुआत नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ काले मोहरों से ड्रॉ खेलकर की। इसके बाद उन्होंने असाउबायेवा को हराया। तीसरे राउंड में उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया और फिर चौथे राउंड में कार्लसन को चौंका दिया। हालांकि, कार्लसन पेरिस और कार्लजूए में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीत चुके हैं। वह पूरे टूर में शीर्ष पर थे, लेकिन उन्हें अब लास वेगास में



खिताबी दौड़ से बाहर होना पड़ा है। राउंड-रॉबिन चरण में उतार-चढ़ाव भरे दिन के बाद कार्लसन अपने ग्रुप में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे और प्लेऑफ में लेवोन अरोनियन से हारकर बाहर हो गए। अब वह निचले ब्रैकेट में पहुंच गए हैं, जहां तीसरे से ऊपर नहीं आ सकते। कार्लसन ने दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर उनकी परफॉर्मेंस गिर गई। प्रज्ञानंद और वेस्ली सो से हार और दो ड्रॉ के बाद, उन्हें अंतिम दौर में जीत की जरूरत थी, ताकि टाईब्रेकर हो सके। उन्होंने बिबिसारा अस्सौबायेवा को हराया, लेकिन फिर दोनों प्लेऑफ गेम अरोनियन से हार गए। इसके चलते वह टॉप ब्रैकेट में नहीं जा सके। इसी ग्रुप में, प्रज्ञानंदा, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जावोखिर सिंडारोव ने 4.5/7 अंक हासिल करके तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अरोनियन ने 4 अंक हासिल किए और कार्लसन को पछाड़ दिया।

ब्लैक ग्रुप में हिकारू नाकामुरा ने शानदार प्रदर्शन किया और 7 में से 6 अंक लेकर टॉप पर रहे। हांस नीमन, जिन्होंने शुरुआत में 5 में से 4.5 अंक हासिल किए थे, उन्होंने भी अगले दौर में जगह बना ली। उनके साथ फैबियानो कारूआना और अर्जुन एरिगैसी भी आगे बढ़े। कारूआना ने अपने शुरुआती छह मुकाबले ड्रॉ खेले थे, लेकिन आखिरी राउंड में नीमन को हराकर जरूरी जीत दर्ज की। लास वेगास के विंन होटल में फ्रीस्टाइल शतरंज की यूएस में पहली बार हो रही शुरुआत के साथ अब 16 खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में पहुंच चुके हैं। इनमें से आधे खिलाड़ी, जैसे कार्लसन और कीमर, निचले ब्रैकेट से आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, जबकि बाकी खिलाड़ी सीधे खिताब की दौड़ में बने रहेंगे।

गुरुवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें हारने वाले खिलाड़ी ऊपरी ब्रैकेट से निकलकर निचले ब्रैकेट में चले जाएंगे, जबकि जीतने वाले खिलाड़ी 2 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि के लिए मुकाबला जारी रखेंगे।

जापान ओपन बेडमिंटनः

सिंधू के बाद लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग भी हारे, जापान ओपन से हुए बाहर



टोक्यो, एजेंसी। 23 वर्षीय लक्ष्य ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।

हॉकी

प्रो लीग का प्रदर्शन एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले अच्छा सबक, श्रीजेश का टीम इंडिया को लेकर बयान

नई दिल्ली, एजेंसी। श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है। भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक विजेता टीमों का हिस्सा रहे श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे।

श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं। हमारी तैयारी अच्छी थी, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे लेकिन कोचों के पास एशिया कप के लिए टीम तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है और निश्चित रूप से अगले



साल एशियाई खेल और विश्व कप भी है।

श्रीजेश ने कहा, मुझे लगता है कि इस प्रो लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है। एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरी दिनचर्या पहले जैसी ही है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो खिलाड़ियों को तैयार करने के बारे में सोचते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और बाकी दिन अगले सत्र की तैयारी करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले शारीरिक हिस्से पर अधिक जोर देना पड़ता था लेकिन अब दिमाग पर ज्यादा जोर देना पड़ता है लेकिन मैं इसका पूरा आनंद ले रहा हूं।

भारत इस वर्ष 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा और श्रीजेश अपने खिलाड़ियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके (खिलाड़ियों) लिए सबसे बड़ी चुनौती जूनियर विश्व कप है क्योंकि चार देशों के टूर्नामेंट और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताएं उन पर जूनियर विश्व कप जितना दबाव नहीं डालतीं। मेरा काम उन्हें इन टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार करना है।

जूनियर विश्व कप में भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन श्रीजेश किसी एक विशेष टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम एक ही पूल (भारत और पाकिस्तान) में हैं, लेकिन मैं नहीं चाहता कि मेरे खिलाड़ी किसी एक विशेष टीम के बारे में सोचें।

ऋषभ पंत को तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है: जैक रसेल

लंदन, एजेंसी। लंदन के एक पॉश इलाके में पेंटिंग बनाने में व्यस्त इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज जैक रसेल का मानना है कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं लेकिन उन्हें विकेटकीपिंग की कुछ तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है। रसेल को क्रिकेट जगत की खबरों पर नजर



रखना पसंद है। अगर वह मैदान पर नहीं होते तो वह लाइव स्कोर देखते हैं। वह रोज पेंटिंग करते है, फिर भी उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के लिए लॉर्ड्स जाने का समय निकाला।

खुद एक विकेटकीपर होने के नाते उनके पास जैमी स्मिथ और पंत जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सलाह भी है। उन्होंने कहा, 'कई अच्छे विकेटकीपर रहे हैं। मैं कहूंगा कि मेरे समय में एलन नॉट और बॉब टेलर मेरे दो नायक थे। रसेल ने कहा, 'लेकिन मुझे सैयद किरमानी को देखना पसंद था। जब मैं छोटा था, तब मैं उन्हें बहुत देखता था। मुझे लगता था कि वह एक अच्छे विकेटकीपर हैं। मौजूदा विकेटकीपरों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पंत की बात करूं तो आपको उन्हें खेलते हुए देखना पंसद आएगा ही। वह चाहे बल्लेबाजी कर रहे हों, या विकेटकीपिंग, आपको उन्हें देखना अच्छा लगेगा। इसलिए वह एक मनोरंजक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि वह कार दुर्घटना के बाद भी क्रिकेट भी खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ी जैमी स्मिथ इंग्लैंड के सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज और विकेटकीपर बनेंगे क्योंकि उनमें बहुत हुनर है। आप उसे गिलक्रिस्ट की श्रेणी में रख सकते हैं। पंत की विकेटकीपिंग में किसी कमी के बारे में पूछने पर रसेल ने कहा, 'वह गलतियां करेगा क्योंकि तकनीकी रूप से कुछ चीजें हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। लेकिन वह शानदार प्रदर्शन करेगा और गलतियां भी करेगा। ज्यादातर विकेटकीपर गलतियां करते हैं। इंग्लैंड में विकेट लेना काफी मुश्किल है। इसलिए वह यहां परफेक्ट नहीं होगा, लेकिन उसकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत है। रसेल ने कहा, 'पर उसे विकेटकीपिंग में कुछ काम करने की जरूरत है, स्टंप तक खड़े होने में बस थोड़े-बहुत बदलाव करने होंगे। अगर वह मुझसे पूछेगा तो मैं उसे बता दूंगा। लेकिन ये छोटी चीजें हैं। यह 61 वर्षीय काउंटी क्रिकेट से संन्यास लेने के 20 साल से भी ज्यादा समय बाद अपनी चित्रकला के जरिए खेल से जुड़े हुए हैं। राइडर स्ट्रीट स्थित गैलरी की यात्रा किसी भी क्रिकेट प्रेमी को पुरानी यादों की सैर करा देगी। वह सोशल मीडिया पर अपनी पेंटिंग्स प्रोमोट करते हैं जिसमें उनके ज्यादातर फोलोअर्स भारतीय हैं। रसेल ने हाल में इंग्लैंड के लिए खेलने वाले पहले भारतीय रणजीतसिंहजी का चित्र बनाया। रसेल ने कहा, 'हर साल मैं इतिहास के पन्नों से किसी का चित्र बनाने की कोशिश करता हूं। पिछले साल मैंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डगलस जार्डिन का चित्र बनाया था। इस साल मैंने रणजीतसिंहजी को चुना। अगर आप उनके बारे में पढ़े और उनके करियर पर नजर डालें तो वे एक 'स्ट्रोक प्लेयर थे।

मैंने यह ऋषभ पंत से सीखा है, दीप्ति शर्मा ने एक हाथ से लगाए छक्के का श्रेय पंत को दिया

साउथेम्प्टन (यूके), एजेंसी। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे में अपनी शानदार पारी पर बात की, जहां वह जेमिमा के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रही थीं और ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थीं। दीप्ति शर्मा के शानदार अर्धशतक और ऑलराउंडर स्नेह राणा के शानदार स्पेल ने गुरुवार को साउथेम्प्टन में तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में इंग्लैंड पर चार विकेट से जीत हासिल करने में भारत की अहम भूमिका निभाई। भारतीय महिला टीम ने अब अपने पिछले 12 वनडे में से 11 जीते हैं, और यह सिलसिला दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुआ था।

दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद कहा, मैं ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थी। मैं जेमिमा के साथ साझेदारी बनाना चाहती थी, लगातार 5-6 रन प्रति ओवर



बनाना चाहती थी। (उनके स्वीप शॉट्स पर) मैंने शुरुआती दिनों में इस पर काफी काम किया है, और इस तरह की पिच पर इससे मदद मिलती है। (एक हाथ से छक्का लगाने पर) मैं ये शॉट अभ्यास में खेलती हूं, मैंने ये ऋषभ पंत से सीखा है। हम पहले भी इंग्लैंड में खेल चुके हैं, हमें इन परिस्थितियों में मजा आता है।

दीप्ति शर्मा इस मैच में भारत की ओर से सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। दीप्ति के नाबाद 62 रन भारतीय महिला टीम के लिए वनडे में छठे या उससे नीचे के क्रम पर रनों का पीछा करते हुए बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ वेदा कृष्णमूर्ति के 52* रन (विजयवाड़ा, 2016) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

बांग्लादेशी स्पिनर महेदी हसन की शानदार गेंदबाजी, हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

ढाका, एजेंसी। स्पिनर महेदी हसन ने बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच निर्णायक टी20आई मैच में 4-1-11-4 के औसत से शुरुआत की जिससे टाइगर्स ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में मैच और सीरीज दोनों जीतते हुए इतिहास रच दिया। एक छोर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए महेदी ने हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। महेदी ने पावरप्ले में दो ओवर फेंकते हुए किफायती चार विकेट लिए जिससे उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष 5 बल्लेबाजों में से चार को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंकाई टीम कोलंबो में निर्णायक मैच में सिर्फ 132/7 पर सिमट गई।

महेदी ने अपने शानदार स्पेल के जरिए आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20आई मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेहमान गेंदबाज होने का हरभजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरभजन ने 2012 के टी20 विश्व



कप में इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया था और केवल 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे जबकि महेदी ने 4 विकेट के लिए 11 रन दिए।

किसी गेंदबाज के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड इस भारतीय स्पिनर के नाम था, लेकिन 2021 की सीरीज में वानिंदु हसरंगा ने 4-9 के उल्लेखनीय आंकड़े के साथ भारतीय के रिकॉर्ड को तहस-नहस कर दिया। जोश हेजलवुड (4-16) और महेदी के हमवतन मुस्तफिजुर रहमान (4-21) जैसे खिलाड़ियों ने पिछले कुछ वर्षों में मेहमान खिलाड़ियों के रूप में हरभजन के रिकॉर्ड को चुनौती दी है, लेकिन बांग्लादेशी स्पिनर ने इसे तोड़ा।

महेदी ने तीसरे नंबर पर आए कुसल परेरा के विकेट के साथ शुरुआत की जो पारी के दूसरे ओवर में गोल्डन डक पर आउट हो गए। स्पिनर ने पावरप्ले के पांचवें ओवर में दिनेश चांदीमल का विकेट लिया, इसके बाद श्रीलंकाई कप्तान चरित असलांका का भी विकेट लिया और उस समय 46 रन पर खेल रहे सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका की गेंद पर कैच एंड बोल्ड आउट हुए।

संन्यास लेने जा रहे आंद्रे रसेल! ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में घरेलू मैदान पर खेलेंगे आखिरी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले हैं। रसेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में चुना गया है।



वह इस सीरीज में अपने घरेलू मैदान पर आखिरी मैच खेलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार आंद्रे रसेल अपना फेयरवेल मैच घरेलू मैदान जमैका के सबीना पार्क में खेलेंगे। सीरीज के शुरुआती दो मैच यहीं 20 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे। रसेल 2019 से इंटरनेशनल क्रिकेट में केवल टी20 खेले हैं और वर्तमान में 84 मैच खेल चुके हैं। रसेल ने अगले टी20 विश्व कप से सात महीने पहले संन्यास का ऐलान किया है। फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होगा। निकोलस पूरन के बाद रसेल दो महीने से भी कम समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी होंगे।

विराट कोहली ही जिम्मेदार!

कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु भगदड़ केस में सौंपी रिपोर्ट, गंभीर लापरवाहियों का जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी। बेंगलुरु में आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है. इस रिपोर्ट में कई गंभीर लापरवाहियों का जिक्र किया गया है और खास बात यह है कि इस पूरी घटना में टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी है. बेंगलुरु में 4 जून को विक्ट्री परेड से पहले यह भगदड़ हुई थी. जो रिपोर्ट सरकार ने हाइकोर्ट में सौंपी है, उसमें कई तरह की गंभीर लापरवाहियों का जिक्र है. गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरी घटना में विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. रिपार्ट में कहा गया है कि विराट कोहली ने वीडियो में फैन्स से फ्री में विक्ट्री परेड में आने की अपील की.



संक्षिप्त समाचार

क्या है एक रोड-एक दिन योजना? जिससे दिल्ली की सड़कों के कायाकल्प की तैयारी



नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली की बदहाल सड़कों की हालत सुधारने के लिए एमसीडी ने एक रोड-एक दिन नई योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इस योजना के तहत, दिल्ली के प्रत्येक जोन में हर दिन एक सड़क की मरम्मत और सुधार का काम पूरा किया जाएगा। एमसीडी का दावा है कि यह पहल दिल्ली की सड़कों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने में मदद करेगी। एक रोड-एक दिन योजना का लक्ष्य दिल्ली की सड़कों पर गड्ढों, टूटे-फूटे फुटपाथ, खराब स्ट्रीट लाइट्स और अवैध अतिक्रमण जैसी समस्याओं का समाधान करना है। एमसीडी के अनुसार, प्रत्येक सड़क पर एक दिन में मरम्मत, सफाई, साइनेज की स्थापना और सौंदर्यीकरण का काम पूरा होगा। यह योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक कदम है। एमसीडी ने बताया कि यह योजना 1 सितंबर 2025 से शुरू होगी। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य 2 अक्टूबर 2025, स्वच्छ भारत मिशन की वर्षगांठ तक दिल्ली की सड़कों की स्थिति में सुधार करना है। इस दौरान, प्रत्येक जोन में चुनी गई सड़कों पर काम तेजी से पूरा किया जाएगा। एमसीडी का दावा है कि इस योजना से दिल्लीवासियों को कई लाभ मिलेंगे। बेहतर सड़कें और फुटपाथ ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को कम करेंगे। स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत से रात में यात्रा सुरक्षित होगी, जबकि सौंदर्यीकरण से शहर का स्वरूप बेहतर होगा। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि काम कितनी तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा होता है। एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा, यह योजना दिल्ली की सड़कों को नया रूप देगी और स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को मजबूत करेगी। वहीं, कुछ स्थानीय नेताओं और निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है, लेकिन समयबद्ध कार्यान्वयन पर जोर दिया है।

दिल्ली वाले तैयार रहें! दो दिन बारिश का अलर्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। बुधवार को राजधानी के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। गुरुवार सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं और मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को हुई बारिश से दिल्लीवासियों को ठंडक का अहसास हुआ और उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बुधवार को दिल्ली के कई इलाकों में सुबह से ही बादलों की आवाजाही देखी गई। दिन के समय बीच-बीच में धूप ने उमस को बढ़ाया, लेकिन दोपहर 11:30 बजे से 2:30 बजे के बीच हल्की से मध्यम बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया। सफदरजंग मौसम केंद्र में 15 मिमी और लोधी रोड मौसम केंद्र में 17 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश ने तापमान को सामान्य से नीचे रखा, जिससे दिल्लीवासियों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। सफदरजंग वेधशाला के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम है। आर्द्रता का स्तर 72 से 100 प्रतिशत के बीच रहा, जिसने मौसम को उमस भरा लेकिन बारिश के कारण सहनीय बनाए रखा। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। मौसम विभाग ने गुरुवार और शुक्रवार के लिए दिल्ली-एनसीआर में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। बादलों की मौजूदगी के साथ कुछ इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून की सक्रियता के कारण दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। दिल्लीवासियों को छाता और रेनकोट साथ रखने की सलाह दी जा रही है। बारिश और मौसमी गतिविधियों के कारण दिल्ली की हवा साफ बनी हुई है। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 67 अंक रहा, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।

पत्नी पहली हो या दूसरी, दोनों को गुजारा भत्ता का हक... दिल्ली हाई कोर्ट की टिप्पणी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि घरेलू हिंसा कानून के तहत अलग रह रहे जीवनसाथी को भरण-पोषण देने के मामले में पहली और दूसरी शादी के बीच कोई अंतर नहीं किया जाता।

जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने कहा कि यदि कोई पुरुष स्वेच्छा से दूसरी शादी करता है, तो वह अपनी दूसरी पत्नी और बच्चों को गुजारा भत्ता देने से इनकार नहीं कर सकता। यह टिप्पणी एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान आई, जिसमें उसने दूसरी पत्नी को भरण-पोषण देने के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यह उसकी दूसरी शादी है और पहली शादी से भी उसके बच्चे हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने स्वेच्छा से दूसरी शादी की और प्रतिवादी (दूसरी पत्नी) व उसके बच्चों को स्वीकार किया। ऐसे में वह अब अपने वैधानिक दायित्वों से बचने के लिए दूसरी शादी को बहाना नहीं बना सकता।

महिला ने कोर्ट को बताया कि 1987 में अपने पहले पति की मौत के बाद वह अपने दो बेटों की अकेले परवरिश कर रही थी। उस समय इस व्यक्ति ने उसके बच्चों की देखभाल और पिता के स्नेह का वादा करते हुए शादी का प्रस्ताव रखा था। वहीं, पुरुष ने दावा किया कि उसकी पत्नी ने स्वेच्छा से ससुराल छोड़ दिया और वापस लौटने या सुलह करने का कोई प्रयास नहीं किया।

यह साधारण अपमान नहीं; महिला को अपशब्द कहने पर अदालत ने जमकर लगाई फटकार: किसी महिला को चरित्रहीन और सेक्स वर्कर बताने के लिए अक्सर एक अपशब्द का इस्तेमाल किया जाता है। दिल्ली की एक अदालत ने इस शब्द के इस्तेमाल को लेकर एक आरोपी को



जमकर फटकार लगाई और कहा कि यह अपराध है। अदालत ने कहा कि यह शब्द एक महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है क्योंकि इसका मतलब है कि वह चरित्रहीन और बेवफा है।

द्वारका अदालत में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास हरजोत सिंह औजिला ने विक्रांत ग्रेवाल नाम के एक आरोपी को महिला के अपमान फोन पर धमकाने का दोषी करार देते हुए यह टिप्पणी की। मामला 2021 का है।

अदालत ने कहा कि यह शब्द किसी व्यक्ति का साधारण अपमान के लिए नहीं है, बल्कि यह एक मेहनतकश महिला की मर्यादा को अपमानित करता है। जब इस शब्द का इस्तेमाल एक महिला के लिए किया जाता है तो यह संकेत करता है कि वह महिला विश्वासी नहीं है। दूसरा, यह शब्द सिर्फ साधारण अपमान नहीं है बल्कि सीधे तौर पर एक महिला के यौन पर प्रहार है और यह शब्द महिला को चरित्रहीन दर्शाता है और उसके चरित्र पर संदेह उत्पन्न करता है।

अदालत ने कहा कि आरोपी की ओर से इस्तेमाल किया गया यह शब्द उसे आईपीसी की धारा 509 का दोषी ठहराता है। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपी की मांग नहीं मानने पर महिला को रेप और हत्या की धमकी दी गई और यह आपराधिक कृत्य है। अदालत ने कहा, आरोपी ने सीधी धमकी दी, जैसे- दरवाजा नहीं खोला तो गोली मार दूंगा। यह आईपीसी की धारा 503 के तहत सीधे आपराधिक कृत्य है।पति और बेटी के साथ एक किराये के घर में रहने वाले महिला ने ग्रेवाल के खिलाफ फोन पर धमकाने और अपशब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाया था।

10 हजार फर्जी छात्र, करोड़ों का बजट.. केजरीवाल की फ्री कोचिंग योजना की होगी जांच?

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान दलित छात्रों के लिए शुरू की गई मुफ्त कोचिंग योजना में अनियमितता का मामला सामने आया है। दिल्ली की भाजपा सरकार ने बुधवार को आरोप लगाया कि जांच में दस हजार फर्जी छात्र पाए गए।

राज्य सरकार ने प्रारंभिक जांच के बाद उपराज्यपाल से मामले की जांच कराने की मांग की थी। एलजी ने इस मामले में बुधवार को जांच के आदेश दे दिए। अब भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) पूरे मामले की जांच करेगी।

दिल्ली सचिवालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने वर्ष 2018 में दलित छात्रों के लिए जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुफ्त कोचिंग योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 10 हजार ऐसे छात्रों की कोचिंग का बिल लगाया गया, जिनका कोचिंग के पास कोई रिकॉर्ड ही नहीं है। शिक्षा मंत्री के मुताबिक, जांच में तीन हजार छात्र ही मिले। इसके बाद वित्तीय अनियमितता की फाइल एलजी विनय



सक्सेना को भेजी गई।

पिछली सरकार के दौरान जुलाई 2021 से अगस्त 2022 के बीच योजना के तहत 13 हजार छात्रों का 145 करोड़ रुपये का बिल कोचिंग की तरफ से सरकार के पास भेजा गया। जबकि पूरी योजना सिर्फ 15 करोड़ रुपये की थी। शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि हमने जब योजना को लेकर थोड़ा अध्ययन किया तो पाया कि यूपीएससी तैयारी के लिए अधिकतम शुल्क एक लाख रुपये था। अगर 13 हजार छात्रों ने पढ़ाई की तो उसके हिसाब से कुल बिल 130 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए था, तो सवाल यह है कि 145 करोड़ का बिल कैसे बना। इससे साफ है कि पिछली सरकार में सबकुछ मिलीभगत से हो रहा था। दलित छात्रों के नाम पर सरकारी खजानों को लूटा जा रहा था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मामले में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। आप की राजनीति दलितों के नाम पर दिखावा करती रही है। जब जिम्मेदारी निभाने की बात आती है तो उनके हक पर डाका डालने से भी नहीं चूकती है।

भाजपा योजनाएं बंद करना चाहती है: सौरभ भारद्वाज

आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, भाजपा आम आदमी पार्टी की ओर से चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करना चाहती है। इसके लिए भ्रष्टाचार का बहाना बनाया जा रहा। सच्चाई यह है कि आज तक भ्रष्टाचार का एक भी आरोप साबित नहीं हो पाया है। मोहल्ला क्लीनिक को बंद किया गया। अस्पतालों में मुफ्त दवाएं बंद की गई। बसों में महिलाओं का मुफ्त सफर बंद किया जा रहा। मुफ्त पानी की योजना भी बंद होने वाली है।

साबरमती की तर्ज पर दिल्ली में यमुना किनारे बनेगा रिवर फ्रंट



नईदिल्ली, एजेंसी। यमुना रिवर फ्रंट 25 हेक्टेयर (ढाई लाख वर्गमीटर) में विकसित किया जाएगा। यह रिंग रोड साइड पर मिलेनियम बस डिपो वाले स्थान पर बनेगा। दिल्ली सरकार ने आईटीओ के हाथी घाट और सराय काले खां के बीच पड़ने वाले इस स्थान को लगभग तय कर लिया है। साथ ही, इस प्रस्ताव के बारे में केंद्र को भी अवगत करा दिया है।

सूत्रों की मानें तो जून 2026 तक योजना को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। यमुना रिवर फ्रंट मिलेनियम बस डिपो के आस-पास विकसित करने का मकसद बेहतर कनेक्टविटी देना है। यहां वाया रिंग रोड के अलावा दूसरे सार्वजनिक परिवहन साधनों से पहुंचना आसान है। रिवर फ्रंट पर सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अलग से जगह बनाई जाएगी। लोगों के बैठने के लिए सीढ़ीनुमा जगह (स्टेप्ड सीटिंग) बनाई जाएगी। फव्वारे, बगीचे/पार्क और मूर्तियां के अलावा बस कैफे जैसी व्यवस्था भी की जाएगी।

आधिकारिक सूत्रों की मानें तो दिल्ली सरकार यमुना रिवर फ्रंट को गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित करना चाहती है। इसके लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा के नेतृत्व में एक टीम गुजरात दौरे पर भी जाने वाले थी, लेकिन मानसून के चलते वह दौरा फिलहाल रद्द हो गया है। दिल्ली सरकार ने यमुना किनारे पर पहले से बने पार्क में अब फूड कोर्ट खोलने का फैसला किया है। इसके तहत असिता पूर्व पार्क में फूड कोर्ट, कंटेनर कैफे, टेंट कैफे खुलेंगे। इसी तरह यमुना वाटिका में बस कैफे और कालिंदी अविरल विस्तार में भी जैविक हाट, शिकारा-कन्वेंशन सेंटर भी खोला जाएगा। यमुना रिवर फ्रंट के अलावा सरकार ने यमुना तटबंध में ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर (हरित गतिशीलता कॉरीडोर) यानि साइकिल लिंक परियोजना भी तैयार की है। इसके तहत यमुना तटबंध पर कुल 51 किलोमीटर का साइकिल ट्रैक बनाया जाएगा।

पूर्वी तट पर कुल 30 किलोमीटर का ट्रैक बनाया जाएगा, जबकि दूसरा पश्चिमी तट पर कुल 21 किलोमीटर का ट्रैक बनेगा। इससे पूरे यमुना के किनारे साइकिल के जरिए सफर किया जा सकेगा। इसे अक्टूबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

एशिया में नए युद्ध की आहट, चीन ने ताइवान के पास तैनात किए 58 फाइटर जेट

बीजिंग , एजेंसी। एक तरफ जहां अमेरिका और चीन टैरिफ को लेकर आमने-सामने हैं। वहीं, दूसरी ओर ड्रैगन ने ताइवान के खिलाफ शिकंजा और भी कस दिया है। हाल ही में अमेरिका ने चिंता जाहिर की थी कि ताइवान के खिलाफ चीन कोई नापाक चाल चल सकता है।

इसी बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि चीन ने उसके देश के आसपास के हवाई क्षेत्रों में 58 चीनी लड़ाकू विमानों और नौ चीनी नौसैनिक जहाजों का पता लगाया है। इनमें से 45 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर लिया और ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी एडीआईजेड (एयर डिफेंस पहचान क्षेत्र) में प्रवेश किया।

चीन की कार्रवाई पर फ्रांस ने भी जताई चिंता: ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीनी विमानों और नौसैनिक जहाजों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। इससे पहले बुधवार को ताइवान ने 38 चीनी विमानों का पता लगाया था, जिनमें से 28 ने मध्य रेखा को पार कर लिया था और ताइवान के मध्य और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में प्रवेश किया था। फ्रांस ने भी अपनी 2025 की राष्ट्रीय रणनीतिक समीक्षा में चीन की सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की ताइवान के आसपास की सैन्य गतिविधियां क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ा रही हैं।



ताइवान में चल रहे सैन्य अभ्यास से चीन नाराज: बता दें कि स्व-शासित द्वीप ताइवान ने 10 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया है। राजधानी ताइपे के हवाई अड्डे के पास पैट्रिएट जैसे मिसाइल सिस्टम तैनात किए हैं। ये डिफेंस सिस्टम चीन के संभावित हमले को देखते हुए तैनात किए गए हैं।

लिबर्टी टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ताइवानी वायु सेना ने शुक्रवार को सौंगशान हवाई अड्डे के पूर्व में एक नदी के पास भी पैट्रियट मिसाइल सिस्टम तैनात की थी। गौरतलब है कि ताइवान की इस कार्रवाई से चीन बेहद नाराज है।

ईरान ने कहा- हमला हुआ तो देंगे करारा जवाब, कैंसर है इजरायल..इसे जड़ से मिटाना जरूरी

तेहरान , एजेंसी। ईरान और इज़रायल के बीच हाल ही में भले ही 12 दिन की जंग के बाद सीजफायर लागू हुआ हो, लेकिन जुबानी हमले अब भी जारी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इज़रायल को एक बार फिर खुली चेतावनी देते हुए कहा कि यह कैंसर की तरह है, जिसे जड़ से खत्म करना जरूरी है।खामेनेई ने इज़रायल की तुलना कुत्ते से करते हुए कहा कि यह अमेरिका के पट्टे से बंधा है और वही इसके हर फैसले पर असर डालता है। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका और उसके पालतू इज़रायल से भिड़ने में ईरान को कोई परहेज नहीं है और उसे पीछे नहीं हटना चाहिए। खामेनेई ने दावा किया कि भले ही फिलहाल युद्धविराम हो, लेकिन इज़रायल पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कभी भी हमला हो सकता है और अगर हमला हुआ तो ईरान पूरी ताकत से जवाब देगा। उन्होंने कहा कि बीते महीने की 12 दिन की लड़ाई में भी ईरान ने इज़रायल को कड़ा सबक सिखाया था और अगली बार जवाब और सख्त होगा।गौरतलब है कि इस संघर्ष से पहले अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। अमेरिका का दावा है कि इससे ईरान का यूरेनियम भंडार काफी घटा, लेकिन इज़रायल की खुफिया एजेंसियों का कहना है कि ईरान के पास अब भी इतना यूरेनियम है कि वह कुछ महीनों में अपनी ताकत वापस पा सकता है। इज़रायल ने हाल ही में सीरिया और लेबनान में भी सैन्य कार्रवाई की है। गाजा में भी शांति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी है। इज़रायल ने यह शर्त रखी है कि अगर गाजा के लोग दक्षिण के सीमित इलाके में बस जाएं तो संघर्ष खत्म किया जा सकता है।

मुझे कुछ होता है तो आसिम मुनीर होंगे जिम्मेदार : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को अपनी पार्टी के सदस्यों से कहा कि यदि जेल में उनके साथ कोई भी अनहोनी होती है तो उसके जिम्मेदार सेनाध्यक्ष प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर होंगे। क्रिकेटर से नेता बने 72 वर्षीय खान कई मामलों में अगस्त 2023 से जेल में हैं। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर खान को रिहा करने के लिए दबाव बनाने के लिए पांच अगस्त से पूरे देश में एक बड़े अभियान की शुरुआत करने की तैयारी कर रही है। खान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हाल के दिनों में, जेल में मेरे साथ होने वाला कठोर व्यवहार और भी बढ़ गया है। यही रवैया मेरी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ भी अपनाया जा रहा है। यहां तक कि उनकी कोठरी का टीवी भी बंद कर दिया गया है। हम दोनों के सभी बुनियादी अधिकार चाहे वे मानवीय हों या कैदियों को दी गई कानूनी निर्लंबित कर दिए गए हैं। खान ने कहा कि इसके लिए जवाबदेही होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि वह पूरी तरह से जानते हैं कि एक कर्नल और जेल अधीक्षक असीम मुनीर के आदेश पर कार्रवाई कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए मैं अपनी पार्टी को स्पष्ट निर्देश देता हूं कि अगर जेल में मेरे साथ कुछ भी होता है तो असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

थाईलैंड में बड़े सेक्स स्कैंडल का भंडाफोड़, एक महिला गिरफ्तार

बैंकॉक , एजेंसी। थाईलैंड में एक बड़े सेक्स स्कैंडल का भंडाफोड़ हुआ है। यहां एक महिला को कई साधुओं के साथ यौन संबंध बनाने और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। खबर है कि पहले लुभा कर सेक्स में फंसाने और ब्लैकमेल के इस खेल के जरिए करीब 385 मिलियन बाथ की उगाही की गई है। भारतीय मुद्रा में यह रकम 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीटीआई भाषा के अनुसार, रॉयल थाई पुलिस सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने बताया कि इस कांड में शामिल कम से कम



नौ बौद्ध भिक्षुओं और वरिष्ठ भिक्षुओं को भिक्षु पद से हटा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उत्तरी थाईलैंड स्थित एक बौद्ध मंदिर के बैंक खाते से एक वरिष्ठ भिक्षु की तरफ से विलावान एम्सावत के खाते में भेजी गई धनराशि का भी पता चला है।

लगभग 35 वर्षीय विलावान एम्सावत को राजधानी बैंकॉक के उत्तर में नोंथबुरी प्रांत स्थित उसके घर से जबरन वसूली, धन शोधन और चोरी का सामान लेने के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। अपनी गिरफ्तारी से पहले विलावान ने ऐसे एक संबंध की बात स्वीकारी थी और कहा था कि उसने उस बौद्ध भिक्षु को पैसे दिए थे। गिरफ्तारी के बाद से विलावान ने कोई बयान नहीं दिया है और यह स्पष्ट नहीं है कि उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील है या नहीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि विलावान ने वित्तीय लाभ के लिए जानबूझकर वरिष्ठ भिक्षुओं को निशाना बनाया। पुलिस ने पाया कि प्रेम संबंध शुरू करने के बाद कई भिक्षुओं ने बड़ी धनराशि विलावान को ट्रांसफर की थी। पुलिस ने बताया कि पिछले तीन साल में विलावान के बैंक खाते में 1.19 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि प्राप्त हुई लेकिन इसमें से अधिकतर राशि ऑनलाइन जुए वाली वेबसाइट पर खर्च की गई।

सेंट्रल इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो के उपायुक्त जारूनकियात पंकेव ने कहा कि जांच पिछले महीने तब शुरू हुई जब बैंकॉक के एक प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर के वरिष्ठ भिक्षु ने अचानक अपना पद छोड़ दिया।

इंडिपेंडेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, जारूनकियात ने बताया कि जांचकर्ताओं ने पाया है कि विलावान ने एक भिक्षु से कहा था कि वह गर्भवती है और मदद के लिए 7.2 मिलियन बाथ मांगे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस का मानना है, यह महिला बहुत ही खतरनाक है और हमें इसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करना होगा। खबरें ये भी हैं कि विलावान के फोन से हजारों फोटो और वीडियो मिले हैं। साथ ही इसमें कई चैट भी हैं, जो कई भिक्षुओं के साथ संबंधों की ओर इशारा कर रही हैं।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 17-07-2025 21:25 Page 1

उपायुक्त ने की राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य सभी अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए एक-एक लाइजनिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल, एयरपोर्ट, कारकेड, वाहन, ट्राफिक मुवमेंट, रूट लाइन, साफ सफाई, मीडिया मैनेजमेंट, सेफ हाउस सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एक-एक नोडल पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्त की जाएगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों के आवसान सहित अन्य सुविधाएं, एयरपोर्ट तथा कार्यक्रम स्थल पर कंट्रोल रूम बनाने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। इसके अलावा स्टेज, सेफ हाउस, डी-एरिया, ग्रीन रूम, प्रवेश एवं निकास द्वार, कार्यक्रम स्थल तथा एयरपोर्ट पर अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस सहित अन्य बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए।उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, पीएचईडी, भवन प्रमंडल, नगर निगम सहित सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाने, एयरपोर्ट से आईआईटी आईएसएम के कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन का बरीकी से निरीक्षण करने का निर्देश दिया।वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने डीएसपी सीसीआर, डीएसपी मुख्यालय 1 एवं डीएसपी ट्रैफिक को एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन में आने वाले गोल चक्कर, कट, गति अवरोधक इत्यादि का आज ही निरीक्षण कर लेने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, मयंक यादव, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम के अलावा पथ निर्माण वभाग, पीएचईडी 1 एवं 2, भवन प्रमंडल, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, अग्निशमन सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

अपात्र कार्डधारी स्वयं करें राशन कार्ड सरेंडर, अन्यथा होगी कार्रवाई : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में ऐसे सभी राशन कार्डधारी जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एमएफएसए)/ग्रीन राशन कार्ड आदि की आहर्ता पूरी नहीं करते, वे स्वयं स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड सरेंडर करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपात्र कार्डधारी समय रहते स्वेच्छा से कार्ड नहीं लौटाता हैं, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

डीडीसी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपात्र लाभुक या जिन्होंने पिछले 06 से 12 माह तक खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है उनकी पहचान सुनिश्चित करते हुए उनके नामों की ग्राम सभाओं में घोषणा करें, और निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके नाम राशन कार्ड से विलोपित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को ही योजना का लाभ मिले।

उन्होंने कहा कि अपात्र लोगों के कारण कई वंचित लोग लाभ से दूर हैं, जिसे तत्काल दुरुस्त किया जाना जरूरी है।



डीडीसी ने जिले में संचालित मुख्यमंत्री दाल - भात केंद्रों में स्वच्छता को लेकर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वहीं, केंद्र संचालकों को आमजनों को गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने की बात कहीं। कहा कि दाल-भात केंद्र जरूरतमंदों एवं श्रमिक वर्ग के लिए संचालित कल्याणकारी योजना है, ऐसे में इन केंद्रों की कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी जरूरी है।

बैठक में डीडीसी ने कहा कि जन वितरण प्रणाली (जविप्र) दुकानों में खाद्यान्न वितरण संबंधित सभी अभिलेख वितरण पंजी, स्टॉक पंजी आदि का विधिवत, अद्यतन एवं स्पष्ट संधारण करना जरूरी है। भले सभी कार्य आन लाइन निष्पादित हो रहा है। बावजूद अलग झ अलग पंजी में प्रतिदिन संधारण होना चाहिए। उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ)/ विपणन पदाधिकारी (एमओ) को इसके लिए सतत निगरानी करने एवं जविप्र दुकानदारों को निर्देशित करने को कहा।

डीडीसी ने समीक्षा क्रम में पीजीएमएस पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि 534 प्राप्त आवेदनों में से 421 आवेदनों का निषअपादन हुआ है। अभी भी 113 आवेदन लंबित है, इसे भी जल्द निष्पादित करें। साथ ही, राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी कार्य को भी शत प्रतिशत पूरा करने को कहा, ताकि किसी भी जरूरतमंद का नाम राशन कार्ड से नहीं कटें। चंद्रपुरा एवं नावाडीह प्रखंड को इस पर विशेष ध्यान देने को कहा।

वहीं, वित्तीय वर्ष 24 - 25 धान अधिप्राप्ति को लेकर भी समीक्षा किया। जिसमें कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी, मधुकरपुर एवं पोटसो पैक्सों से धान अभी भी संबंधित मिलर को पहुंचा नहीं है। संबंधित पैक्सों को अविलंब धान पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। ताकि संबंधित किसानों को धान की राशि का भुगतान किया जा सके। ऐसा नहीं करने पर पैक्सों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इस कार्य को उच्च प्राथमिकता के तहत बीएसओ/एमओ को सुनिश्चित करने को कहा।

मौके पर कृषि एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों को जिले के किसानों का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। डीडीसी ने धान की खेती करने वाला कोई भी किसान विभाग में पंजीकरण कराने से वंचित नहीं रहे यह सुनिश्चित करें। ताकि धान विक्रय के समय उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

बोकारो बार एसोसिएशन चुनाव का नामांकन शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बोकारो बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। बोकारो कोर्ट परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल देखने को मिल रहा है। आज, 17 जुलाई से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो चुकी है, जो 23 जुलाई तक जारी रहेगी। अधिवक्ता इस दौरान अपने लिए नामांकन पत्र खरीद सकते हैं।

चुनाव 2 अगस्त 2025 को होगा, जबकि मतगणना 3 अगस्त को निर्धारित की गई है। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सचिव सहित कई अन्य पदों के लिए प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आज पहले दिन कई अधिवक्ताओं को नामांकन पत्र खरीदते हुए देखा गया, जिनमें उपाध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार के प्रत्याशी रणजीत गिरि भी शामिल थे। उन्होंने फॉर्म लेने के बाद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चंद्रपुरा, जारीडीह, दुगदा थाना को बोकारो जजशिप में जोड़वाना उनकी पहली प्राथमिकताओं में से एक है साथ ही साथ अधिवक्ताओं के लिए बोकारो स्टील प्लांट से क्वार्टर दिलाने का प्रयास करेंगे। स्वच्छ, पारदर्शी व भयमुक्त वातावरण में अधिवक्ताओं को कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बोकारो कोर्ट में लगभग 1200 अधिवक्ता पंजीकृत हैं, जो इस चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। यह चुनाव बोकारो जिला अदालत में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रत्याशियों का कहना है कि वे बार एसोसिएशन के विकास और अधिवक्ताओं के हितों के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं। चुनावी प्रक्रिया को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जैसे-जैसे नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, चुनावी माहौल और गर्म होने की उम्मीद है।

शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को ले सभी स्तर पर करें प्रयास : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। गुरुवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग एवं झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, एडीपीओ श्री उदय कुमार सिंह,एपीओ अविनव सिन्हा, कस्तूरबा विद्यालयों की वार्डन, बीआरपी, लेखापाल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने द्वितीय व तृतीय श्रेणी में सफल छात्रों के अधिगम स्तर को बढ़ाकर अगले वर्ष प्रथम श्रेणी में लाने का निर्देश दिया। वहीं, राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण ह्यपरखह्व में जिले का औसत स्कोर अन्य जिलों की तुलना में बेहतर रहा, लेकिन कक्षा 9 में विज्ञान एवं गणित में 40% औसत स्कोर को लेकर चिंता व्यक्त की। संबंधित विषय शिक्षकों को विषयगत अवधारणाओं पर फोकस करते हुए छात्रों के अधिगम सुधार का निर्देश दिया।

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के 14,000 छात्रों को भुगतान नहीं हो पाया है। संबंधित त्रुटियों को सुधारते हुए शीघ्र रिपोर्ट देने को कहा। निःशुल्क साइकिल वितरण में बेरमो प्रखंड के 76 छात्रों को साइकिल नहीं मिलने पर ब्रेकअप मांगा गया। सभी प्रखंडों को वितरण पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में शिक्षकों की उपस्थिति औसतन 87% रही है, जबकि छात्रों की उपस्थिति मात्र 73% पाई गई। सभी शिक्षकों के वेतन भुगतान को बायोमेट्रिक सत्यापन से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बीआरपी/सीआरपी को विद्यार्थियों की उपस्थिति की निगरानी के लिए निर्देशित किया।

बैठक में मेरा विद्यालय निपुण एवं मैं भी निपुण कार्यक्रम के तहत कक्षा 01 व 02 में शैक्षणिक व संरचनात्मक मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन में प्रिंट रिच कक्षा, बाल साहित्य, टीएलएम, गतिविधि आधारित शिक्षण, शिक्षक की जानकारी व सामुदायिक भागीदारी जैसे तत्वों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। टीएनए की समीक्षा करते हुए पाया गया कि कई शिक्षकों का प्रदर्शन औसत से कम है। उन्हें टीएनए पोर्टल पर उपलब्ध वीडियो की सहायता से अपनी विषयगत समझ व शिक्षण दक्षता में सुधार करने का निर्देश दिया गया। एक पेड़ मां के नाम योजना में जिले की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारण कर प्रगति सुनिश्चित करने का डीईओ को निर्देश दिया। कस्तूरबा विद्यालयों में अल्पसंख्यक एवं बीपीएल वर्ग की रिक्त सीटों को 07 दिनों के अंदर भरने हेतु विशेष बैठक एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। सभी प्रखंडों को निर्देशित किया गया कि निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की अद्यतन स्थिति विद्यावाहिनी पोर्टल पर दो दिनों के भीतर अपलोड करें।

दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर में लगे जिओ के टावर से केवल चोरी करते दो चोरों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एसपी को मिली सूचना के बाद की गई है।

इनके पास से टावर से काटा गया 70 मीटर केबल, एक हेक्सा ब्लेड, दो ब्लेड एक चाकू और दो बैटरी भी बरामद किया गया है। इस चोरी की घटना में शामिल प्रकाश कुमार और राहुल कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। जो सेक्टर चार थाना क्षेत्र के थाना के पास झोपड़ी का रहने वाले है।पकड़े गए दोनों कर केवल से कॉपर वायर निकालकर इसको बेचकर नशा करने का काम करते थे।

डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने बताया कि 16-17 जुलाई की रात सूचना मिली थी, नटखट दुकान के पास स्थित जिओ के टावर में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस गई और मौके से दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का सामान बरामद किया।

पंचायत उन्नति सूचकांक पर खूंटी जिला को द्वितीय स्थान

उप विकास आयुक्त हुए सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। होटल बीएनआर चाणक्या में झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित स्पंचायत उन्नति सूचकांक पर राज्य स्तरीय प्रसार कार्यशाला में खूंटी जिला को जिलावार आकलन में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर खूंटी जिले के उप विकास आयुक्त आलोक कुमार को जिले की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पंचायत उन्नति सूचकांक एक समग्र मूल्यांकन उपकरण है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर की संस्थाओं द्वारा स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में की गई प्रगति का आकलन और मापन करना है। इस सूचकांक के माध्यम से पंचायतों की कार्यक्षमता, सेवा वितरण और विकासात्मक पहलों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाता है। खूँटी जिला प्रशासन की इस उपलब्धि से जिले की पंचायत व्यवस्था और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की सुदृढ़ता परिलक्षित होती है।

ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ने हजारीबाग बटालियन का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, हजारीबाग के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एस. गोपिकृष्णन, सेना मेडल, ने 22 झारखंड बटालियन एनसीसी, हजारीबाग का आधिकारिक निरीक्षण दौरा किया। यह मुख्यालय कमांड संभालने के बाद उनका पहली बार बटालियन में आगमन था। उनके आगमन पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा विशेष गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उन्हें पी.आई. स्टाफ तथा सिविल स्टाफ से औपचारिक रूप से परिचित कराया गया।



निरीक्षण के क्रम में ब्रिगेडियर गोपिकृष्णन ने बटालियन के प्रशासनिक कार्यालय, प्रशिक्षण और कैंप स्टोर्स समेत समस्त कार्यालयीन व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने एनसीसी गतिविधियों में सक्रिय और ऊजावान भागीदारी के लिए समस्त स्टाफ की प्रशंसा की। इसके उपरांत उन्होंने बटालियन से संबद्ध संस्था विवेकानंद सेंट्रल हाई स्कूल का भी दौरा किया। वहाँ उनका स्वागत कैडेट्स द्वारा स्वागत गीत से किया गया और प्रधानाचार्य के साथ स्मृति-चिह्नों का आदान-प्रदान हुआ।

उन्होंने कैडेट्स को तीन रगुरु-मंत्रर दिए: सबसे पहले, प्रतिदिन कम से कम 40 मिनट शारीरिक क्षमता बढ़ाने में लगाएँ। दूसरा, हर दिन 2 घंटे ज्ञानवर्धक वेबसाइट या मोबाइल कंटेंट देखने में दें। तीसरा, हर तिमाही परीक्षा में अपने अंक में 10% की वृद्धि का लक्ष्य रखें। उन्होंने स्कूल में स्थित एनसीसी कार्यालय और प्रशिक्षण कक्षा का भी निरीक्षण किया और विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं एएनओ की एनसीसी गतिविधियों के कुशल संचालन और अनुशासित समन्वय के लिए सराहना की।

सीओ के खिलाफ मशाल जुलूस

केरेडारी (हजारीबाग)। मिडिल स्कूल जोरदाग को दूसरे स्थान पर स्थांतरित किए जाने के विरोध में गुरुवार देर शाम जोरदाग के ग्रामीणों और बच्चों के अभिभावकों ने जोरदार मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस जयनारायण महतो के नेतृत्व में बेल चौक से शुरू होकर केरेडारी मुख्य चौक तक पहुंचा, जहां बच्चों के साथ खिलवाड़ बंद करो, सीओ होश में आओ जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि केरेडारी अंचलाधिकारी एकतरफा तरीके से निजी कंपनी के हित में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी सरकारी अधिकारी के बजाय कंपनी के एजेंट की तरह व्यवहार कर रहे हैं और गांव के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में जयनारायण महतो, मानू कुमार पासवान, उज्ज्वल कुमार, प्रमोद कुमार, संतोष महतो, हीरामन महतो, अनिल साव, सिकेन्द्र मुंडा, मनोज साव, प्रकाश महतो, धर्मेंद्र साव, रंजीत रजक, भवानी कुमार, रंजीत कुमार एवं जिला परिषद प्रतिनिधि निरंजन साव समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

विवि में लंबित प्रमोशन की बाधा करें दूर : संघ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झारखंड में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकों के वर्ष 2008 से लंबित प्रमोशन की मांग को लेकर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल संघ के अध्यक्ष डॉ. डीके सिंह और महासचिव डॉ. अमूल्य सुमन बेक के नेतृत्व में उच्चतर और तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव एवं निदेशक से मिलकर प्रमोशन प्रक्रिया में आ रही बाधाओं से अवगत कराया। इसमें आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए आग्रह किया। इस मांग पर दोनों अधिकारियों ने जल्द से जल्द सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

विदित हो कि शिक्षकों के प्रमोशन के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने सीएएस-2010 को वर्ष 2022 में स्वकृत एवं अनुमोदित किया था। जिसके पृष्ठ संख्या 15 में यह प्रावधान किया गया है कि पूर्वव्यापी जानकारी एकत्र करने की कठिनाइयों को दूर करने के लिए और सीएएस-2010 प्रमोशन में 01-01-2009 से इन विनियमों के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए एपीआई आधारित प्रमोशन को पूर्वव्यापी जानकारी को एकत्र करने के लिए इसे उत्तरोत्तर और भावी रूप से लागू किया जाएगा। शिक्षकों के वर्षों से लंबित प्रमोशन के आवेदन को स्क्रूटनी प्रक्रिया पूरी करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित कर वर्ष 2023 में झारखंड लोक सेवा आयोग को प्रस्तुत किया गया था। जिसे जुलाई 2025 मे आयोग ने यह कहते हुए लौटा दिया कि केटेगरी एवं केटेगरी के लिए एपीआई स्कोर से संबंधित दस्तावेज वर्ष 2008 अनुलग्न नही है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि जब प्रमोशन के लिए सीएएस-2010 रेग्युलेशन वर्ष 2022 में आया है तब कोई शिक्षक पीछे की तारीख से इसे कैसे जमा कर सकता है। जबकि इस रेग्युलेशन में यह वर्णित है कि यह उत्तरोत्तर और भावी रूप से लागू होगा। प्रोन्नति नहीं मिलने के कारण विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक न सिर्फ अर्थिक क्षति और मानसिक रूप से परेशान है। उन्होंने कहा कि यह हमारा पहला कदम था आगे अगर विश्वविद्यालय और राज्य सरकार समयबद्ध सकारात्मक उचित निर्णय नही लेती है तो संघ आंदोलन के रणनीति तय करते हुए एक बड़ा आंदोलन करने पर विवश होगी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएस ने किया निरीक्षण

चौपारण (हजारीबाग)। हजारीबाग के सिविल सर्जन अशोक कुमार ने पदभार ग्रहण के बाद पहली बार चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखा, रजिस्टर की जांच की और अस्पताल के हर विभाग का जायजा लिया। सिविल सर्जन ने मेडिकल स्टोर, ओटी, जांच घर, डिलीवरी लेबर रूम सहित सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा।मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि चौपारण अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है, जिसे जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन तो है, लेकिन बिजली की कम पॉवर सप्लाई के कारण मशीन पूरी क्षमता से कार्य नहीं कर पा रही है। अल्ट्रासाउंड सेवा पर जानकारी देते हुए कहा कि डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण फिलहाल अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि जिसका रजिस्ट्रेशन है, वह अल्ट्रासाउंड कर सकता है लेकिन डॉक्टर का होना अनिवार्य है।निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधक साजिया खातून, डीपीएम रविशंकर, चिकित्सा प्रभारी डॉ. फरहाना महफूज, बीपीएम जागेश्वर शर्मा, गणपति झा, सोनू कुमार एवं कौशल सिंह मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने भरोसा दिलाया कि अस्पताल में जहां भी कमियां हैं, उन्हें जल्द दूर कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

स्कूल के मुख्य द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का बोर्ड जरुरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। उपायुक्त बोकारो के आदेशानुसार सिविल सर्जन व जिला शिक्षा पदाधिकारी के संयुक्त निर्देशन में कसमार एवं पेटरवार के सभी +2 स्कूल के प्राचार्य, बीपीओ एवं बीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पेटरवार प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परामर्शी मो0 असलम के द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। जिला परामर्शी ने प्रशिक्षण में आये सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि विद्यालय को तम्बाकू मुक्त रखने के लिये टाफी गाईड लाईन के अनुसार कुल 9 बिन्दुओं पर कार्य करने हैं, जिसमे मुख्यतः सबसे पहले प्राचार्य को यह सुनिश्चित करना है कि स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का दिवार लेखन कर जिस शिक्षण संस्थान के चहार दिवारी से 100 मीटर की दूरी पर ल्मससवू स्पदम (तम्बाकू मुक्त क्षेत्र) अंकित किया जाय और अगर 100 मीटर के दायरे में कोई दुकान है और तम्बाकू उत्पाद की बिक्री कर रहा है ऐसे दुकानों को चिन्हित कर सम्बन्धित थाना प्रभारी को सूचित करें ताकि कोटपा 2003 की धारा 6बी के उल्लंघन करने पर उनका चालान किया जा सके।

नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सुधा सिंह द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण के उपरान्त सभी स्कूल के प्राचार्य टाफी गाईडलाइन का अनुपालन करते हुये स्वयं मूल्यांकन फार्म भर कर कार्यालय में अवश्य जमा करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी एनटीसीपी, छोटेलाल दास एवं कसमार एवं पेटरवार के सभी प्रतिभागी उपस्थित थें।

चेंज ओवर डे 20 को

धनबाद। रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा जीवन ज्योति विशेष विद्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें नवल उपाध्याय ने को बताया कि आगामी 20 जुलाई को रोटरी क्लब ऑफ धनबाद का 79वाँ चेंज ओवर डे का आयोजन किया जाएगा।

सुपरवाइजर को दिया गया एसआईआर -2026 के तहत विशेष प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में अंतिम दिवस के प्रशिक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह के द्वारा प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनरों विजयेंद्र सेठ,बृजेश कुमार गुप्ता ,बद्री नारायण,अरविंद कुमार और आलोक कुमार के द्वारा 32 गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों एवं सुपरवाइजर को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा निदेर्शों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी सुपरवाइजर्स को बूथ लेवल पदाधिकारियो को को गणन प्रपत्र, भवनों का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6 ,7 , 8,घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में सहायता करने के संबंध में विस्तार से बताया गया। ईसीआई द्वारा स्वीकृत 11 तरह के दस्तावेजों की सूची प्रदान की गई। सभी ट्रेनी बूथ लेवल पदाधिकारियों एवं सुपरवाइजर को ट्रेनिंग के उपरांत लाइव रॉल डिमॉन्स्ट्रेशन और फीडबैक सेशन के माध्यम से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। सभी सुपरवाइजर एवं पिछले प्रशिक्षण में छूट गए बूथ लेवल पदाधिकारी को डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन मतदाता सूची देखने और मोबाइल एप के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में रंजीत कुमार वर्मा और अशोक कुमार ने अपना योगदान दिए।

केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

गिरिडीह। झारखंड के गिरिडीह ज़िले में स्थित टुंडी रोड, बरवाडीह के पुराने और एकतरफा रेल ओवरब्रिज की जर्जर स्थिति पर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में गहरी चिंता व्याप्त है। इस संदर्भ में पूर्व रेलवे के सदस्य एवं भाजपा, गिरिडीह ज़िला कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार जालान ने आज केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, अन्नपूर्णा देवी को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह ओवरब्रिज ब्रिटिश कालीन है और विगत कई दशकों से इसकी न तो मरम्मत हुई है, न ही आधुनिकीकरण। वर्तमान में पुल एकतरफा है और गड्ढों व दरारों से क्षतिग्रस्त होकर दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। इस पुल से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिनमें स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ उद्योगों से जुड़े मजदूर, कर्मचारी एवं भारी मालवाहक वाहन भी शामिल हैं। यह पुल गिरिडीह को धनबाद, आसनसोल व कोलकाता जैसे औद्योगिक नगरों से जोड़ता है, जिससे इसकी सामरिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि पुल की कम ऊँचाई के कारण संबंधित रेलवे खंड का विद्युतीकरण कार्य अधर में है, जिससे न केवल रेलवे के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि कोयला चोरी जैसी घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है।

'सावन मिलन' समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। महिला समिति की सदस्यों द्वारा बोकारो क्लब में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समिति की मेंबर्स हरे परिधान में सजी धजी नजर आईं। आयोजन का शुभारंभ अध्यक्ष अनिता तिवारी के आगमन से हुआ। सभी सदस्यों ने तन्मयता से अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार के नेतृत्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई । जिसमें सावन के उपलक्ष्य में कविताएं,गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर 'सावन क्वीन' का भी सर्वसहमति से चुनाव हुआ तथा सुंदर मेंहदी,आकर्षक केश विन्यास वाली सदस्याओं को भी पुरस्कृत किया गया। विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल तथा आयोजनों से कार्यक्रम सुसज्जित रहा। सावन का झूला सजाया गया। नए सदस्यों का स्वागत किया गया। सावन के गीत गाए गए तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस भव्य समारोह का आयोजन सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी की कुशल देखरेख में संपन्न हुआ. महिला समिति के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहाद्'व प्रेम को बढ़ाना तथा साथ ही महिलाओं में समाज सेवा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहित करना था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK